



जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

खेल

## आईसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बने जसप्रीत बुमराह

देश

## उत्तराखंड विधानसभा ने रचा इतिहास : सीएम धामी के नेतृत्व में पास हुआ यूसीसी बिल

कृष्ण पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • गुरूवार • 08 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 59 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 63, 230 | ₹74,500 |



### आज का इतिहास

- 1897 : भारत के तीसरे राष्ट्रपति जाकिर हुसैन का आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में जन्म हुआ।
- 1936 : जवाहरलाल नेहरू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए

### न्यूज बाइट्स

#### ट्रिपल लोडिंग वालों को रोका तो होमगार्ड जवान को उतरकर मारे 12 चाकू

**सीतामढ़ी (नि.सं.)।** सीतामढ़ी शहर में लहेरियाकट बाइकर्स गैंग के चलते भी जाम की समस्या जी का जंजाल बनी है तथा आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मंगलवार दोपहर ट्रिपल लोडिंग वालों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोकने की कोशिशों में होमगार्ड के जवान पर बदमाशों ने कातिलाना हमले कर दिए। होमगार्ड जवान को ताबड़तोड़ 12 बार चाकू मारे गए। बदमाशों का दुस्साहस देखिए नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आंबेडकर चौक पर दिनदहाड़े ये वारदात हुई। ड्यूटी दे रहे रामश्रेष्ठ साह का कहना है कि उन्होंने दो दिन पूर्व इन्हीं युवकों को ट्रिपल लोडिंग जाने से रोका था। मंगलवार रोज दोबारा ट्रिपल लोड़िंग उस रास्ते से गुजर रहे थे। लगता है कि बदले की भावना के चलते ही तीनों उधर पहुंचे थे। तीनों युवक बाइक से उतरे और फिल्मी अंदाज में दनादन चाकू गोदने लगे। लहूलुहान होमगार्ड जवान स्थानीय लोगों से रहम की भीख मांगता रह गया। आखिरकार लोगों को रहा नहीं गया तो तीनों युवकों को पकड़ने की कोशिश की। दो युवक भाग निकले। तीसरा पकड़ा गया तो भीड़ उसपर टूट पड़ी। जमकर पिटाई की। वह भी बुरी तरह जख्मी हो गया। उसको पीट रही उग्र भीड़ को काबू करने की कोशिशों में नगर थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह और पुलिस बल को गुस्से का शिकार होना पड़ा।

#### 11-12 फरवरी को बारिश होने की संभावना

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में कनकनी जारी रहेगी। अगले दो दिन तक प्रदेश में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इसके प्रभाव से कई जिलों में अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की कमी होगी। नतीजा ठंड अभी और सताएगी। मौसम विभाग ने एक बार फिर से प्रदेश के कुछ जिलों में 11 और 12 फरवरी को बारिश होने की संभावनाएं जताई है। इनमें पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल जिले शामिल हैं।

#### हेमंत को फिर 5 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा गया

**रांची (नि.सं.)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कथित जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने बुधवार (7 फरवरी) को भारी सुरक्षा के बीच पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष जज दिनेश राय ने हेमंत सोरेन को फिर पांच दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया है। ईडी ने कोर्ट से 7 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन विशेष जज ने सिर्फ 5 दिन की हिरासत दी। इससे पहले कड़ी सुरक्षा में हेमंत सोरेन को लेकर ईडी के अधिकारी पीएमएलए कोर्ट पहुंचे। कोर्ट परिसर में पहले से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता और कार्यकर्ता हेमंत सोरेन के आने से पहले ही कोर्ट परिसर में पहुंच गए थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेश की 'मोदी 3.0' योजना, कहा

# पांच साल में देश देखेगा बुलेट ट्रेन

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की। जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' देश के विश्वविद्यालय विश्व स्तर के हों ताकि देश के बच्चे यहां पढ़ सकें और उनके परिवार का पैसा बच सके। मोदी ने कहा कि अगले पांच साल में ऐसी कोई खेल स्पर्धा नहीं होगी जिसमें भारत का झंडा नहीं फहरेगा तथा विश्व भर में देश की युवा शक्ति की पहचान अवश्य होगी। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में देश की परिवहन व्यवस्था पूरी तरह रूपांतरित होगी। अगले पांच साल में देश बुलेट ट्रेन भी देखेगा और वंदे भारत ट्रेनों की संख्या में वृद्धि भी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए उनकी सरकार अधिक से अधिक काम करेगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का प्रयोग और नैनो प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने की भी बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी पक्की गारंटी है कि नल से जल योजना, शौचालय बनवाने की योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा, यह सब काम तेजी से जारी रहेंगे क्योंकि विकास की जो दिशा हमने पकड़ी है, उसे किसी भी कीमत पर धीमी नहीं होने देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की राशि जारी रहेगी ताकि वे विकास की यात्रा में ताकत के साथ जुड़ जाएं। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्के मकान देने का सरकार का कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि परिवार बढ़ता है तो उन्हें नया पक्का मकान दिया जाएगा।



### बिजली बनाकर कमाई करेंगे

गरीबों को प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के मकान दिये जाएंगे और एक भी गरीब इससे वंचित नहीं रहे, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा, अगले पांच साल सौर ऊर्जा से बिजली बिल जीरो। यदि ठीक से काम करेंगे तो अपने घर बिजली बनाकर कमाई करेंगे। पूरे देश में पाइप से गैस का नेटवर्क बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। मोदी ने कहा कि आने वाले पांच वर्ष में पूरी दुनिया देश की युवा शक्ति को देखेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के स्टार्ट अप्स और यूनीकार्न की संख्या लाखों में होने वाली है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों में देश से रिकार्ड पेटेंट करवाये जाएंगे।

### आयुष्मान योजना आगे भी जारी रहेगी

राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि परिवार में कोई एक व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो परिवार मध्यम वर्ग से गरीबी में चला जाता है। उन्होंने कहा, हम मुफ्त अनाज देते हैं और देते रहेंगे, चाहे किसी को बुरा लगे। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकले हैं और नव मध्यम वर्ग में आये हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं उस जीवन से निकल कर आया हूं और मुझे मालूम है कि उन्हें इसकी जरूरत है इसलिए यह योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा, मेरी गारंटी है कि गरीबों को इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक की सुविधा आगे भी मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत छूट से मध्यम वर्ग एवं गरीबों को जो दवाएं मिल रही हैं, वह भी जारी रहेंगी।

### डॉक्टरों एवं मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ेगी

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल दूर नहीं है। कुछ लोग इसे 'मोदी 3.0' कहते हैं। मोदी 3.0 विकसित भारत की नींव को मजबूत करने के लिए पूरी शक्ति लगा देगा। उन्होंने कहा, अगले पांच साल तक वह नींव रखी जाएगी जिससे 2047 तक भारत स्वर्णिम युग को छूने लगेगा। मोदी ने कहा कि अगले पांच साल में डॉक्टरों एवं मेडिकल कॉलेजों की संख्या पहले की तुलना में कई गुना बढ़ेगी और इलाज सस्ता एवं सुलभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में हर गरीब के घर में नल से जल पहुंचेगा।

## पीएम नरेंद्र मोदी से चार महीने बाद मिले सीएम नीतीश कुमार, बिहार के विकास सहित कई मुद्दों पर हुई बात

- मुख्यमंत्री लंबे समय से राज्य को विशेष दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। जाति आधारित गणना के बाद 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लाख रुपया देने की राज्य सरकार की योजना के लिए राज्य के सामने धन की जरूरत है।



एजेंसी | नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दिल्ली में पीएम आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले नीतीश कुमार ने चार महीने पहले पिछले साल सितंबर में जी-20 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। राज्य में एनडीए के साथ नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात थी। करीब 30 मिनट तक चली इस मुलाकात के दौरान सीएम और पीएम के बीच बिहार के मौजूदा राजनीतिक हालात और विकास पर चर्चा हुई। सीएम नीतीश कुमार ने इस दौरान पीएम मोदी को एक गुलदस्ता भेंट किया। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार को बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन की बधाई दी। इस पर नीतीश ने उनका आभार व्यक्त किया।

पीएम और सीएम की यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 12 फरवरी को विधानसभा में विश्वास मत का सामना करने से पांच दिन पहले यह बैठक हुई है। वहीं, सीएम नीतीश कुमार दिल्ली में आज गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में कैबिनेट विस्तार और राज्यसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। बिहार में राज्यसभा की छह सीट खाली हो रही हैं, जिनके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। वहीं, 2 दिन पहले बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंह के साथ भी दिल्ली में बैठक की थी। बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि खेला होगा। उन्होंने कहा था कि खेला होना भी बाकी है, हम जो कहते हैं वो करते हैं। इधर, जीतन राम दीमांझी ने भी दावा किया है कि उन्हें इंडी अलायंस की ओर से सीएम पद का ऑफर मिला है।

### सरस्वती पूजा करने के लिए लेना होगा लाइसेंस

**पटना (नि.सं.)।** सरस्वती पूजा करने के लिए लाइसेंस लेना होगा। पूजा के दौरान आपत्तिजनक स्लोगन, कार्टून आदि लगाने पर रोक रहेगी। आतिशबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मूर्ति का विसर्जन कृत्रिम तालाब में होगा। बैठक के दौरान डीएम शीर्षत कपिल अशोक और एसएसपी राजीव मिश्र ने कहा कि बिना लाइसेंस की प्रतिमा और पंडाल की स्थापना, जुलूस निकलने पर संबंधित थानाध्यक्ष की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी। डीएम ने कहा कि सुरक्षा के लिए एसडीओ और एसडीपीओ पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अफसरों और जवानों की प्रतिनियुक्ति करें। शांति समिति की ससमय बैठक कर तैयारियों की मॉनिटरिंग करें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखें। अफवाहों का तत्काल खंडन करें।

नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप का दूसरा दिन

## पहली बार बिहार के 250 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल, 29 राज्यों के प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

निज संवाददाता | पटना

पटना के ज्ञान भवन में 12वीं नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पूरे देश से करीब 1000 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जिसमें अंडर- 7 आयु वर्ग, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17 बालक-बालिका वर्ग और ओपेन वर्ग के प्रतिभागी शामिल हैं। बिहार में पहली बार आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में राज्य के 250 खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य तौर पर पहुंचे प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा कि कम उम्र के बच्चे एक हॉल के नीचे



पार्टिसिपेट कर रहे हैं। इसमें कई राज्यों से स्कूली बच्चे आए हैं। कई ऐसे भी बच्चे हैं, जो अलग-अलग लेवल पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद इस नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने बताया कि बच्चे अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी के साथ यहां खेलने आए हुए हैं। यहां की व्यवस्था को देखकर काफी खुश हैं। परिजनों ने माहौल और व्यवस्था की काफी तारीफ भी की है।

### इनाम की राशि 5 लाख रुपए

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और ऑल बिहार चेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप 10 फरवरी तक चलेगी। विजेताओं को आखिरी दिन पुरस्कृत किया जाएगा। 5 लाख रुपए की इनाम राशि की घोषणा की गई है। इसके अलावा मेडल, ट्रॉफी देकर भी सम्मानित किया जाएगा। जीत हार का फैसला करने के लिए 50 से अधिक निर्णायक मंडलों की टीम भी मौजूद है। प्रत्येक चक्रों में आए अंक के आधार पर जीत हार तय होगी।

### सरकारी स्कूलों में होगी 2301 सहायक और ऑफिस अटेंडेंट की नियुक्ति

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में 2301 सहायक और परिचारी की जल्द नियुक्ति होगी। इसके लिए शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय सहायक के 1172 और परिचारी के 1129 पद को सृजित किया गया है। सृजित पदों में 50 प्रतिशत पद पर अनुकंपा आश्रितों की नियुक्ति होगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत पद पर सीधी नियुक्ति होगी। शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को राजकीयकृत प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उपरोक्त पदों के सृजन के बारे में सभी जिलों को सूचित किया गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी से कहा है कि संबंधित विद्यालयों में राज्य, प्रमंडल और जिला संवर्ग के जिन प्रधानाध्यापक, शिक्षक और कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु हुई है, उनके आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में 50 प्रतिशत पद आरक्षित होंगे।

### 'ननद भौजाई' नुक्कड़ नाटक का हुआ मंचन



निज संवाददाता | खगौल (पटना)

पाटलिपुत्रा नाट्य महोत्सव के जबरदस्त आगाज के बाद तीसरे दिन एकजुट खगौल के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक मंच पर भिखारी ठाकुर लिखित अमन कुमार निर्देशित 'ननद भौजाई' का मंचन किया। नाटक में पारिवारिक रिश्ते और बाल विवाह से उत्पन्न पीड़ादायक परिस्थितियों को दर्शाया गया है। ननद अखजो की शादी बचपन में ही हो जाती है। वह व्यस्क हो कर भी अपने ससुराल से वंचित अपनी समव्यस्क भाभी जो खुद एक बच्चे की मां भी है उसी के साथ रहती है। अखजो की सहेलियां अपने ससुराल से आती हैं, और बड़े ही रस ले - लेकर अपनी बातें बताती हैं। यह सब सुनकर अखजो उदास हो जाती है और अपनी सहेलियों और भाभी के सुखद दाम्पत्य जीवन को देखकर उसे भी अपने ससुराल जाने का मन होता है। भाभी उसकी मनोवस्था को समझती है और कहती है कि मैं इस बारे में तुम्हारे भईया से बात करूंगी।परन्तु सामाजिक परम्परा के अनुसार बिना ससुराल के बुलावे वह भला कैसे जा सकती है.यह सोंच कर ननद अखजो और उसकी भौजाई पेशोपेश में पड़ जाते हैं।इस नाटक में ननद भौजाई के आपसी प्रेम और उनके सौहार्दपूर्ण व्यवहार को बखूबी दर्शाया गया है। भिखारी ठाकुर ने अपने समय में ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को बेटियों के प्रति सामाजिक नज़रिया और मानसिक बदलाव का सन्देश दिया है,जो आज भी प्रासंगिक है।

## शहरी इलाकों में की जाएगी नियोजित शिक्षकों की पोस्टिंग : के.के पाठक

निज संवाददाता | पटना

बिहार के नियोजित शिक्षकों की पोस्टिंग शहरी इलाकों में की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के पाठक ने स्पष्ट कर दिया है कि सक्षमता परीक्षा पास करने बाद नियोजित शिक्षकों को शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में तैनाती की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिलों के कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। पत्र में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि सक्षमता परीक्षा में जो शिक्षक पास होंगे, उनका मेरिट लिस्ट के आधार पर शहरी क्षेत्र में ही पोस्टिंग दी जाएगी। जिला कलेक्टर से स्कूलों में शिक्षकों की कमी से संबंधित जानकारी मांगी



गई है। हर हाल में 29 फरवरी तक डेटा शिक्षा विभाग को भेजनी है।


### 26 फरवरी से होगी परीक्षा

बता दें, बिहार के सभी नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने के लिए ली जाने वाली साक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 फरवरी से जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। शिक्षक अभ्यर्थी प्रवेश पत्र पांच से 16 फरवरी तक डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, बिहार बोर्ड इस परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन मोड में करेगा जो की 26 फरवरी से 13 मार्च तक होगा। रिजल्ट भी मार्च के महीने में जारी कर दिया जाएगा। 26 फरवरी से होने वाली सक्षमता परीक्षा में अब अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है। इनमें पहली से पांचवीं में एक विषय की परीक्षा होगी। छठी से आठवीं में आठ विषयों की परीक्षा होगी।

## अवध बिहारी चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से किया इनकार

निज संवाददाता | पटना

बिहार विधानसभा के स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने दो टूक जवाब देते हुए कहा है वो अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कि मेरे खिलाफ जो अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है उसकी जानकारी मुझे आज मिली है। आगामी बजट सत्र विधानसभा के नियमावली के अनुसार चलाऊंगा। उन्होंने कहा कि हम नियम से बंधे हैं और नियम के अनुसार कार्यवाही होगी। हमारे पद का फैसला सदन के विधायक करेंगे। गौरतलब है कि 12 फरवरी से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू हो रहा है। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्हें पद से हटाने के बाद नीतीश सरकार सदन में विश्वास मत प्राप्त करेगी। हालांकि यह केवल औपचारिकता ही होगी। क्योंकि, सदन में नीतीश



कुमार को पूर्ण बहुमत प्राप्त है। उनके पास 128 विधायकों का समर्थन है। यह बहुमत के 123 के आंकड़े से अधिक है। नयी सरकार को जदयू और भाजपा के अलावा हम और एक निर्दलीय विधायक का भी समर्थन प्राप्त है। जहां भाजपा के 78 और जदयू के 45 विधायक हैं, वहीं हम के चार विधायक है।

बता दें कि 17वें विधानसभा में यह दूसरा अवसर है, जब विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। यह भी पहली बार है जब किसी एक विधानसभा की अवधि में दो बार ऐसा हुआ हो।

### लड़कियों की शिक्षा एक क्रांति है: उप राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली (ए.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र है और परिवर्तन लाती है जहां असमानताएं समाप्त हो जाती हैं, लेकिन लड़कियों की शिक्षा एक क्रांति है जिससे एक युग बदल रहा है। श्री धनखड़ ने यहां इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय के शताब्दी समारोह को संबाधित करते हुए कहा कि उद्योग जगत को शैक्षणिक संस्थानों को संभालने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे उद्योगपति विदेशी निवेशकों को मोटा-मोटा दान देते हैं जिसका प्रयोग देश के खिलाफ भी होता है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को शैक्षणिक संस्थानों, विशेषकर लड़कियों के लिए सीएसआर फंड से उदारतापूर्वक योगदान देना चाहिए।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशन योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, विस्कोमान कॉलेज गोलम्बर के पूरब, पटना -7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 1 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10th
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि: 3 वर्ष योग्यता :10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि: 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) MD (TM) अवधि : 1 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
• एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डा. अजय प्रकाश
सचिव
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
Apply Online: www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसीन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### बैठक में दो गांव के आपसी विवाद को हुआ निपटारा



**नारदीगंज।** प्रखंड के हरनारायणपुर गांव स्थित गढ़ कोरमा मंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक बुधवार को हुई। अध्यक्षता सरपंच नागेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। आयोजित बैठक में हरनारायणपुर व सिकन्दरपुर गांव के बीच उपजे विवाद को निपटारा किया गया। इस बैठक में कहुआरा पंचायत के मुखिया दिनेश कुमार ,झुनाठी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र प्रसाद यादव समेत दोनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। बैठक के दौरान समीक्षा की गई कि हरनारायणपुर गांव के युवक दोषी हैं, उन सभी पर अर्थदंड भी लगाया गया। इसके अलावा दोनों गांव के बीच कई तरह का प्रतिबंध भी लगाकर अनुपालन करने की बात सर्व सम्मति से पारित भी किया गया है। वही सिकन्दरपुर गांव के लोग निर्दोष साबित किया गया। इस बीच दोनों गांवों के बीच शांतिपूर्ण व सद्भाव मौहाल बनाकर रहने की बात कही गई। भविष्य में किसी भी पक्ष से शांति भंग करने पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कार्रवाई करने की स्वतंत्रता दी गई है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र चक्रवर्ती, भगीरथ प्रसाद,किशोरी प्रसाद,श्रवण कुमार कुशवाहा, संतोष कुमार, बीरेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### परिवार नियोजन की सफलता को लेकर अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित नवनिर्मित प्रखण्ड कार्यालय भवन के बीडीओ कक्ष में बुधवार को मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम 24 फरवरी तक चलेगा। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० पंकज कुमार,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रविचंद्र प्रसाद,महिला पर्यवेक्षिका संजू कुमारी,प्रखंड लेखापाल,शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि समेत आशा फैसिलिटेटर समेत अन्य सम्बधित लोगों ने हिस्सा किया। बैठक में मिशन परिवार विकास अभियान अंतर्गत परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा 12 फरवरी से 24 फरवरी तक को सफल बनाने के लिए योजना बनाई गई और अपील किया गया कि अपने स्तर से क्षेत्र में लाभार्थियों को जागरूक करें तथा पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजें। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० पंकज कुमार ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के तहत दंपति संपर्क पखवाड़ा,सारथी रथ द्वारा जागरूकता एवं रैली का आयोजन एवं 12 फरवरी से 24 फरवरी तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा एवं 21 फरवरी को परिवार नियोजन दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दंपति संपर्क पखवाड़ा में आशा द्वारा घर-घर जाकर योग्य दंपति से सर्वे कर उनके परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों एवं बंध्याकरण,नसबंदी के लिए सूची बनाते हुए समुदाय को जागरूक करेंगे और 12 फरवरी से 24 फरवरी तक स्पेशल कैंप लगाकर पुरुष नसबंदी और बंध्याकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार चाँद ने सभी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों के साथ परिवार नियोजन पखवाड़ा के सफल संचालन हेतु बैठक करने को निर्देशित किया। साथ ही प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक को ग्रामीण स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दिन सास,बहू,बेटी सम्मेलन एवं जीविका तथा शिक्षा विभाग द्वारा 12 फरवरी को रैली निकालना एवं पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने उपस्थित आशा फैसिलिटेटर एवं महिला पर्यवेक्षक को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बीडीओ ने सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से परिवार नियोजन पखवाड़ा में अपेक्षाकृत सहयोग देकर मिशन को सफल बनाने की अपील की।

### हिट एंड रन कानून के नाम पर उपद्रव मचाने वाले एक आरोपी एवं एक अस्थाई वारंटी गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के एनएच 20 पर हिट एंड रन कानून के नाम पर बीते 11 जनवरी को जमकर उपद्रव मचाने वाले 34 आरोपितों में से एक और आरोपित को चौथा ग्राम से गिरफ्तार किया गया।वहीं बीजवन गांव से एक अस्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया।ज्ञात हो कि पुलिस पर पथराव को लेकर त्वरित कार्रवाई में नामजद अभियुक्तों में 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी पूर्व में ही की जा चुकी है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि हिट एंड कानून के नाम पर कुछ लोगों के द्वारा पुलिस व प्रशासन पर रोड़ेबाजी की गई थी।जिससे थाने की बोलेरो वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी और पुलिस प्रशासन बाल-बाल बच गए थे।जिसके कारण अंचलाधिकारी रश्मि प्रिया ने पुलिस प्रशासन पर हमला करने वाले 9 लोगों को नामित करते हुए 34 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि दर्ज प्राथमिक के आधार पर 6 लोगों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।वहीं मंगलवार को एसआई गौतम कुमार के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान चौथा ग्राम निवासी स्व जगदेव प्रसाद के पुत्र जितेन्द्र कुमार के रूप में हुई है।वहीं अस्थाई वारंटी बीजवन गांव निवासी केशो महतो के पुत्र उपेन्द्र प्रसाद को एसआई अजय कुमार ने गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों गिरफ्तार लोगों को बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### इंटरमीडिएट परीक्षा के छठे दिन एक भी निष्कासित नहीं

**नवादा।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 के छठे दिन जिले के सभी 37 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में 22160 परीक्षार्थियों के बदले 21889 उपस्थित रहे एवं 271 अनुपस्थित पाये गए। द्वितीय पाली में 11526 परीक्षार्थियों के बदले 11313 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 213 अनुपस्थित पाये गए। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संचालित हो रही है। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 शांतिमय एवं कदाचारमुक्त वातावरण में चल रही है। दोनों पालियों में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया । विभिन्न केन्द्रों पर जोनल दंडाधिकारी, सुपर जोनल दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा, रजौली तथा एसडीपीओ के द्वारा लगातार निगरानी किया गया। जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि केन्द्रों पर मुन्ना भाईयों पर पैनी नजर बनाये रखें।

### विधान पार्षद रामबली सिंह की सदस्यता रद्द पर तैलिक समाज हर्ष

**बेगूसराय।** बिहार में तेली साहु समाज को अति पिछड़ा वर्ग से बाहर किये जाने का लगातार अभियान चला रहे विधान पार्षद रामबली सिंह की सदस्यता रद्द किये जाने का तैलिक वैश्य संघ ने स्वागत किया है। परिषद् के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने तत्कालीन सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक के आवेदन पर मंगलवार को यह कारवाई की है। तैलिक वैश्य संघ के अनुशासन समिति संयोजक पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि यह तेली साहु समाज के संगठन शक्ति और संघर्ष की जीत है। बिहार में जाति आधारित गणना,2023 की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में तेली की आबादी 2.81प्रतिशत है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में यह सामने आ चुका है कि तेली जाति आज भी विकास के दौर में काफी पीछे है। अप्रैल, 2015 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य आयोग की अनुशंसा के आलोक में, बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की सूची में तेली जाति को शामिल करने का फैसला लिया था।

# निर्वाचन कार्य को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**सभी मतदान केन्द्रों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायें**

निज संवाददाता। नवादा



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला निबंधन-सह-परामर्श केन्द्र में आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने मतदान केन्द्रों का लागातार निरीक्षण करें। मतदान केन्द्रों तक सम्पर्क पथ तथा गाड़ियों का मार्ग के बारे में प्रतिवेदन दें। जिले में मतदान शांतिपूर्ण तथा भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न होगा, इसका मैसेज सभी मतदाताओं को अवश्य देना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के पूर्व मतदान के दिन तथा मतदान के बाद होने वाली सारी प्रक्रियाओं को विस्तृत ढ़ंग से बताया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में पीसीसीपी नहीं रहेगा। इसलिए सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका बढ़ जाती है। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से लोक सभा आम निर्वाचन से संबंधित विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को कर्तव्य और दायित्व का बोध कराया गया। एक सेक्टर पदाधिकारी के अन्तर्गत 10 से 12 मतदान केन्द्र रहेगा। रजौली अनुमंडल में 113 और नवादा अनुमंडल में 115 कुल 228 सेक्टर पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके तहत रजौली -12, सिरदला-17, मेसकौर-19, अकबरपुर-21, रोह-20, गोविन्दपुर-12, नवादा-28, नारदीगंज-15, वारिसलीगंज-18, पकरीबरावां-19, कौआकोल-13, काशीचक -10 और हिसुआ-12 सेक्टर पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का ससमय अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। ईवीएम के संचालन तथा प्रतिष्ठापन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन कार्यो को सभी पदाधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उत्साह के वातावरण में त्योहार जैसा कार्य करें। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों पर सम्पर्क पथ को बेहतर करने का निर्देश दिया। जिले के सभी 1795 मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, रैम्प, शौचालय आदि को सुव्यवस्थित किया गया है। 1500 मतदाता पर एक मतदान केन्द्र बना है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व और कर्तव्य का निर्वहन करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को मतदान के पहले, मतदान के दिन तथा मतदान के बाद के कार्यो पर विस्तृत जानकारी दिया। स्वीप के माध्यम से सभी मतदान केन्द्रों पर शत्-प्रतिशत मतदान सम्पन्न कराने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ रात्रि में मतदान केन्द्रों पर विश्राम करेंगे। निर्वाचन आयोग का थीम है- ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।'' युवक, युवतियां और महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा वोट करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि सभी अधिकारी एलेक्सन मोड में काम करें। उन्होंने कहा कि सात थाना बोर्डर पर है, जिसमें सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि लागातार निगरानी करना सुनिश्चित करें। काफी संख्या में बाहर से सीआरपीएफ आदि फोर्स आयेंगे जिनके आवासन की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा किया। सभी चेक पोस्ट और बैरियर बनाने का निर्देश दिया । जिला भूअर्जन पदाधिकारी श्रीमती अनुपम सिंह ने इसीआई के गाइड लाईन को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी को कहा कि स्वच्छ और निष्पक्ष रहकर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को उत्साह के साथ कार्य करने के लिए कहा ।मतदान करने से रोकने वाले असमाजिक तत्वों पर सख्ती से निपटा जायेगा। अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों पर लागातार निरीक्षण करेंगे। सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी भी अपने स्तर से विभिन्न कोषांगों का गठन करना सुनिश्चित करेंगे। कुल मतदान केन्द्रों का लोकेशन की संख्या, 235 रजौली- 218, 236 हिसुआ- 275, 237 नवादा- 212, 238 गोविन्दपुर- 219, 239 वारिसलीगंज-243 कुल जिले में 1795 मतदान केन्द्र हैं। 170 वरविगहा में मतदान केन्द्रों की संख्या 179 है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, रजौली, वरीय उप समाहर्त्ता, डीपीआरओ, वरीय कोषागार पदाधिकारी, एसडीपीओ, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# संगीतमय विदाई पाकर भावविह्वल हुए मॉडर्न के बारहवीं के छात्र

**विद्यालय से प्राप्त ज्ञान और अनुशासन के बल पर जीवन में सफल हों छात्रः डॉ अनुज**

निज संवाददाता। नवादा




मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर में बारहवीं की पढाई पूरी कर चुके छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष एवं प्रखर शिक्षाविद डॉ.अनुज कुमार, विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास, उप प्राचार्य मिथिलेश विजय एवं वरिष्ठ शिक्षक धर्मवीर सिन्हा ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों प्रज्ञा, गरिमा, रौशनी, रिषिका, प्रेरणा, शुभकामना, रिमझिम, मानसी, स्नेहा, कुन्दन एवं हर्ष आदि नें विभिन्न फिल्मी और लोकप्रिय गीतों पर गायन और नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनोरंजन किया। इस दौरान विद्यालय में बिताए गए लम्हों को यादकर विद्यार्थी भावुक होते रहे। कार्यक्रम के दौरान बारहवीं के तीन विद्यार्थियों रौनक, प्रिया एवं तनिषा पंडित को बेस्ट परफॉरमर अवार्ड दिया गया तो वहीं विद्यालय में नर्सरी से बारहवीं तक पढाई पूरी करने वाले विद्यार्थियों आकाश भारती, प्रेम कुमार, नीरज कुमार, अंशु भारती, स्वाति पटियाला, सृष्टि, सुषमा, प्रज्ञा, मिशिका एवं निशा को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ऋषभ, रिशू, अर्णव एवं तेजस ने अपने मनमोहक अंदाज में मंच संचालन कर उपस्थित सभी लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। अंत में निदेशक डॉ अनुज ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय से भले ही आज आपलोग विदा हो रहे हैं मगर विद्यालय परिवार उनके जीवन में हर कदम पर साथ है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी कडी मेहनत करने, चुनौतियों से नहीं घबराने और एक बेहतरीन और जिम्मेदार इंसान बनने की नसीहत दी। बारहवीं के शिक्षकों धर्मवीर सिन्हा, अभय कुमार, संतोष कुमार, पवन कुमार सिन्हा, मुर्तजा आलम एवं इमरान आलम ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगीत शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, पवन सिन्हा एवं अनिल विश्वकर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त खेल प्रशिक्षक अलखदेव प्रसाद, राकेश कुमार एवं कुंती नगर शाखा के सभी शिक्षक और हज़ारों विद्यार्थी मौजूद थे।

### श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने दो होटलों में छापेमारी कर दो बाल श्रमिकों को कराया मुक्त,प्राथमिकी दर्ज



निज संवाददाता। रजौली

थाना क्षेत्र के बाईपास स्थित दो होटलों मनपसंद होटल एवं विनोद होटल में बुधवार को श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने छापेमारी कर दो बाल मजदूरों को मुक्त कराया। इस दौरान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रजौली के रामप्यारे लाल,रोह के रवि प्रकाश एवं नरहट के चन्दन कुमार मौजूद रहे।श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने कहा कि रूटीन वर्क के दौरान रजौली में बुधवार को विभिन्न होटलों में छापेमारी की गई।इस दौरान बाईपास स्थित मनपसंद होटल एवं विनोद होटल से एक-एक बाल मजदूर को बरामद किया गया।जिसके बाद दोनों होटल संचालक के विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।साथ ही कहा कि दोनों होटलों से विमुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को मुख्यमंत्री राहत कोष के द्वारा 25-25 हजार रुपए की राशि उनके बेहतर भविष्य हेतु एफ़डी कराया जाएगा।वहीं होटल संचालक के विरुद्ध 20 हजार से 50 हजार रुपए का जुर्माना किये जाने की बात कही है।साथ ही कहा कि यदि होटल संचालकों के द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया जाएगा तो उनके विरुद्ध विधि संवत उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी ने कहा कि विमुक्त बाल श्रमिकों को नवादा के बुधौल स्थित चाइल्ड वेलफेयर कमिटी को सुपुर्द किया गया है।वहीं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के द्वारा की गई छापेमारी से बाल मजदूरी करवा रहे विभिन्न होटल संचालक में हड़कंप मच गया है।

### 30 दिवसीय सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



निज संवाददाता। कौआकोल

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट ललित कुमार के दिशा-निर्देश पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत बी लाइव गारमेंट्स संस्थान के माध्यम से 32 वीं वाहिनी ई समवाय कौआकोल के द्वारा 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि चंद्रजीत,द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा किया गया। उन्होंने उद्घाटन के बाद प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की तथा उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण,महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस प्रशिक्षण में 25 महिलाओं/बालिकाओं ने भाग लिए। कार्यक्रम में 32 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों के अलावे ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,समवाय कमांडर उप निरीक्षक गोपाल सिंह,विपिन कुमार आर्या आदि मौजूद थे। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण पाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार कर सकती हैं।

### योजना चयन को ले ग्राम सभा में पंचायत के सर्वांगीण विकास पर चर्चा और जीपीएफटी कमिटी का हुआ गठन

निज संवाददाता। बेगुसराय




प्रखंड के सभी पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर के आदेश पंचायती राज पदाधिकारी नीतीश कुमार और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से क्रमवार ग्राम सभा कर पंचायत के सर्वांगीण विकास पर चर्चा और जीपीएफटी कमिटी का गठन किया जा रहा हे।इसी कड़ी में आज पंचायत भीठसारी भगवानपुर में ग्राम पंचायत योजना सहायता दल (जीपिपीफटी) का गठन किया गया।।बताते चले की जीपीपिएफटी की स्थापना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा की गई हे,यह टीम पंचायत की योजनाओं को विकसित करने में मदद करने के लिए एक महत्पूर्ण संसाधन हे।यह टीम ग्राम पंचायत के सदस्यों, अधिकारियों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों से बनी होती है।यह टीम ग्राम पंचायत को उनकी पंचवर्षीय योजना के उद्देश्यों, लक्ष्यों, प्राथमिकताओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों को विकसित करने में मदद करती है।यह टीम ग्राम पंचायत को उनकी पंचवर्षीय योजना को लागू करने में भी मदद करती है। इसकी की स्थापना का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को उनकी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से विकसित करने और लागू करने में मदद करना है।इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु भीठ सारी पंचायत के मुखिया सरस्वती देवी की अध्यक्षता में भीठ सारी में मुखिया सरस्वती देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई और ग्रामपंचायत योजना सहायता दल का गठन किया गया।सभी जगह इस ग्राम सभा में पंचायत के सभी वार्ड सदस्य व पंचायत के कर्मी शामिल थे। इस अवसर पर पिरामल के ऐष्वर्य कुमार,दीपक कुमार द्वारा ग्राम सभा के संबंध में जानकारी दी गई तथा लोगों से योजनाओं की मांग की गई। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि पंचायत का सर्वांगीण विकास ही एकमात्र उद्देश्य है। ग्राम सभा के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष हेतु ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत कार्यक्रम का चयन करने को कहा गया। साथ ही पंचायत में सतत विकास के निगरानी और संचालन के लिय गिपिफटी का हर महीने बैठक करने को कहा।मौके पर पंचायत के ग्रामीणों सहित पंचायत सचिव ,स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ,महिला प्रवेक्षिका, प्रधानाध्यापक,शिक्षक , पीओ मनरेगा,सेविका ,आशा ,सेविका उपस्थित हुए।

### सिमरिया की माटी के लाल लोकगायक बलराम कुंवर की 98वीं जयंती

**बेगुसराय।** मंगलवार संध्या को दिनकर पुस्तकालय, सिमरिया के तत्वावधान में मनाई गई। इस अवसर पर भगवतीस्थान धर्मशाला, सिमरिया में गीत-संगीत संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन के शुरुआत में बलराम कुंवर के चित्र पर पुष्पांजलि के पश्चात पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह ने कहा कि पुस्तकालय क्षेत्र के साहित्यिक-सांस्कृतिक विरासत को संजोने में लगा हुआ है। इसी क्रम में विभिन्न रेडियो स्टेशनों में अपने लोकगीत को प्रस्तुत करने वाले बलराम कुंवर को याद किया जा रहा है। ग्रामीण बुद्धिजीवी राधारमण राय ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बलराम कुंवर सिमरिया के सांस्कृतिक इतिहास में आधार स्तंभ की तरह हैं। वह गांव में बराबर अपने लोकगीत की प्रस्तुति देते रहते थे। उन्होंने नौकरी करते हुए भी अपनी संगीत साधना को नहीं छोड़ा था। इस अवसर पर राजेंद्र राय नेताजी और नाट्य निर्देशक विश्वनाथ पोद्दार ने भी अपना संस्मरण सुनाया। लोक गायक बलराम कुंवर की जयंती पर आयोजित गीत-संगीत संध्या में गायक आनंद कुमार और बलिराम बिहारी ने उनकी रचना मोहे सूनी रे मड़ैया से डर लागे और कोयली के बचवा सितुलिया के दुगो जामुन गिराओ सुनाया तो श्रोता देर तक तालियां बजाते रहे।

### सुरक्षा के आभाव में नेपाल का एक टेक्नीशियन गम्भीर रूप से घायल,रेफर



निज संवाददाता। रजौली

निर्माणाधीन कोडरमा-तिलैया रेलखण्ड में नेपाल के एक टेक्नीशियन सुरक्षा के अभाव में पत्थर गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायलों को सहकर्मियों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ सतीश चन्द्र सिन्हा ने कहा कि बुधवार की सुबह नेपाल के एक घायल व्यक्ति को अस्पताल लाया गया।जिसकी पहचान नेपाल के छवि राज के पुत्र धर्मराज कुमार के रूप में हुई है।घायल के सिर एवं पैर में गम्भीर चोटें आई थी।जिसका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया है।वहीं घायल के साथ मौजूद रहे सहकर्मियों ने कुछ भी बताने से कतराते नजर आए।वहीं काफी पूछे जाने पर कहा कि वे पहाड़ों को काटकर रेलवे लाइन बिछाने का कार्य कर रहे हैं।इसी बीच एक बड़े पत्थर के गिरने से कार्यरत कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।जिसका प्राथमिक इलाज के बाद नवादा रेफर कर दिया गया है।


**मालदा मंडल में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के चलते ट्रेनों का नियंत्रण**

सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के लिए, मालदा मंडल के तीनपहाड़ जंक्शन और राजमहल स्टेशनों के बीच **दिनांक 09.02.2024 (शुक्रवार) को 05 घंटों (सुबह 7.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक)** के लिए **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी तथा भागलपुर-दुमका खंड में बारापलासी एवं दुमका स्टेशनों के बीच **दिनांक 11.02.2024 (रविवार) को 05 घंटों (सुबह 8.15 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक)** के लिए **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके परिणामस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गयी है: ● **पुनर्निर्धारण : 03467 तीनपहाड़-राजमहल एक्सप्रेस स्पेशल** (यात्रा शुरू की तारीख 09.02.2024) **140 मिनट** के लिए पुनर्निर्धारित होगी अर्थात यह ट्रेन तीनपहाड़ से सुबह 9.50 बजे के बदले दोपहर **12.10 बजे** छूटेगी। ● **मार्ग परिवर्तन :** (1) **13016 जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 11.02.2024) भागलपुर-साहिबगंज-गुमानी-रामपुरहाट होकर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। (2) **03457 दुमका-हंसडीहा डीईएमयू स्पेशल** (यात्रा शुरू की तारीख 11.02.2024) मोहनपुर-हरलाटांड़-हंसडीहा होकर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। (3) **03112 गोड्डा-सियालदह एमईएमयू स्पेशल** (यात्रा शुरू की तारीख 11.02.2024) हंसडीहा-हरलाटांड़-मोहनपुर होकर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway Eastern Railway Headquarter

## संक्षिप्त समाचार

### कबाड़ी की दुकान में लगी भीषण आग-6 दमकल ने कड़ी मशक्त के बाद पाया काबू, लाखों का नुकसान



**हाजीपुर (वैशाली) , एजेंसी।** वैशाली के भगवानपुर में एक कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई है। जिससे कबाड़ी दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। वहीं, आग लगने से लाखों की क्षति होने का अनुमान है। आग इतनी भयावह है कि उसपर काबू पाने के लिए दमकल की 6 गाड़ियों को कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर अड्डा चौक रतनपुरा ओवरब्रिज के पास की है। बताया जा रहा है कि ओवरब्रिज के पास मुकेश कुमार साह के कबाड़ी का दुकान है जो बंद था। लेकिन देर रात दुकान से आग की लपटें निकलने लगी। जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना भगवानपुर थाने की पुलिस को दी। जिसके बाद भगवानपुर थाना ने हाजीपुर, गोरौल, बेलसर, से 6 दमकल को बुलाया और मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गए। आग इतनी भीषण थी कि उसपर काबू पाने में दमकल कर्मियों को घंटों मशक्कत करना पड़ा तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका है।

### बीएयू में किसान मेल 17 से

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय में 17 से 19 फरवरी तक किसान मेला आयोजित किया जाना है। हर वर्ष की तरह इस बार भी इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के किसान पहुंचेंगे। मेला में बीएयू द्वारा विकसित किये गये नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन, विभिन्न प्रकार के बीजों, पौध सामग्री का प्रदर्शन एवं विपणन, किसानों द्वारा तैयार किये गये गुणसंवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी तथा विपणन, बागवानी एवं पशुओं की प्रदर्शनी, कृषि उपादानों की प्रदर्शनी तथा विपणन, किसान गोष्ठी, कृषि ज्ञान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें प्रगितिशील किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा। निदेशक प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा यह आयोजित किया जा रहा है।

### छात्रा ने कर्मचारी पर रुपये लेने की शिकायत की

**भागलपुर , एजेंसी।** टीएमबीयू के एक कर्मचारी द्वारा रिश्वत लेते हुये वायरल वीडियो की घटना के बाद एक नया मामला आया है। इसमें एक छात्रा ने कागजात के बदले परीक्षा विभाग के एक कर्मचारी पर एक हजार रुपए वसूलने का आरोप लगाया है। छात्रा ने लिखित शिकायत विवि प्रशासन से की है। शिकायत के बाद कुलपति ने संबंधित कर्मचारी को शोकॉज करने को कहा है लेकिन इसकी फाइल कुलसचिव कार्यालय में पड़ी हुई है। विवि में छात्रों से प्रामणपत्र के बदले पैसे लेने की दूसरी घटना हो गई है। हालांकि उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब जिस कर्मचारी पर आरोप लगा है वह भी परीक्षा विभाग में कार्यरत है। छात्रा ने उस पर सर्टिफिकेट के लिए एक हजार रुपए लेने का आरोप लगाया था। परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद कुमार झा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में कार्रवाई के लिये प्रक्रिया करते हुये फाइल बढ़ा दी है। वहीं कुलपति डॉ. जवाहर लाल ने भी कर्मचारी को पहले शोकॉज करने का निर्देश दिया ताकि इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा सके, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपये देगी बिहार सरकार, नीतीश कैबिनेट से 14 एजेंडों को मंजूरी

**पटना , एजेंसी।** बिहार सरकार इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपये देने वाली है। सभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को बीटेक के सातवें सेमेस्टर में यह प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में 14 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। नीतीश कैबिनेट ने 2165 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की योजना को भी मंजूरी दी है। इसके लिए 6010 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बिहार में एनडीए सरकार के गठन के बाद कैबिनेट की यह दूसरी और मंत्रियों के बंटवारे के बाद पहली बैठक है। इससे पहले हुई कैबिनेट मीटिंग में चार एजेंडों पर मुहर लगाई गई थी।

### कार्यालय परिचारी पद के 3.47 लाख आवेदकों का परीक्षा शुल्क माफ

मंत्रिमंडल ने विज्ञान प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यालय परिचारी के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए 2022 में निकाले गए विज्ञापन के लिए परीक्षा शुल्क माफ कर दिया गया है। राज्य सरकार ने 14 करोड़ 92 लाख शुल्क की राशि माफी का निर्णय लिया है। इसका लाभ 3,46,777 आवेदकों को होगा। अब आवेदक इस परीक्षा में बगैर परीक्षा शुल्क दिये ही शामिल हो सकेंगे।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि विज्ञान प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 02/2022 के तहत कार्यालय परिचारी के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। आवेदकों से इस संबंध में कियी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया गया था। अब कैबिनेट ने परीक्षा शुल्क माफ करने के विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

### 2165 पंचायत सरकार भवन बनेंगे, 60.10 अरब मंजूर

सूबे में 2165 नए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण होगा। इनके निर्माण पर 60 अरब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पंचायती राज विभाग के 2165 पंचायत सरकार भवन के निर्माण के प्रस्ताव को सहमति दी गयी है। इनमें 1082 पंचायत सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जबकि 1083 भवन सामान्य क्षेत्रों में बनेंगे। दरअसल, 8053 ग्राम पंचायतों में से अबतक 4236 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इसी क्रम में 2165 ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण को मंजूरी दी गयी।



### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए 140 करोड़

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस (रैम्प), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के क्षमतावर्द्धन एवं कोविड वैश्विक महामारी के कारण उन पर पड़े दुष्प्रभावों को कम करने के लिए 140.74 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल सेक्टर योजना रैंप के तहत वर्ष 2023-24 से 2026-27 के लिए यह राशि स्वीकृत की गयी है। साथ ही 214 संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी है।

### इंजीनियरिंग कालेज के बीटेक छात्रों को 10 हजार प्रोत्साहन राशि

राज्य के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकार ने इंटर्नशिप नीति स्वीकृत की है। विज्ञान प्रावैधिकी व तकनीकी शिक्षा विभाग की इस नीति के तहत बीटेक (चार वर्षीय) पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को सातवें सेमेस्टर में 10 हजार प्रोत्साहन राशि मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार की संचालित परियोजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा।

## खाता धारकों के ब्योरा के लिए चार बैंकों को भेजा पत्र

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** फर्जी वीजा पर बेरोजगरों को उज्बेकिस्तान भेजने वाले रैकेट के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी मामले में चार बैंक खाता धारकों का पूरा ब्योरा लिया जा रहा है। ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस ने इस संबंध में पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक को खाता धारकों का ब्योरा के लिए पत्र भेजा है। प्रारंभिक जांच में मुजफ्फरपुर से दिल्ली तक रैकेट जुड़े होने की बात सामने आई है। जॉब के लिए उज्बेकिस्तान भेजने के नाम पर ठगी के शिकार हुए 35 बेरोजगार युवकों ने ब्रह्मपुरा थाना में कंसल्टेंसी से दिए गए फर्जी वीजा व फ्लाइट की टिकट जमा कराई है। सभी शिकायतों को पहले से दर्ज एफआईआर में जांच के लिए टैग कर लिया गया है। ब्रह्मपुरा के प्रभारी थानाध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया कि ठगी के शिकार युवकों से चार अलग-अलग बैंक खातों में रुपए मंगाए गए थे, जिनमें सरूज कुमार, राज आनंद, रोहित कुमार और सिद्धार्थ कुमार सिंह के नाम के बैंक अकाउंट हैं। सभी खाता धारकों के पिता और पूर्ण पता की जानकारी बैंक से मांगी गई है। इन लोगों ने और किन-किन बैंक खातों से लेन-देन की है, इसकी जांच भी की जायेगी। बैंक खातों को किन मोबाइल नंबरों से संचालित किया जा रहा है, यह भी बैंक से मांगा गया है। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं ने अलग-अलग तीन मोबाइल नंबर बताए हैं, जिनसे कंसल्टेंसी संचालकों ने उनसे संपर्क किया और बातचीत हुई। इन तीनों मोबाइल नंबर के धारकों का ब्योरा और कॉल डिटेल लेने के लिए भी मोबाइल कंपनी को ई-मेल किया गया है। स्थानीय कार्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी का फुटेज भी देखा जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि ठगी के इस रैकेट में कौन-कौन स्थानीय आते-जाते रहे हैं।

# भोजपुरी-मैथिली समेत 7 भाषाओं में इसी सत्र से पढ़ेंगे स्कूली बच्चे, शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

**पटना , एजेंसी।** बिहार के स्कूलों में इसी सत्र से भोजपुरी, मगही, मैथिली समेत सात भाषाओं में पढ़ाई शुरू होने वाली है। पहली से पांचवीं कक्षा के बच्चों के लिए इन भाषाओं में स्टोरी टेलिंग मटेरियल तैयार किया जा रहा है। सूबे की स्थानीय भाषाओं में भाषा और सामाजिक विज्ञान का स्टोरी टेलिंग मटेरियल बनाया जा रहा है। अलग-अलग भाषाओं में टीचर्स हैंडबुक भी तैयार हो रही है। राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद ने 2024-25 सत्र से इसे शुरू करने का निर्देश दिया है। शिक्षकों को इसके लिए अलग से ट्रेनिंग भी दी जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा भाषा तथा सामाजिक विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता के विकास के लिए बिहार की स्थानीय भाषाओं में स्टोरी टेलिंग मटेरियल तैयार किया जा रहा है। इसके लिए कार्यशाला का आयोजन राज्य स्तर पर किया गया है। इसमें अलग-अलग टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के व्याख्याता और शिक्षकों का साधनसेवी के रूप में चयन किया गया है।

### शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे, कार्यशाला में मिलेगी ट्रेनिंग

डीईओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि सूबे के जिस इलाके में जिस तरह की भाषा बोली जाती है और स्कूल में किस स्थानीय भाषा के बच्चे आ रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया जा रहा है। इन भाषाओं में संबंधित शिक्षक किस तरह बच्चों को पढ़ाएंगे, इसे लेकर कार्यशाला में ट्रेनिंग मिलेगी। एक्सपर्ट गोपाल फलक ने बताया कि हर पाठ एक स्टोरी से जोड़ कर तैयार किया जा रहा, जिससे बच्चे आसानी से समझ सकेंगे। स्थानीय भाषा और शब्दों के चयन का काम पूरा हो चुका है। अलग-अलग जिलों से अलग-अलग भाषाओं के लिए शिक्षकों की टीम बनाई गई है।



**इन भाषाओं में तैयार हो रहा स्टोरी टेलिंग मटेरियल :** मैथिली, बांग्ला, उर्दू, हिंदी, भोजपुरी, मगही और अंग्रेजी।



## प्रधानाध्यापक शराब के नशे में पकड़े गए

### बोले- नहीं पी है शराब, ब्लड प्रेशर की खाई थी दवा, परिजनों ने किया हंगामा

**नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया के खगड़ा पंचायत के बोड़वा गांवके मध्य विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार झाको परबत्ता पुलिस ने शराब के नशे में स्कूल से गिरफ्तार किया है। प्राचार्य को शराब के नशे में झूमते देख छात्र व छात्रा के परिजन स्कूल पहुंचे और हंगामा करने लगे। इसकी सूचना बीडीओ को दी गई। नवगछिया बीडीओ गोपाल कृष्णा नेमौके पर पहुंच कर लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया। फिर परबत्ता पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राचार्य को हिरासत में लेकर थाने लाई। प्राचार्य की ब्रेथएनलाइजर से जांच की गई। थानाध्यक्ष शंभूकुमार ने बताया कि जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। प्राचार्य को हिरासत में लिया गया। मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्जकी जाएगी। प्राचार्य का अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में मेडिकल जांच करवाया गया।

**शराब पीने का आरोप गलत** : उधर, प्राचार्य ने शराब नहीं पीने की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि ब्लडप्रेशर की दवा ली थी। जिसके चलते नींद आ गई थी। ग्रामीणों की ओर से लगाया गया शराब पीने का आरोप निराधार है। कुछ दिनपूर्व स्कूल के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट के लिएगांव के लोग चंदा मांगने आए थे। चंदा नहीं देने पर लोग नाराज हो गए थे। इसलिए झूठाआरोप लगा रहे हैं। बीडीओ ने हंगामें की सूचना थाने को दी गई थी। नवगछिया प्रखंड विकास पदाधिकारीगोपाल कृष्ण का कहना है कि विद्यालयमें हंगामे की सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद लोगों कोसमझा बुझाकर शांत करवाया गया।ताकि विधि व्यवस्था कायम रहे। हंगामे की जानकारी थाने को दी गई थी।थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचकर प्रधानाध्यापक को हिरासत में ले लिए हैं।

# शराबबंदी वाले बिहार में 1 करोड़ की अंग्रेजी दारू जब्त, तस्करी का तरीका देख पुलिस हुई दंग



**हाजीपुर , एजेंसी।** बिहार के हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के नाईपर के समीप से मंगलवार की सुबह औद्योगिक थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ की शराब बरामद की। मंगलवार की सुबह हुई इस कार्रवाई में एक 14 चक्का ट्रक से 946 कार्टन विदेशी शराब पुलिस ने जब्त की है। बरामद हुई शराब मूंगफली के भरे बोरे के पीछे छिपा कर रखी गई थी। धंधेबाजों के द्वारा शराब की तस्करी करने का यह अंदाज देख पुलिस भी हैरान हो गई। गुप्त सूचना पर की गई इस कार्रवाई के बाद पुलिस मौके से गिरफ्तार किए गए ट्रक के चालक और खलासी पूछताछ में डिटेल जुटाने में लगी है।

पुलिस शराब माफियाओं तक पहुंचने की कोशिश में है। पकड़े लोगों में ट्रक चालक गुरमीत सिंह और बलदेव सिंह दोनों राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पूछताछ के दौरान बताया कि हमलोगों को अचानक बुलाया गया। कहा गया कि ट्रक का चालक अचानक कहीं बाहर चला गया है। इस ट्रक पर मुंगफली लदी है। इसको हाजीपुर के औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचाना है।

मुझे पता होता कि इस गाड़ी पर शराब लदी है तो मैं गाड़ी लेकर आता ही नहीं। इस संबंध में औद्योगिक थाने के अवर निरीक्षक अनिल पांडेय ने बताया कि पटना मद्य निषेध विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि औद्योगिक थाना क्षेत्र में शराब की एक बड़ी खेप लाई गई है। सूचना मिलते ही पटना मद्य निषेध की टीम औद्योगिक थाना पर पहुंची। औद्योगिक थाना प्रभारी को टीम ने इस मामले की जानकारी दी। इसके बाद पटना मद्य निषेध की टीम एवं औद्योगिक थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की और थाना क्षेत्र के नाईपर के समीप छापेमारी कर एक महाराष्ट्र नंबर के 14 चक्का ट्रक बरामद किया।

### मूंगफली से भरे बोरे के नीचे छिपाई गई थी शराब

तलाशी के दौरान मूंगफली के भरे बोरे के पीछे छिपाकर रखा गई भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। इधर, पुलिस को अचानक देखकर भाग रहे ट्रक चालक और खलासी को भी पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए दोनों शराब तक्करों से पूछताछ के कारण शराब से लदे ट्रक और दोनों शराब तक्करों को गिरफ्तार कर औद्योगिक थाना लाया गया। ट्रक में छिपाकर लाई गई 946 कार्टन विदेशी शराब बरमाद की गई। बरामद शराब के सभी कार्टन पर सेल फॉर ऑनली हरियाणा अंकित था। बरामद शराब की कीमत लगभग एक करोड़ से अधिक बतायी जा रही है। पकड़े गए शराब के दोनों तस्करों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## पुलिस थाने में प्रेमी और प्रेमिका का हाई वॉल्टेज ड्रामा, रेप और मारपीट के केस दर्ज ; युवक गिरफ्तार

**पटना , एजेंसी।** बिहार के पटना में एक प्रेमी जोड़े ने पुलिस थाने में ही भिड़ गए। जक्कनपुर थाने में मंगलवार की शाम प्रेमी-प्रेमिका का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। हंगामा के बाद पुलिस ने प्रेमी सनी कुमार यादव को हिरासत में ले लिया। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ़ मारपीट करने और रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी गई है। प्रेमिका ने प्रेमी पर रेप का केस भी कर दिया। जक्कनपुर थानेदार एचएन सिंह ने मंगलवार को बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तरफ से आवेदन मिला है। लड़की के बयान पर आरोपी युवक के उपर दुष्कर्म और मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि लड़के की शिकायत पर प्रेमिका पर मारपीट की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी सनी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवती को धारा 41 के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया। जक्कनपुर थाना इलाके की रहने वाली युवती ने आरोप लगाया है कि फुलवारीशरीफ नगर निगम कॉलोनी के रहने वाले सन्नी के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी के लिए मार्च में दोनों की सगाई होने वाली थी। आरोप है कि इसी बीच प्रेमी का दूसरी लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चलने लगा। इसके बाद सनी ने शादी करने के लिए 20 लाख रुपये की मांग की। युवती ने बताया कि सनी को उसने दूसरे लड़की के साथ पकड़ा है। इसे देखकर आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके सिर पर चोट लगी। वहीं आरोपित ने आवेदन देकर कहा है कि युवती उससे बराबर पैसे की मांग करती थी और शादी करने के लिए जबरन दबाव बना रही थी। उसके साथ मारपीट भी करती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने हाजीपुर-बरौनी रेलखंड पर स्थित शाहपुर पटोरी एवं बरौनी जं. तथा राजेन्द्रपुल के समानांतर निर्माणाधीन नये पुल का किया निरीक्षण



**हाजीपुर**। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज सोनपुर मंडल के हाजीपुर-बरौनी रेलखंड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने शाहपुर पटोरी एवं बरौनी स्टेशनों का निरीक्षण किया । इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा राजेन्द्रपुल के समानांतर बनाये जा रहे पुल का गहन निरीक्षण किया गया । आज महाप्रबंधक द्वारा सबसे पहले शाहपुर पटोरी स्टेशन का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया । उन्होंने स्टेशन के पैनल रुम का भी निरीक्षण किया तथा ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया । इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शाहपुर पटोरी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का गहन मुआयना किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के अगले क्रम में महाप्रबंधक महोदय ने बरौनी स्टेशन पर यात्री सुविधा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं का मुआयना किया तथा बरौनी स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया । उन्होंने बरौनी जं. के नॉर्थ साइड के न्यू यूटीएस काउंटर का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर चल रहे यूटीएस काउंटर को और ज्यादा पैसेंजर फ्रेंडली बनाने और आगे शेड का विस्तार करने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय द्वारा बरौनी स्टेशन पर अल्ट्रासोनिक डबल रेल टेस्टर मशीन का अवलोकन किया गया तथा उन्होंने मशीन को ऑपरेट कर रहे कर्मचारियों की कार्य कुशलता को भी परखा। अपने इस निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक महोदय ने बरौनी स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के रिफायनरी के महाप्रबंधक से भी मुलाकात की और उनके साथ एक बैठक की। बैठक में महाप्रबंधक ने आईओसीएल को रेलवे द्वारा सभी तरह के सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि आईओसीएल को पेट्रोलियम की ढुलाई हेतु जितनी भी रैक की आवश्यकता होगी रेलवे उतनी रैक उपलब्ध करायेगी। बैठक के उपरांत महाप्रबंधक ने रिफाइनरी के अंदर घूमकर आयल रिफाइनरी की प्रक्रिया को भी देखा। निरीक्षण के अगले क्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा राजेंद्र पुल स्टेशन एवं हाथीदह स्टेशन के मध्य राजेंद्र पुल के समानांतर निर्माणाधीन नए रेल पुल का गहन निरीक्षण किया गया एवं निर्माण कंपनी को आवश्यक निर्देश दिए।

### मुख्यालय, हाजीपुर में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में बुधवार को हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का विषय था भारतीय रेल का आधुनिकीकरण। इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उभय रंजन, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक ने इस प्रतियोगिता के नियम व पुरस्कार के संबंध में जानकारी दी एवं कहा कि इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व 03 प्रेरणा पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी, पूमरे/हाजीपुर ने भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की अब तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में भंडार विभाग के निजी सचिव, शंभु कुमार ने प्रथम स्थान, कार्मिक विभाग के प्रवर लिपिक, धीरज अभिमान ने द्वितीय स्थान, निर्माण/पटना के मुख्य विधि सहायक, रमेश कुमार मिश्र ने तृतीय स्थान, लेखा विभाग के अवर लेखा सहायक अमरनाथ चौधरी ने प्रेरणा स्थान, सुरक्षा विभाग के सहायक उप निरीक्षक ललित कुमार झा ने प्रेरणा स्थान व इंजीनियरी विभाग के निजी सचिव नवीन कुमार ने प्रेरणा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर सिंह, वरिष्ठ अनुवादक व धन्यवाद ज्ञापन विनय कृष्ण, वरि. अनुवादक द्वारा किया गया।

### संरक्षा आयुक्त ने किया कृष्णशिला-अनपरा रोड रेलखंड का निरीक्षण



**हाजीपुर**। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा बुधवार को धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 12 किमी लंबे नव-दोहरीकृत महुअरिया-दुद्धीनगर रेलखंड का तथा करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 5.56 किमी लंबे नव-दोहरीकृत कृष्णशिला-अनपरा रोड रेलखंड का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विषेष टेªन से दोनों रेलखंडों का सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही इन दोनों नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा तथा निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे। विदित हो कि 160 किलोमीटर लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के तहत 132 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है । आज 12 किमी लंबे महुअरिया-दुद्धीनगर रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के उपरांत अब इस परियोजना का 144 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो जायेगा तथा इस परियोजना के तहत अब मात्र 10 किमी लंबे रेणुकूट-जोगीडीह तथा 6 किमी लंबे ओबरा-फफराकुंड रेलखंड का कार्य शेष है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। इसी तरह 32 किलोमीटर लंबे करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के तहत 20 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। आज 5.56 किमी लंबे कृष्णषिला-अनपरा रोड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के उपरांत अब इस परियोजना का लगभग 26 किलोमीटर का कार्य पूर्ण हो जायेगा तथा इस परियोजना के तहत अब मात्र अनपरा रोड से अनपरा तक का कार्य शेष है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा।

### केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी देंगे भाजपाई

**गया**। भाजपा का राष्ट्रीय कार्यक्रम गांव चलो अभियान के अंतर्गत चंदौती उत्तरी मंडल की बैठक अध्यक्ष बिनोद पासवान की अध्यक्षता में हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिला उपाध्यक्ष सह बेलागंज प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान के तहत हरेक बूथ पर बैठक कर देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 9 वर्षों के कार्यकाल की जानकारी और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभुकों से मिलकर चर्चा करना है। बैठक में संतोष ठाकुर, राजेंद्र विश्वकर्मा, आनंद कुमार, बिनोद कुमार नायक, अभयानंद सिंह, लक्ष्मण चौधरी समेत बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए।

# जबरन चंदा वसूली पर होगी सख्ती

## सरस्वती पूजा की हो रही तैयारी, डीजे पर प्रतिबंध और प्रतिमा बैठाने के लिए लेनी होगी अनुमति

निज संवाददाता। नालंदा






सरस्वती पूजा और शब-ए-बारात के अवसर पर जिला में सामान्य विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को हरदेव भवन सभागार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। पूर्व के त्योहारों की तरह इस वर्ष भी सरस्वती पूजा के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिमा बैठाने के लिए आयोजकों को निर्धारित शर्तों के अनुपालन के आधार पर पूर्व से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, इसका अनुपालन आयोजकों को सुनिश्चित करना होगा। आयोजकों को प्रतिमा विसर्जन स्थल और मार्ग का भी उल्लेख करना होगा। विसर्जन मार्ग का सत्यापन स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से गाइड लाइन जारी किया गया है, इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया।

**भड़काऊ पोस्टर, गीत-संगीत पर होगी कार्यवाईः** किसी भी तरह के भड़काऊ पोस्टर, संवाद, संगीत या सोशल मीडिया पोस्ट करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति के सदस्यों से भी एक-एक कर महत्वपूर्ण सुझाव-फीडबैक प्राप्त किए गए। शहर की गलियों में बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था, नगर निगम में क्षतिग्रस्त स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, विसर्जन घाटों पर गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति, निजी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों की जवाबदेही निर्धारित करने, जबरन चंदा वसूली पर रोक आदि जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

**संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कार्रवाई के निर्देशः** जिलाधिकारी ने इन सभी सुझावों के क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा, अपर समाहर्त्ता मंजीत कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पूर्व विधायक रवि ज्योति कुमार सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अस्थावां प्रमुख बने रोहित और उप प्रमुख विशुनदेव प्रसाद, डीएम ने तय की थी वोट की तिथि

निज संवाददाता। नालंदा



अस्थावां प्रखंड कार्यालय के सभागार में 9 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर हुए गुप्त मतदान में प्रमुख व उपप्रमुख की कुर्सी चली गई थी। प्रमुख के खिलाफ जहां 12 वोट और उप प्रमुख के खिलाफ 11 वोट पड़े थे। जिसके कारण निवर्तमान प्रमुख पिंकी देवी और उपप्रमुख शिशुपाल कुमार की कुर्सी चली गई। जिलाधिकारी ने 7 फरवरी को मतदान कि तिथि निर्धारित की गई। जिला अनुमंडल बिहार शरीफ में बुधवार को मतदान कराया गया। जिसमें रोहित कुमार प्रमुख और उप प्रमुख विशुनदेव प्रसाद निर्वाचित किए गए। 12 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। सभी विपक्षी ने अपनी एकता का परिचय दिया। निर्वाचित होने के बाद समर्थकों ने दोनों को फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को लेकर क्षेत्र में विकास का कार्य किया जाएगा, सबकी सामान हिस्सेदारी रहेगी।

**प्रमुख पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन कियाः** अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ की अध्यक्षता में अविश्वास प्रस्ताव के आलोक में चुनाव का आयोजन किया गया। अस्थावां प्रखंड अंतर्गत प्रमुख पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया। रोहित कुमार और पिंकी देवी। कुल 23 मतों में से पिंकी देवी को कुल 10 मत प्राप्त हुए और रोहित कुमार को 12 मत प्राप्त हुए। एक मत रद्द पाया गया। उपप्रमुख पद पर दो उम्मीदवार ने नामांकन किया। विशुणदेव सिंह और शिशुपाल कुमार 23 मतों में से विशुनदेव सिंह को 12 मत प्राप्त हुए और शिशुपाल कुमार को 11 मत प्राप्त हुए हैं। जिसके बाद दोनों को निर्वाचित घोषित किया गया।

## चेन स्नेचिंग का शिकार हुई महिला मुखिया, सीसीटीवी में घटना कैद


निज संवाददाता। नालंदा



अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर में इन दिनों महिलाओं से चेन स्नेचिंग का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को एक महिला की गले से चेन छिनकर बदमाश फरार हो गए।इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला राजगीर के ब्रह्म कुंड परिसर से जुड़ा हुआ है। चेन स्नेचिंग का शिकार शेखपुरा की मुखिया है। चेन स्नेचिंग मामले में शेखपुरा जिला के अरियरी थाना के कसार पंचायत की मुखिया सुजाता कुमारी ने राजगीर थाना में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया कि 6 फरवरी की दोपहर 1:30 बजे राजगीर ब्रह्मकुंड में स्नान के लिए वह पहुंची थी। स्नान के दौरान वहां पांच से छह की संख्या में अज्ञात महिलाएं स्नान कर रही थी। इसी बीच उनके गले से मंगलसूत्र खींच लिया गया। जब उन्हें मंगलसूत्र गायब होने का एहसास हुआ तो वह शोर शराबा करने लगी, इसी बीच वहां मौजूद महिला सिपाही ने उन्हें सीसीटीवी कैमरे का फुटेज दिखाया। जिसमें स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि एक महिला गले से मंगलसूत्र खींच रही है। आए दिन ब्रह्म कुंड में स्नान के लिए आने वाले पर्यटक के समान की चोरी हो रही है। बावजूद ड्यूटी में मौजूद पुलिसकर्मी पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया कराने में विफल साबित हो रहे हैं। वायरल हो रहे हैं सीसीटीवी फुटेज में भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि किस प्रकार कुछ महिलाएं ब्रह्म कुंड में स्नान कर रही है इस बीच गले से चेन खींचा जा रहा है। वहीं इस मामले में राजगीर थाना अध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज मिला है। महिला की पहचान कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

## अब दिन में नहीं बल्कि रात में सताएगी ठंड, दिन में धूप खिली तो बहेगी तेज पछुआ हवा

निज संवाददाता। गया



गया में बीते सोमवार को हुई बारिश के बाद से मौसम के मिजाज में नए बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। बेशक बुधवार को कुछ देर से धूप के खिलने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि धूप खिली तो तेज पछुआ हवा के चलने की संभावना अधिक है। इससे दिन में ठंड थोड़ी कम महसूस होगी लेकिन रात में ठंड अपना असर दिखाएगी। यानी दिन की अपेक्षा रात में अधिक ठंड पड़ने का सिलसिला अब शुरू होने वाला है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में अभी बारिश की सम्भावना नहीं बन रही है। मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से कम था तो न्यूनतम अधिक रहा। अधिकतम 21.3 और न्यूनतम 14 डिग्री रहा। बदलते मौसम में सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। बीते चार दिनों में अधिकतम तापमान करीब छह डिग्री घट गया तो न्यूनतम 5 डिग्री बढ़ गया। बीती 3 फरवरी को अधिकतम 27.3 तो न्यूनतम 8. 7 , 4 फरवरी को 26. 2 तो न्यूनतम 7. 6, 5 फरवरी को 23. 2 तो न्यूनतम 14. 2 और 6 फरवरी को 21. 3 तो न्यूनतम 14. 6 इसी बदलाव की वजह से नए संकेत मिलने लगे हैं। पश्चमि विक्षोभ की वजह से सोमवार को बारिश और मंगलवार को दिनभर बदली छाई रही। अब बुधवार की सुबह कोहरे के असर देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिक एसके पटेल का कहना है कि बुधवार को देर से धूप निकलेगी। लेकिन धूप निकलने के साथ तेज पछुआ हवा भी चलेगी। दिन में ठंड कमेगी तो वहीं रात में ठीक उलट होगा। रात में ठंड बढ़ जाएगी।

## जुआ खेलने के दौरान गोलीबारी, एक की मौत, हार-जीत को लेकर हुआ था विवाद

### लोगों के जुटने से पहले हत्यारा फरार, तलाश में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। गया



गया में जुआ खेलने के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें एक की मौत हो गई। हार-जीत को लेकर विवाद हुआ था। मृतक की पहचान बांके गली निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। जिसका पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। कल्लू कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचायती अखाड़ा स्थित फल्गु नदी में जुआ खेल रहा था। एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मारने वाले युवक की तलाश हो रही है। लोगों ने उसका मोबाइल नंबर और नाम उपलब्ध कराया है।

**लंबे समय से नदी में खेला जा रहा जुआः** पुलिस के अनुसार नदी में सभी आपस में जुआ खेल रहे थे। इसी बीच कल्लू और सद्दाम भिड़ गए। देखते ही देखते कल्लू ने सद्दाम को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग गया। मौके पर भगदड़ मच गई थी। घटना की सूचना बंके गली के लोगों को मिली, जिसके बाद वे लोग मौके पर पहुंचे। मोहल्ले वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल को सद्दाम को अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना से पंचायती अखाड़ा बांके गली में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नदी के में जुआ और लॉटरी का खेल लंबे समय से चल रहा था।

## 12 से 24 फरवरी तक चलेगा परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा

### सास-बहू-बेटी सम्मेलन का भी किया जाएगा आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा






नालंदा जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन पखवाड़ा विकास अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 11 फरवरी तक दंपती संपर्क सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 12 से 24 फरवरी तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का भी संचालन किया जाएगा। नालंदा सीएस डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि पखवाड़े की सफलता को लेकर जिले भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक और योग्य दंपती को परिवार नियोजन के साधन को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ताकि एक भी योग्य लाभार्थी पखवाड़े की सुविधा से वंचित नहीं रहें। पखवाड़े का सफल संचालन सुनिश्चित करने को लेकर सहयोगी स्वास्थ्य संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज के हर तबके के सभी परिवार को गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जीने के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना बेहद जरूरी है। तभी हम गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जी सकते हैं। बच्चे को उचित परवरिश एवं अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। छोटा और सीमित परिवार के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना सबसे पहली नींव है।

**सास-बहू-बेटी सम्मेलन का भी आयोजनः** उन्होंने बताया कि मिशन पखवाड़ा विकास अभियान के तहत योग्य और सक्षम इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। पखवाड़े के पहले चरण में आशा कार्यकर्ताआएं अपने अपने पोषण क्षेत्र में योग्य दंपति से मिलेंगी। साथ ही, उन्हें परिवार नियोजन के अस्थायी व स्थायी साधनों की जानकारी देते हुए, उन्हें इन साधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगी। वहीं, इस अभियान में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के अलावा महिलाओं की भूमिका को सार्थक बनाने के लिए सास-बहू-बेटी सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

**लाभार्थियों और उत्प्रेरक को दी जाती है प्रोत्साहन राशिः** जिले में परिवार नियोजन के अस्थायी के प्रति शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों में पूर्व की अपेक्षा जागरूकता बढ़ी है। लेकिन, स्थायी साधनों के प्रयोग की बात की जाए तो अभी भी पुरुष महिलाओं से काफी पीछे हैं। हालांकि, इस कमी को दूर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। महिला बंध्याकरण की अपेक्षा पुरुष नसबंदी काफी सरल और सुरक्षित भी है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में पुरुष नसबंदी का लाभ उठाने पर लाभार्थी को 3000 रुपए व उत्प्रेरक को 400 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए व उत्प्रेरक को 300 रुपए, प्रसव उपरांत बंध्याकरण पर लाभार्थी को 3000 रुपए व उत्प्रेरक को 400 रुपए, प्रसव उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को 300 रुपए व उत्प्रेरक को 150 रुपए, गर्भपात उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को 300 रुपए व उत्प्रेरक को 150 रुपए, गर्भनिरोधक सुई (अंतरा) का लाभ उठाने पर लाभार्थी को 100 रुपए व उत्प्रेरक को 100 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# सड़क हादसे में इंटर परीक्षार्थी समेत तीन घायल, हालत गंभीर

## पहले कार ने मारी टक्कर, फिर बस से टकराई बाइक

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के आरा–बक्सर मुख्य मार्ग गजराजगंज ओपी के धमार मोड़ के समीप बुधवार की सुबह अनियंत्रित कार ने बाइक सवार इंटर के परीक्षार्थी के समेत तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार तीनों युवक बस से जा टकराए । इस हादसे में तीनों दोस्त बुरी तरह जख्मी हो गए, इसके बाद आनन–फानन में जख्मियों को राहगीरों के मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । जख्मियों में गजराजगंज ओपी अंतर्गत धमार गांव निवासी दीपक साह के 18 वर्षीय पुत्र कौशल उर्फ गोलू,अशोक चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र अभय कुमार और राजू चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार शामिल है। इधर,जख्मी गोलू के दोस्त मुकेश कुमार ने बताया कि कौशल का आज इंटर की परीक्षा थी,जिसको लेकर अपने दो दोस्त अभय एवं छोटू के साथ बाइक पर सवार होकर आरा शहर स्थित क्षत्रिय उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर परीक्षा पर आ रहे थे ।

इसी बीच धमार मोड़ के समीप बक्सर की ओर से आ रही बेलगाम कार ने पीछे से जोरदार



टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था की बाइक सवार सामने से जा रहे बस से टकरा गए। इस हादसे में तीन दोस्तों को गंभीर चोटें आई है। इसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। उसके बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

# सड़क हादसे में वन विभाग की कर्मचारी जख्मी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के आरा–सहार मुख्य मार्ग उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के समीप मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार वन विभाग के कर्मचारी धनंजय चौधरी(50) को जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे के दौरान जख्मी कर्मचारी खून से लथपथ होकर सड़क किनारे जा गिरा । इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए उदवंतनगर पीएचसी ले जाया गया,जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में आर सदस्य अस्पताल रेफर कर दिया । जख्मी के परिजन ने बताया कि वह प्रतिदिन के तरह मंगलवार को भी अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे। देर शाम हो जाने के बाद वह बाइक पर सवार होकर अपनी बहन देवांति देवी के घर उदवंत नगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव जा रहे थे। तभी पीसीबी प्यानिया गांव के समीप सामने से आ रही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जख्मी हालत में उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया गया।


## पूर्व मध्य रेल

### ओपन ई-टेंडर सूचना

सुचित किया जाता है कि भण्डार सामग्रियों की आपूर्ति हेतु भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट (IREPS) के वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की गयी है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा (नगों में) | निविदा प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | समापन तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36245048 | वेल्डिंग मैनिपुलेटर | 4 | 23.01.2024, 13:52 | 19.02.2024 |
| 2 | 36245966ए | फ्लैप डोर व्यवस्था BOXN | 640 | 06.02.2024, 12:39 | 27.02.2024 |

सभी निविदाओं को बंद होने का समय दोपहर 2:00 बजे है | योग्य प्रतिभागी अंतिम तिथि और समय से पूर्व www.ireps.gov.in पर अपना ऑफर ऑनलाइन दे सकते हैं | उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती और सामग्रीयों के विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध हैं |

वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/02247/डीडीयू/भंडार/टी/23–24/40

## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 33–एसडीएसटीई–एएसएन–2023–24, दिनांक 06.02.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल के विभिन्न खंडों में ट्रैक नवीनीकरण कार्य"। {[(1) खाना–प्रधानखांटा–सीटीआर (पी)–19.699 टीकेएम], [(2) सीतारामपुर–झाझा–टीआरआर(पी)–14.407 टीकेएम], [(3) खाना–प्रधानखांटा–टीआरआर (पी)–15.884 टीकेएम], [(4) सीतारामपुर–प्रधानखांटा (अप और डाउन जीसी)–टीआरआर (पी)–24.300 टीकेएम], [(5) सीतारामपुर–प्रधानखांटा (अप जीसी)–टीआरआर (पी)–14.050 टीकेएम], [(6) अंडाल–सांइथिया (डाउन लाइन)–टीआरआर (पी)–18.927 केएम], [(7) अंडाल–सांइथिया और अंडाल–सीतारामपुर–टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएस)–106 सेट]}। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु.2,25,53,452.14, **बयाना राशि:** रु. 2,62,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 01.03.2024 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http:// www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर अनदेखा किया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-219/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब बरामद की

**कोईलवर।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुये बड़काचंदा ग्राम में सुनील रॉय के घर के उत्तर स्थित बगीचा से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। मामले में सुनील राय पिता राजकुमार राय के ऊपर मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस आशय की जानकारी कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचंद्र ने दी।

## अस्पतालों में 18 नए डॉक्टरों ने किया अबतक योगदान

**आरा।** सदर अस्पताल समेत जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए नए डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है। 30 जनवरी से अबतक 18 नए डॉक्टर योगदान दे चुके है। अभी और डॉक्टरों के योगदान करने की उम्मीद है। योगदान करने वाले डॉक्टरों में सदर अस्पताल में ड्रॉ प्रतिक कुमार, डॉटर विकास कुमार, डॉ सुनील शिवपुरे, डॉ जैनेन्द्र कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ श्वेता, डॉ मुकेश कुमार, डॉ सानिया कुमारी है। अनुमंडलीय अस्पताल जगदीशपुर में डॉ अल्केश कुमार, डॉ रश्मि, डॉ इमरान सबा, डॉ चंदन कुमार, डॉ शिवानी व डॉ मो मोबारक हुसैन है। रेफरल अस्पताल जगदीशपुर में डॉ राजिव कुमार, डॉ सुषमा है। रेफरल अस्पताल शाहपुर में डॉ रोहित कुमार एवं डॉ अमित कुमार गुप्ता है।

## 12 फरवरी को विधानसभा का घेराव करेगी ऐपवा

**गड़हनी।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) 12 फरवरी को विधानसभा के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेगी। इसकी तैयारी के लिये गड़हनी नगर व सुअरी गांव में महिलाओं के साथ बैठक की गई। अध्यक्षता और संचालन ऐपवा की भोजपुर जिला सचिव इंदु सिंह ने की। कहा कि मोदी सरकार की गारंटी में महिलाओं के न्याय और अधिकार नहीं है। बृजभूषण शरण सिंह और राम-रहीम जैसे लोगों का बचाव और संरक्षण की गारंटी दी जा रही है। फुलवारीशरीफ मे गोईठा खरीदने निकली मासूम बच्चियां बलात्कार और हत्या की शिकार बन रही हैं। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के नाम पर राजनीति करने की कोशिश में नीतीश-मोदी की जोड़ी लगी है। इस मौके पर रीता देवी, अंचल सचिव सुनील कुमार सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

## सिविल सर्जन केएन सिन्हा के कार्यकाल में होगा चिकित्सा में सुधार : युवा जदयू

**आरा।** डॉ केएन सिन्हा को आरा सदर अस्पताल का सिविल सर्जन बनाये जाने पर युवा जदयू के प्रदेश महासचिव देव शर्मा ने अपने साथियों के साथ उनके कार्यालय में शुभकामना दी। देव शर्मा ने कहा कि डॉ केएन सिन्हा को नीतीश सरकार ने सिविल सर्जन का प्रभार देकर सराहनीय कार्य किया है। इनके इस पद पर सुशोभित होने पर भोजपुर वासियों में हर्ष का माहौल है। इनके कार्यकाल में चिकित्सा क्षेत्र में काफी सुधार होगा, मरीजों को सभी चिकित्सीय सुविधा आसानी से मिलेगी। मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, विकास सिन्हा, मोनू कुमार, ब्रजेश राय, अताउर रहमान, मनीष सहित व अन्य थे।

## मुशायरा सह कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने गजलों और कविताओं का उठाया आनंद

**आरा।** बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में बज्म-ए-नूर ने चौधरिया में मुशायरा सह कवि सम्मेलन किया। अध्यक्षता जितेन्द्र कुमार व मंच संचालन संस्था के सचिव एसएम आजाद ने किया। डॉ मनोज कुमार मनमौजी ने पढ़ा, बसंती मंद हवा कलेवरा होति, नाचती क्षीर पथ जीवन पर, झूम-झूम स्वर पर मन और ठंड हवा से कलेवरा, सिहराई कि बसंत पार्ट टू सी आई। अजय कुमार गुप्ता ने पढ़ा, वफ़ा-वफा होता नहीं कुछ, याद आती नही कुछ गुजर जाने के बाद। डॉ नथुनी प्रसाद ने पढ़ा, चांदनी है या बर्फ पिघलती जरूर है, चेहरे से दिल की बात धड़कती जरूर है। राम प्रह्लाद केशरी ने पढ़ा, दिल उदास है दिल उदास है, जिसको दिल दिया वह नही पास है। अताउर रहमान अता ने पढ़ा, आसमान ना सही जमीन तो हूं, देखते क्यों हो तुम हकारत से। एसएम आजाद ने पढ़ा, कलम को अंजाना सा हरगिज ना समझों, ये तख्त ताज भी है और दागदार भी है। जौहर नूरी ने पढ़ा, भाई के तरह रहते थे मिलजुल के सब यहां, वह अमन शांती की फेजा कौन ले गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

### अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय का कार्य सूचारू रूप से संचालन हेतु VC Set, Fax Machine, AC & Furniture इत्यादि का क्रय किया जाना है |

अत: इच्छुक आपूर्तिकर्ता VC Set, Fax Machine, AC & Furniture इत्यादि का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 16.02.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है, जो उसी दिन अपराह्न 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा |

उक्त VC Set, Fax Machine, AC & Furniture इत्यादि की सूची एवं शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है |

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 318151 Rural Development(23-24).D

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **296 /2023-24** दिनांक :- **06.02.2024**

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-PAL-09 / 2023-24 | पाटन | 1 | पी०डब्लू०डी० रोड से पोखरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.600 कि०मी०) | 1109.249 | ग्यारह करोड़ नौ लाख चौबीस हजार नौ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | पाटन | 2 | पी०डब्लू०डी० रोड से बोरादाह हाते हुए धंगरडीहा भाया बोरादह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.800 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 3 | पदमा रोड (महुलिया) से पकरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.200 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 4 | महूलिया से टंडवा रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.100 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 5 | दुल्ही से नागेसर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.100 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 6 | बैदाकला से गमहेथा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.200 कि०मी०) | | | |
| | | पाटन | 7 | बरडीहा से चेतमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**15.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **27.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक |
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**28.02.2024** .अपराह्न 5.00 बजे |
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड |
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है |

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 318145 Rural Work Department(23-24)#D

## समाहरणालय, लातेहार (जिला भू-अर्जन शाखा)

### –:इच्छा की अभिव्यक्ति:–

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 एवं झारखण्ड भू–अर्जन नियमावली 2015 के नियम 6 के आलोक में जिला लातेहार अन्तर्गत परियोजना –राजबार ई0एण्ड डी0 कोल ब्लॉक में सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–14 दिनांक–13.01.2024 के द्वारा S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफपा में दिनांक–02.02.2024 तक मांग किया गया, जिसमें 02(दो) S.I.A.एजेंसी से प्राप्त व्यय प्राक्कलन को कमिटि के द्वारा दिनांक–05.02.2024 खोला जाना था, किन्तु अहर्ता पूरी नहीं के फलस्वरूप कमिटि द्वारा निविदा को निरस्त करते हुए पुनः चिन्हित S.I.A. इकाईयों से व्यय प्राक्कलन, की मांग करने का निदेश दिया गया |

अतः उक्त संबंध में सूचित करना है कि राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड, रॉची के पत्रांक –619/नि0रा0 दिनांक–24.08.2022 के द्वारा चिन्हित S.I.A. इकाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना में S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफाफा में दिनांक–26.02.2024 को समय–05:00 बजे शाम तक जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहारपिन कोड़–829206 (झारखण्ड) में आमंत्रित किया जाता है | जिसे दिनांक–29.02.2024 को समय–11:00 बजे पूर्वाहन में उपायुक्त, लातेहार के समक्ष कार्यालय कक्ष में बंद लिफफा खोला जायेगा | न्यूनतम व्यय प्राक्कलन पाये जाने पर S.I.A. करने हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा |

राजस्व भूमि संबंधी विवरणी

| क्र0सं0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना सं0 | रकबा (एकड़ में) | टिप्पणियॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बालूमाथ | लेजांग | 191 | **7.73** | |
| 2. | बालूमाथ | राजबार | 195 | **399.38** | |
| 3. | चन्दवा | सेरक | 246 | **1.02** | |
| 4. | चन्दवा | डडेया | 247 | **280.58** | |
| 5. | चन्दवा | रेंची | 248 | **436.09** | |
| 6. | लातेहार | जडयांग | 351 | **212.67** | |
| कुल योग– | | | | **1337.47** | |

कुल रकबा–**1337.47** एकड़

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार |

PR.NO.318108 Land Reforms(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

बिहार सरकार

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –18 /औरंगाबाद/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद |
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 03.02.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. निविदा बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–23.02.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय |
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–01.03.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
10. कार्य विवरणी:–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | बीड प्रोसेसींग राशि + सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवसृजित मद्यनिषेध थाना–दाउदनगर में महिला एवं पुरूष हाजत, शौचालय, बोरिंग आदि कार्य | 34.129/– | 68,500/– | 5000/– | As Per Online Requirement | 4 माह |
| | कुल | **34.129 लाख** | | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 016829 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## बिहार सरकार

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।

E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com

पत्रांक–181 दाउदनगर,

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2023–24

(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1.कार्य का विवरण :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में) | बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तेजपुरा रजवाहा का पुनर्स्थापन कार्य । | 69.04656 | 138100.00 | 10000.00 | 590.00 | जून 2024 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 05.02.2024
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि :– दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 19.02.2024 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 16.02.2024 के 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.02.2024 के 3:30 बजे अपराहन । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान :– www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।
मो0 नं0–7903412335

PR- 16888 ( W R D ) 2023-24

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन में यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के जरिए रेल यात्रियों को दिए जाने वाले पैक्ड फूड में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। वंदे भारत एक्सप्रेस से रानी कमलापति से जबलपुर की यात्रा कर रहे एक यात्री को उसके खाने में मरा हुआ कॉकरोच मिला। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद उन्होंने पश्चिम मध्य रेलवे में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। दो दिनों के बाद उस शख्स ने इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। राजभारत पी (डॉ. शुभेन्दु केशरी ) नामक एक्स हैंडल के जरिए पोस्ट में लिखा गया,मैं 1 फरवरी को ट्रेन नंबर 20173 आरकेएमपी से जेबीपी (वंदे भारत एक्सप्रेस)से यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान मुझे भारतीय रेलवे द्वारा दिए गए खाने के पैकेट में मरा हुआ कॉकरोच मिला, जिसे देखकर मैं सदमे में आ गया। शख्स ने शिकायत पत्र के अलावा खाने की कुछ तस्वीरें भी साझा की। शख्स ने लिखित तौर पश्चिम रेलवे में इस घटना की शिकायत दर्ज करवाई। वहीं, एक्स पर आईआरसीटीसी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा,आपके बुरे अनुभव के लिए हमें हार्दिक खेद है। मामले को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित सेवा प्रदाता पर भारी जुर्माना लगाया गया है।

### बीजेपी के साथ जाएगी आरएलडी! सपा से बनते-बनते बिगड़ी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकदल को लेकर दावा किया जा रहा है कि वह समाजवादी पार्टी (सपा) और आइएनडीआइ अलायंस का दामन छोड़ एनडीए का हाथ थाम सकते हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री और अपना दल एस की नेता अनुप्रिया पटेल ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अहम टिप्पणी की है। अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मैंने मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी पढ़ा है कि आरएलडी जल्द ही एनडीए परिवार में शामिल होगी। मैं अपनी पार्टी की ओर से उनका स्वागत करती हूं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, हालांकि मुझे बीजेपी और आरएलडी के बीच सीट बंटवारे के समझौते के बारे में जानकारी नहीं है। मैं यूपी या कहीं और से किसी भी पार्टी का एनडीए में शामिल होने का स्वागत करती हूं, ताकि एनडीए मजबूत हो सके। वहीं, बीजेपी के आरएलडी से नजदीकी बढ़ाने और उत्तर प्रदेश में पांच सीटों की पेशकश की चर्चा तेज है। अगर आरएलडी बीजेपी के साथ आती है तो विपक्षी गठबंधन आईएनडीआइए को प्रदेश में झटका लगना तय है। आरएलडी की बीजेपी के साथ गठबंधन की चर्चाओं से समाजवादी पार्टी खेमे में भी बेचैनी है। आरएलडी का सपा से सात सीटों का गठबंधन 19 जनवरी को हो चुका है।

### पाकिस्तान में छिपे आतंकी का सहयोगी पंजाब से गिरफ्तार, पिस्टल और कारतूस भी बरामद

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में आतंकवादी लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। लांडा कनाडा में और रिंदा पाकिस्तान में छिपा हुआ है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस की 'एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स' ने तीनों के कब्जे से दो पिस्तौल और 10 कारतूस भी बरामद किए हैं। यादव ने एक पोस्ट में कहा, '' एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पंजाब ने कनाडा में छिपे लखबीर लांडा और पाकिस्तान में छिपे हरविंदर रिंदा के तीन सहयोगियों- जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्का और कुलविंदर सिंह उर्फ काला को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।'' जोबन गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों में वांछित था और लंबे समय से फरार था। यादव ने कहा, '' जोबन और बिक्का भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत दर्ज एक से अधिक मामलों में भी वांछित थे।'' उन्होंने कहा, '' प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी विदेश में छिपे आकाओं के आदेश पर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते थे।'

# उत्तराखंड विधानसभा ने रचा इतिहास : सीएम धामी के नेतृत्व में पास हुआ यूसीसी बिल

- समान नागरिक संहिता विधेयक पर दो दिनों तक हुई लंबी चर्चा

**सुनील तिवारी | देहरादून**



समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक उत्तराखंड 2024 बुधवार को विधानसभा में पारित कर दिया गया। विधेयक पर दो दिनों तक लंबी चर्चा हुई। सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक के प्रावधानों को लेकर अपने-अपने सुझाव दिए। इस प्रकार उत्तराखंड विधानसभा आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता का विधेयक पारित करने वाली पहली विधानसभा बन गई है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 को विधानसभा में पेश किया था। आज बुधवार को सदन में विधेयक पर चर्चा के बाद सदन ने इसे पास कर दिया। अब अन्य सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनेगा। विधेयक में सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का प्रावधान है। महिला-पुरुषों को समान अधिकारों की सिफारिश की गई है।अनुसूचित जनजातियों को इस कानून की परिधि से बाहर रखा गया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से किए गए वायदे के अनुसार पहली कैबिनेट बैठक में ही यूसीसी का ड्रॉफ्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गई। समिति ने व्यापक जन संवाद और हर पहलू का गहन अध्ययन करने के बाद यूसीसी के ड्रॉफ्ट को अंतिम रूप दिया है। इसके लिए प्रदेश भर में 43 जनसंवाद कार्यक्रम और 72 बैठकों के साथ ही प्रवासी उत्तराखण्डियों से भी समिति ने संवाद किया।

### कुप्रथाओं पर लगेगी रोक

समान नागरिक संहिता विधेयक के कानून बनने पर समाज में बाल विवाह, बहु विवाह, तलाक जैसी सामाजिक कुरीतियों और कुप्रथाओं पर रोक लगेगी, लेकिन किसी भी धर्म की संस्कृति, मान्यता और रीति-रिवाज इस कानून से प्रभावित नहीं होंगे। बाल और महिला अधिकारों की यह कानून सुरक्षा करेगा।

### यूसीसी के अन्य जरूरी प्रावधान

» विवाह का पंजीकरण अनिवार्य। पंजीकरण नहीं होने पर सरकारी सुविधाओं से होना पड़ सकता है वंचित।

» पति-पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह पूर्णतः प्रतिबंधित।

» सभी धर्मों में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष निर्धारित।

» वैवाहिक दंपत्ति में यदि कोई एक व्यक्ति बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के अपना धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का पूरा अधिकार होगा।

» पति पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय 5 वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी उसकी माता के पास ही रहेगी।

» सभी धर्मों में पति-पत्नी को तलाक लेने का समान अधिकार।

» सभी धर्म-समुदायों में सभी वर्गों के लिए बेटी-बेटी को संपत्ति में समान अधिकार।

» मुस्लिम समुदाय में प्रचलित हलाला और इद्दत की प्रथा पर रोक।

» संपत्ति में अधिकार के लिए जायज और नाजायज बच्चों में कोई भेद नहीं किया गया है। नाजायज बच्चों को भी उस दंपति की जैविक संतान माना गया है।

» किसी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात उसकी संपत्ति में उसकी पत्नी व बच्चों को समान अधिकार दिया गया है। उसके माता-पिता का भी उसकी संपत्ति में समान अधिकार होगा। किसी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के संपत्ति में अधिकार को संरक्षित किया गया ।

» लिव-इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

» लिव-इन के दौरान पैदा हुए बच्चों को उस युगल का जायज बच्चा ही माना जाएगा और उस बच्चे को जैविक संतान के समस्त अधिकार प्राप्त होंगे।

» हमारे देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रऋषि श्री नरेन्द्र मोदी जी विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। उनके नेतृत्व में यह देश तीन तलाक और धारा-370 जैसी ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के पथ पर है"

» समान नागरिक संहिता का विधेयक आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश को विकसित, संगठित, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे महान यज्ञ में हमारे प्रदेश द्वारा अर्पित की गई एक आहुति मात्र है"

» यूसीसी के इस विधेयक में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है।

# कृष्णा नदी में मिली राम लला जैसी प्राचीन विष्णु प्रतिमा, आभामंडल पर दशावतार के निशान मौजूद

**रायचूर, एजेंसी।** कर्नाटक के रायचूर जिले के एक गांव में कृष्णा नदी से भगवान विष्णु की एक प्राचीन प्रतिमा मिली है। राम लला की नवनिर्मित प्रतिमा से मिलता हुआ यह प्राचीन विग्रह पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार 11वीं या 12वीं शताब्दी का हो सकता है। भगवान विष्णु की इस खड़ी प्रतिमा के प्रभामंडल के चारों ओर दशावतारों को उकेरा गया है।



सूत्रों का कहना है कि इस अनूठे संयोग में सबसे अद्भुत बात यह है कि तकरीबन हजार साल पुराने विग्रह का रूप-रंग और स्वरूप अयोध्या में राम लला के भव्य-दिव्य मंदिर में स्थापित विग्रह से मिलता-जुलता है। भगवान विष्णु के इस विग्रह के साथ ही एक प्राचीन शिवलिंग भी मिला है।

रायचूर यूनिवर्सिटी में प्राचीन इतिहास और पुरातत्व की लेक्चरर डा.पद्मजा देसाई ने भगवान विष्णु की प्रतिमा के संबंध में बताया कि यह निश्चित रूप से एक मंदिर के गर्भगृह का हिस्सा रही होगी। संभवतः इसे मंदिर में हुई तोड़फोड़ से बचाने के लिए नदी में डाला गया होगा। इस प्रतिमा को थोड़ी क्षति पहुंची है। विग्रह की नाक थोड़ी क्षतिग्रस्त है।

डा. देसाई ने बताया कि कृष्णा नदी क्षेत्र में पाई गई इस प्रतिमा में विशेष नक्काशी की गई है। उसके प्रभामंडल पर विष्णु के दशावतार बने हैं। उस पर मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिम्हा, वामन, राम, परशुराम, कृष्ण, बुद्ध और कल्की अलंकृत हैं। विष्णु की खड़ी प्रतिमा के चार हाथ हैं, जिसमें दो ऊपर उठे हाथ शंख और चक्र से सुसज्जित हैं। नीचे की ओर सीधे किए दो हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में हैं। इनमें एक कटि हस्त और दूसरा वरद हस्त है। हालांकि, इस विग्रह पर गरुड़ का चित्रण नहीं है। जबकि आमतौर पर विष्णु प्रतिमा में गरुड़ भी होते हैं। यह विग्रह ग्रंथों में उल्लेखित भगवान वेंकटेश्वर से मिलती-जुलती है। देसाई ने इंगित किया कि विष्णु जी को साज-सज्जा पसंद है इसलिए उन्हें मालाओं और आभूषणों से अलंकृत किया गया है।

# समान नागरिकता कानून महिलाओं को कुरीतियों और रूढ़िवादी प्रथा से दूर करते हुए सर्वांगीण उन्नति का रास्ता : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी



- वर्षों के इन्तजार के बाद देवभूमि के अन्दर देवभूमि की विधानसभा ने समान नागरिकता कानून पारित कर देश में की नई शुरूआत

**सुनील तिवारी | देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधान सभा सदन में बहुमत से पास होने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने सदन के सदस्यों तथा उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक पल है जब देवभूमि के अन्दर देवभूमि की विधानसभा सदन से देश के पहले समान नागरिकता कानून को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान सभा से पारित नागरिकता संहिता कानून संवैधानिक प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 12 फरवरी 2022 को प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता कानून को प्रदेश में लागू करने का वायदा किया था। आज वह वायदा पूर्ण हो गया है मुख्यमंत्री ने कहा कि जो संकल्प हमारी सरकार ने लिया था वह आज सिद्धि तक पहुँच गया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना ने इस समानता के कानून को लागू करने की प्रेरणा दी है।" यह कानून समानता और एकरूपता का कानून है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कानून किसी के विरुद्ध नहीं है। बल्कि यह कानून महिलाओं को कुरीतियों और रूढ़िवादी प्रथा से दूर करते हुए सर्वांगीण उन्नतिका रास्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार और दत्तक ग्रहण जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस क़ानून के निर्माण हेतु पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था इसके बाद लगभग 2 सालों के कालखंड में समिति ने हर वर्ग, समुदाय, संप्रदाय के लोगों के साथ बातचीत करते हुए 10 हज़ार से अधिक लोगों के साथ प्रत्यक्ष रूप से बातचीत, करते हुए 72 बैठकों के बाद 2 लाख 33 हज़ार सुझावों को इस कानून में शामिल किया है। मुख्यमंत्री ने अन्य राज्यों से भी अपेक्षा की है वे भी इस कानून की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य हित में जो भी निर्णय लिया जाना उचित होगा वह लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष के परिणाम स्वरूप उत्तराखण्ड बना है। वे स्वयं खटीमा, मसूरी तथा मुजफ्फरनगर काण्ड के साक्षी रहे है। राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के लिये गठित विधान सभा की प्रवर समिति की रिपोर्ट के आधार पर विधान सभा द्वारा आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक को मंजूरी प्रदान करने को भी उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान बताया है।

# नोएडा अथॉरिटी के कामकाज की फिर होगी जांच

**सीएजी खंगाल रही फाइलें**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने नोएडा प्राधिकरण से जुड़े कामकाज की जांच एक बार फिर शुरू कर दी है। इस बार जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक की फाइलों को खंगालना शुरू किया है। सीएजी की टीम के आने से प्राधिकरण दफ्तर में एक बार फिर हलचल तेज हो गई। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जांच करने के लिए सीएजी की तीन सदस्यीय टीम आई है। टीम को प्राधिकरण में एक कमरा अलॉट किया गया है। इस जांच को कंपलॉयस ऑडिट का नाम दिया गया है। इसमें प्राधिकरण की तरफ से विभिन्न काम के लिए जारी किए गए टेंडर और परियोजना की लागत समेत अन्य बिंदुओं पर जांच होगी। अब टीम एक-एक कर विभागों की फाइलों को मंगाकर जांच करेगी।



अधिकारियों ने अनुमान जताया कि एक साल के कामकाज की जांच करने में कम से कम तीन से चार महीने का समय लगेगा। इसके बाद वह आपत्तियों का ब्योरा तैयार कर प्राधिकरण अधिकारियों को सौंपेगी। प्राधिकरण की तरफ से आपत्तियों का जवाब देने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। गौरतलब है कि यूपी में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजियाबाद में आयोजित एक जनसभा में कहा था कि अगर यूपी में भाजपा सरकार आती है तो प्राधिकरण में बीते सालों में हुई गड़बड़ियों की जांच सीएजी से कराई जाएगी।

प्रदेश में सत्ता में भाजपा सरकार आ गई। उसी साल सीएजी ने वर्ष 2017 में पहली बार प्राधिकरण में जांच के लिए कदम रखा था। प्रदेश सरकार के निर्देश पर पहले चरण में वर्ष 2004-5 से लेकर वर्ष 2017-18 तक के कामकाज की जांच की गई। इसको परफार्मेंस ऑडिट का नाम दिया गया था। इसमें प्राधिकरण की तरफ से तैयार किए नियमों के अंतर्गत जांच की गई थी। इस दौरान 200 से अधिक आपत्तियां लगाते हुए करीब 400 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की थी। सीएजी को 30 हजार करोड़ रुपये की गड़बड़ी मिली थी। इसकी लोक लेखा समिति सुनवाई कर रही है। चार वर्ष के दौरान 53 कामों में गड़बड़ी मिली वर्ष 2018 से 2021 तक के कामकाज की जांच सीएजी कर चुकी है। इन चार साल में प्राधिकरण के 53 काम में गड़बड़ी मिली थी। इस दौरान सबसे ज्यादा गड़बड़ी सिविल, भूलेख व नियोजन विभाग के काम में मिली थी। बताया जाता है कि इनमें से 3-4 आपत्तियों को समाप्त कर दिया गया है। इन मामलों में भी समय-समय पर सुनवाई होती है। सीएजी ने वर्ष 2022 में नोएडा प्राधिकरण के कामकाज की जांच की थी। अलग-अलग विभागों के 12 कामकाज में प्राधिकरण को गड़बड़ी मिली थी। ये आपत्तियां लगाते हुए सीएजी ने प्राधिकरण के अधिकारियों से जबाव मांगा था। अभी इन आपत्तियों को लेकर सुनवाई चल रही है।

# गोवा के मंत्री की बढ़ी मुश्किलें, विवादित बयान को लेकर कांग्रेस ने दर्ज कराई शिकायत; सरकारी अधिकारी को धमकाने का लगाया आरोप

**पणजी।** कांग्रेस ने सरकारी अधिकारियों को कथित तौर पर काटने की धमकी देने के मामले में गोवा के कला एवं संस्कृति मंत्री गोविंद गौडे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदिवासी सेल के अध्यक्ष रामकृष्ण जाल्मी ने अपनी शिकायत में कहा कि गोवा के कला एवं संस्कृति मंत्री और जनजातीय कल्याण निदेशक के बीच कथित बातचीत का एक ऑडियो क्लिप जो गोवा में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया है, विशेष खतरे का खुलासा करता है। समाज के कमजोर वर्ग के प्रति भाजपा की नफरत गोवा राज्य के एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष की हत्या की हत्या की साजिश के रूप में प्रकट हो रही है। इसके अलावा, यह चौंकाने वाला और आश्चर्यजनक है कि मुख्यमंत्री और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व हत्या की साजिश के चलते मौन रहना पसंद कर रहा है।

इन परिस्थितियों में हमारे पास वर्तमान शिकायत दर्ज करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है और आपसे वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धारा और/या लागू कानून के अन्य उचित प्रावधानों के तहत मंत्री गोविंद गौडे के खिलाफ संज्ञान लेने और एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। मंगलवार को कला एवं संस्कृति मंत्री गोविंद गौडे और आदिम जाति कल्याण विभाग के निदेशक दशरथ रेडकर के बीच फोन पर बातचीत का एक ऑडियो क्लिप वायरल हो गया। ऑडियो क्लिप में गौडे एक संगठन को एसटी/एससी जागरूकता कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता जारी करने पर रेडकर को धमकी दे रहे हैं। गौडे को ऑडियो क्लिप में यह कहते हुए सुना जा सकता है, अध्यक्ष (एससी और एसटी आयोग के) से बात करें और उन्हें बताएं कि मैं उनके कार्यालय में आकर उन्हें काट डालूंगा...।

# दिल्ली में माहौल बिगड़ने का डर, थानों को अलर्ट, उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने की आशंका है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों में शांति बनाए रखने के लिए सभी पुलिस थानों को अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी पुलिस थाने सीएए/एनआरसी विरोधी आंदोलन और 2020 के दिल्ली दंगों में शामिल उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखें। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी।



दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच की ओर से जारी एडवाइजरी में पुलिस थानों को हाल के घटनाक्रमों जैसे कि अयोध्या राम मंदिर में अभिषेक, ज्ञानवापी तहखाने में प्रार्थना के आदेश और महरौली में विभिन्न धार्मिक संरचनाओं के विध्वंस के मद्देनजर सांप्रदायिक घटनाओं से बचने के लिए निवारक कदम उठाने की सलाह दी गई है। स्पेशल यूनिट की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि कुछ तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल यूनिट स्थानीय खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का काम करती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि पुलिस अधिकारियों को ऐसे लोगों की सूची बनानी चाहिए जो उपरोक्त घटनाक्रम के नाम पर समाज में तनाव पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि वे शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कदम उठाते हैं।

सभी पुलिस स्टेशनों, जिलों और विशेष इकाइयों को सीएए/एनआरसी प्रदर्शनों, शाहीन बाग धरना प्रदर्शनों और किसानों के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने वालों की सूची तैयार करने के लिए कहा गया है। सूची में पहले से ज्ञात समूहों के सदस्यों का भी उल्लेख करने को कहा गया है। यदि कुछ पुलिस जिलों या इकाइयों के पास पहले से ही ऐसे लोगों की सूची है, तो उन्हें इसे अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। यह भी कहा गया है उन लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए ताकि समय रहते साजिश को नाकाम किया जा सके।

अधिकारी ने बताया कि उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के पास लगभग 100 उपद्रवियों की सूची है जो अक्सर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील मुद्दों या विरोध प्रदर्शनों में शामिल होते हैं। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के अधिकारियों को सूची को अपडेट करने और फरवरी 2020 में हुए सांप्रदायिक दंगों से कुछ दिन पहले जाफराबाद, सीलमपुर और यमुना विहार क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले लोगों को इसमें शामिल करने को कहा गया है। यह भी कहा गया है कि कुछ शरारती तत्व गलत इरादों से धार्मिक स्थलों में जबरन घुसने की कोशिश कर सकते हैं। यह भी कहा गया है कि उपद्रवी लोकसभा चुनाव से पहले माहौल को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे लोग राम मंदिर, ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की शाही ईदगाह और महरौली में कुछ धार्मिक संरचनाओं के विध्वंस जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश कर सकते हैं। एडवाइजरी में संवेदनशील मस्जिदों में, शुक्रवार की नमाज के दौरान, पर्याप्त संख्या में कर्मियों की तैनाती करने और विभिन्न धार्मिक संगठनों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी पुलिस स्टेशनों के एसएचओ ने अपने बीट स्टाफ को उपद्रवियों की गतिविधियों पर नजर रखने के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है।

# शिमला में लगी भीषण आग, आईएसबीटी के पास कार शोरूम और ठियोग में दो मंजिला मकान जलकर राख

**शिमला , एजेंसी।** राजधानी शिमला और ठियोग में अग्निकांड की घटनाएं सामने आई हैं। दोनों जगह आग लगने से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन संपति का भारी नुकसान हुआ है। शिमला के अंतरराज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) पर तीन वाहन आग की चपेट में आये तो ठियोग में दो मंजिला मकान राख हो गया। राजधानी शिमला के टूटीकंडी आईएसबीटी बस अड्डे पर स्थित गाड़ी के शोरूम में आज (बुधवार) तड़के आग लगने से हड़कम्प मच गया। आग की लपटों से बस अड्डे पर मौजूद यात्री भी सहम गए। अग्निकांड में शो रूम में खड़े तीन नए वाहनों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। वहीं लाखों का स्पेयर पार्ट और अल्लाइनमेट मशीन जल गई। आग इतनी भंयकर थी कि बालूगंज के अलावा छोटा शिमला और मॉल रोड अग्निशमन केंद्रों से भी अग्निशमन की गाड़ियां बुलानी पड़ी। इस मौके पर बालूगंज पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। यह घटना आईएसबीटी बस अड्डे पर टाटा कंपनी के शो रूम में सामने आई। दमकल के चार वाहनों को आग पर काबू करने में लगभग तीन घण्टे लग गए। बालूगंज फायर स्टेशन के प्रभारी गोपाल दास और फायर अफसर भगत राम ठाकुर की अगुवाई में दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। इस दौरान दो करोड़ की संपति को खाक होने से बचाया गया। बालूगंज फायर स्टेशन प्रभारी गोपाल दास ने बताया कि तड़के 4 बजकर 21 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। फायर कर्मियों की मुस्तेदी से आग पर काबू पाकर बड़ा नुकसान होने से बचाया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सद्भाव कायम रखने की जरूरत

दिल्ली के जंगपुरा इलाके में एक मुद्दे पर राय जाहिर करने और उस पर एक आरडब्लूए की प्रतिक्रिया यही बताती है कि कुछ लोग देश की विविधता में एकता के विचार को या तो बेमानी मानते हैं या फिर बहुत कमजोर करके आंकते हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस के एक नेता की बेटी ने अपने सोशल मीडिया खाते पर अयोध्या और राम मंदिर से संबंधित एक टिप्पणी की और इस पर उस क्षेत्र के एक आवास कल्याण समिति यानी आरडब्लूए की ओर से उन्हें बाकायदा नोटिस भेज दिया गया। हैरानी की बात यह है कि किसी मुद्दे पर अलग विचार अभिव्यक्त करने के बाद संबंधित आरडब्लूए की ओर से पिता-पुत्री को किसी अन्य कालोनी में चले जाने का भी सुझाव दे दिया गया। अव्वल तो भारत इतने व्यापक दायरे में भिन्न-भिन्न संस्कृतियों वाला देश है कि किसी एक मसले पर यहां अलग-अलग राय एक स्वाभाविक बात है और संवैधानिक रूप से भी किसी को अपना विचार अभिव्यक्ति करने की आजादी हासिल है। फिर अगर किसी व्यक्ति के स्वतंत्र विचार से किसी को असहमति है भी तो उसके लिए उसे इलाके से चले जाने का सुझाव देने का क्या औचित्य है? किसी भी मुहल्ले या कालोनी में रहने वालों के बीच एकरूपता नहीं होती है। उसमें अलग-अलग सामाजिक-धार्मिक पृष्ठभूमि और विचारों के लोग हो सकते हैं। एक परिवार के सदस्यों के बीच भी असहमतियां होती हैं। आवास कल्याण समिति जैसे समूह को विचारों की भिन्नता के बीच सामंजस्य और सद्भाव कायम रखने की कोशिश करनी चाहिए, न कि किसी से असहमति होने पर वह उसे घर छोड़ कर चले जाने की सलाह दे। भारत में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी रही हैं, इसका आकलन इसी से कर सकते हैं कि अतीत से लेकर वर्तमान तक अमूमन हर दौर में अलग-अलग विचारों को एक साथ फलने-फूलने और अभिव्यक्ति का मौका मिला और इसके समांतर 'अनेकता में एकता' का तत्त्व हमेशा ही देश की खासियत रही। यह विशेषता हमारी एक ताकत रही है। मगर विडंबना यह है कि लोकतंत्र के इस जीवन-तत्त्व को कई स्तरों पर नजरअंदाज करने और उसे बाधित करने की कोशिशें भी हो रही हैं, जिसका देश की लोकतांत्रिक छवि पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### ज्ञानवापी पर सचेत

ज्ञानवापी में एक निश्चित स्थान- व्यासजी का तहखाना में पूजा को मंजूरी मिलने के बाद जमीनी स्थितियों में तेजी से बदलाव आने लगा है। जिला न्यायालय के फैसले के बाद वहां पूजा-अर्चना भी शुरू हो गई है और श्रद्धालुओं के समूह उमड़ने लगे हैं। हालांकि, इसका एक दूसरा पहलू भी है कि अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद कमिटी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और न्यायालय ने फिलहाल पूजा पर रोक लगाने से मना कर दिया है।अंजुमन को अभी भी उम्मीद है कि सुनवाई होगी और हिंदुओं को प्रार्थना की अनुमति देने वाले वाराणसी अदालत के आदेश पर रोक लगेगी। फिलहाल, अंजुमन को उम्मीद इसलिए भी है कि अदालत ने संशोधित याचिका पेश करने के लिए कहा है। अंजुमन को अपनी दलीलों में परिवर्तन करना होगा और उसके बाद 6 फरवरी तक अदालत में जवाब दाखिल करना होगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जब अदालत में सुनवाई तेज हो गई है, तो दलीलों को अकाट्य बनाना कारगर हो सकता है। ऐसे मुकदमे कोई भी पक्ष केवल भावना या आस्था के बल पर नहीं जीत सकता। वाराणसी की अदालत ने भी काफी सुनवाई और तर्क-वितर्क के बाद पूजा को मंजूरी दी है और यह देखने लायक बात है कि लगभग 32 वर्ष पहले भी व्यास तहखाने में पूजा होती थी। अगर कोई यह चाहता है कि वहां पूजा न हो, तो उसके लिए मजबूत तर्क और सुबूत के साथ पेश होना पड़ेगा। दोनों में से कोई भी पक्ष केवल मनमानी या संख्या-बल के भरोसे न रहे, तो बेहतर है। दौड़कर सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय जाने से पहले दोनों पक्षों को अपने कागज व सुबूत दुरुस्त करने चाहिए। अयोध्या मामले में भी अदालत ने हर तरह के पहलू पर विचार किया था और उसके बाद ही पुख्ता फैसले की नौबत आई। वाराणसी कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है, उसे पलटने के लिए अदालतों को भी ठोस वजह की जरूरत पड़ेगी। वैसे, ऐसे फैसलों को हर कोई समान सहजता से स्वीकार नहीं करता है। अत- प्रशासन को हर तरह से सचेत रहना होगा। जिला अदालत के आदेश के बाद कुछ दुकानें बंद रही हैं और वाराणसी में पुलिस भी सचेत है। विशेष रूप से नमाज व पूजा के समय में सजग रहने की जरूरत है। लोगों में पहले की तुलना में सहिष्णुता कम हुई है और आस्था को लेकर लोग मुखर हुए हैं। किसी भी पक्ष को बंद या हड़ताल के आह्वान से बचना चाहिए।

## मोदी की राम-राम का मतलब

(शशि शेखर)

क्या आपने संसद के बजट सत्र से ऐन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मीडिया उद्बोधन सुना? उन्होंने अपने वक्तव्य की शुरुआत और समापन 'राम-राम' से किया। इसके तत्काल बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण में भी राम मंदिर का जिक्र आया। क्या केंद्र सरकार राम नाम के भरोसे अगले चुनावी समर में उतरने जा रही है? कोई कुछ भी कहे, पर मुझे ऐसा नहीं लगता। भरोसा न हो, तो राष्ट्रपति के अभिभाषण के अगले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो अंतरिम बजट पेश किया, उस पर नजर डाल देखिए, सब साफ हो जाएगा। मोदी और उनके सहयोगी तीसरे कार्यकाल की प्राप्ति के लिए इतने आश्वस्त हैं कि इस बार कोई लोक-लुभावन घोषणा नहीं की गई। पिछली बार चुनाव से पहले किसानों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा मध्यवर्ग के लिए आयकर की सीमा बढ़ाने के साथ असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पेंशन का तोहफा दिया गया था। यह दांव काम कर गया था और एनडीए पहले से ज्यादा सदस्यों के साथ लोकसभा पर काबिज हो गया। साफ है, प्रधानमंत्री इस बार नई दिल्ली के सर्वोच्च सदन में वापसी के मुद्दे पर पूरी तरह आश्वस्त हैं। आप चाहें, तो अंतरिम बजट को सरकार के आत्मविश्वास का दस्तावेज मान सकते हैं। यही वजह है कि मैं आज की चर्चा चुनाव के बजाय प्रधानमंत्री के 'राम-राम' पर केंद्रित रखना चाहता हूं। उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों को जानने वाले जानते हैं कि आपसी अभिवादन के लिए राम-राम से ज्यादा प्रचलित शब्द कोई और नहीं है। आज जिन लोगों को इन अल्फाजों में किसी धर्म विशेष की झलक दिखाई पड़ती है, उन्हें बताने में हर्ज नहीं कि चार दशक पहले तक इस सम्बोधन से किसी को परहेज न था। इस खूबसूरत तथ्य को समझाने के लिए अपने बचपन के एक अनुभव से आपको रूबरू कराना चाहूंगा। हमारे गांव में महज एक मुस्लिम परिवार रहता था। अलादीन खान साहब उसके मुखिया हुआ करते थे। वे विनम्र स्वभाव, पर रोबीली शख्सियत के स्वामी थे। उनकी ओर से वार्तालाप की शुरुआत हमेशा राम-राम से हुआ करती। पिता ने सिखाया था कि अगर मुस्लिम परिचितों से मिलो, तो उन्हें 'आदाब' बोला करो, पर अलादीन साहब आदाब का जवाब भी राम-राम से देते। क्या उन पर कोई सामाजिक दबाव था? कतई नहीं। वे जिस रवायत का हिस्सा थे, वहां ये शब्द सदियों से आम आदमी की भावसत्ता का प्रतीक हुआ करते थे। धार्मिक विभाजनों और विग्रहों का इससे कोई वास्ता नहीं था। तीन दशक पहले हिमाचल प्रदेश में समान अनुभव हुआ था। धर्मशाला के जिला सूचना विभाग में एक चपरासी थे - रामलाल। बेहद शिष्ट और हरदम मदद के लिए तत्पर। बाद में जिला सूचना अधिकारी ने बताया था कि मुसलमान होने के बावजूद वह रामलाल कहलाना पसंद करते हैं। जो नहीं जानते, उन्हें बता दूं। भारतीय सेना की कुछ इकाइयों के जवान आज भी अपने अधिकारियों और सहयोगियों का सत्कार इन्हीं दो लफ्जों के साथ करते हैं। धर्म और संप्रदाय इसमें कभी बाधा नहीं बनते। यहां एक किस्सा याद आता है। सन 1971 की जंग के बाद भारत ने पाकिस्तानी फौज के 90 हजार से ज्यादा सिपाहियों और अधिकारियों को युद्धबंदी बना लिया था। ये लोग देश की विभिन्न छावनियों में रखे गए थे। उसी दौरान एक भारतीय जवान से पाकिस्तानी फौज के वरिष्ठ अफसर ने पूछा कि तुम नाम से तो मुसलमान हो, पर अपने अफसरों को सैल्यूट करते वक्त राम-राम जी बोलते हो। ऐसा क्यों? तुम्हें तो 'अस्सलाम वालेकुम' बोलना चाहिए। हमारे जवान का जवाब था कि जब तक मैं ड्यूटी पर होता हूं, तब तक यही बोलता हूं। यह हमारी रेजीमेंट की परंपरा है और हममें से हर कोई इस पर गर्व करता है। ड्यूटी के बाद मैं किससे क्या बोलूं, इस पर कोई पाबंदी नहीं है। पाकिस्तानी अधिकारी और उसके सहयोगी इस जवाब पर हक्का-बक्का रह गए थे। पता नहीं, वे समझ पाए थे या नहीं कि एक सा डीएनए और समान इतिहास के बावजूद इस वैषम्य को सियासी स्वार्थ के लिए जतन के साथ गढ़ा गया था। वे जिनकी संतानें थे, उन्होंने मजहब के आधार पर मुल्क का बंटवारा कुबूल किया था, जबकि हिन्दुस्तानी सैनिक के वालिदैन मौका मिलने के बावजूद अपनी सरजमीं और संस्कारों को छोड़कर नहीं गए। पाकिस्तान धर्म के आधार पर बना, इसीलिए समय के साथ धार्मिक आग्रह वहां की जेहनियत पर हावी होते चले गए। भारत ने सर्वधर्म समभाव का रास्ता चुना और तमाम मतभेदों के बावजूद इस राह पर आगे बढ़ता गया। भारत और पाकिस्तान की आर्थिक और सामाजिक स्थिति के बीच बढ़ता वैषम्य इसी का नतीजा है। हो सकता है, आपमें से कुछ दोस्त अलादीन खान साहब और अनाम सिपाही के किस्सों से यह मतलब निकाल बैठें कि हिंदुओं की बहुसंख्या वाले देश में अल्पसंख्यकों को रंग-ढंग बदलना पड़ जाता है। सहोदर पाकिस्तान इसका जीता-जागता उदाहरण है। वहां कई हिंदू अल्पसंख्यक अपने बच्चों का नामकरण ऐसे करते हैं कि अगर कोई सिर्फ नाम से मजहब जानने की कोशिश करे, तो आसानी से समझ न सके कि सामने खड़ा शख्स किस धर्म को मानता है। भारत में ऐसा नहीं है। हम साथ रहते हैं और एक-दूसरे पर असर डालते हैं। 1970 के दशक के आखिर में मेरी ममेरी बहन की शादी एक इंजीनियर से हुई। बहनोई साहब जब पहली बार हमारे घर आए, तो उनका पहला दिन यादगार बन गया। उन्होंने सुबह की शुरुआत 'आदाब' से की, क्योंकि उनकी पढ़ाई-लिखाई अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में हुई थी। किसी ने इसे अस्वाभाविक नहीं माना। क्या आपको नहीं लगता कि वह मासूमियत रास्ता भटक रही है? इस लेख की शुरुआत में मैंने इसीलिए 1980 के दशक का उल्लेख किया था। इसी दौरान 'राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन' आरंभ हुआ था। उस जद्दोजहद के दौरान हुई हिंसा और ध्वंस बचाया जा सकता था, अगर सियासतदां इसे ईमानदारी से कानून और अदालतों के हवाले कर सिर्फ अपनी शपथ का पालन करते रहते। ऐसा नहीं किया गया। हमने आस्था को वोट बैंक की राजनीति में बदलने की कोशिश की, जिसका दुष्परिणाम सामने है। तेजी से पनपते हुए इस अलगाव को तभी रोका जा सकता है, जब हम चेहरों पर चस्पां मुखौटों की असलियत पहचान कर आगे का रास्ता निर्धारित करें। नरेंद्र मोदी यही कर रहे हैं। वे जानते हैं, ढकोसलों से किसी का भला नहीं होता। अपनी पहचान को कायम रखते हुए दूसरे की पहचान को स्वीकार करने में भला क्या हर्ज? यहां याद दिलाना ठीक रहेगा कि अब तक किसी प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन राम-राम या सत श्री अकाल से शुरू नहीं किया है। मोदी ने सत्ता संभालने के बाद कई काम पहली बार किए।

*धार्मिक विभाजनों और विग्रहों का इससे कोई वास्ता नहीं था। तीन दशक पहले हिमाचल प्रदेश में समान अनुभव हुआ था। धर्मशाला के जिला सूचना विभाग में एक चपरासी थे - रामलाल। बेहद शिष्ट और हरदम मदद के लिए तत्पर। बाद में जिला सूचना अधिकारी ने बताया था कि मुसलमान होने के बावजूद वह रामलाल कहलाना पसंद करते हैं। जो नहीं जानते, उन्हें बता दूं। भारतीय सेना की कुछ इकाइयों के जवान आज भी अपने अधिकारियों और सहयोगियों का सत्कार इन्हीं दो लफ्जों के साथ करते हैं।*

## लालकृष्ण आडवाणी ने बदला भारत की राजनीति का कलेवर

(तरुण विजय)

अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना, उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था। लाल कृष्ण अडवाणी को भारत रत्न मिलना वास्तव में सम्मान का ही सम्मान है, दो से शिखर तक ले जाने वाले भाजपा के राम भक्त सेनानी नेता अडवाणी ने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को स्थापित किया जब उसके बारे में कहा जाता था की यह तो एके हंगल जैसे साइड करैक्टर की तरह हो सकती है मुख्य धारा में तो कांग्रेस और सेकुलर दल रहेंगे। अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना, उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था। किसी ने उनसे पहले छद्म सेक्युलर वाद की चर्चा प्रारम्भ करने का साहस नहीं दिखाया था। उन्होंने विश्वास पैदा किया कि हिंदुत्व पर आधारित राजनीतिक दल देश में सबके साथ समन्वा कर सकती है- जब उनके नाम के लिए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी स्वाभाविक मानी जाती थी उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अटल जी को प्रधानमंत्री पद हेतु घोषित कर सबको अचंभित कर दिया था। उनके जीवन की सबसे बड़ी यात्रा सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा रही जिसमें मैं उनके साथ रथ में श्री नरेंद्र मोदी जीके साथ बराबर बना रहा। जहाँ उनकी रथ यात्रा के पहुँचने का समय रात्रि नौ बजे होता था, मार्ग में अत्यधिक उत्साह और भीड़ के कारण इतनी देरी होती थी कि हम रात्रि 1-2 बजे पहुँच पाते थे, फिर भी हज़ारों लोग उनको सुनने के लिए टिके रहते थे। उनकी रथ की पूजा होती थी, उनके टोयोटा रथ के टायरों की पूजा होती थी, उनको हिन्दू पुनर्जागरण का अग्रदूत माना जाता था। अडवाणी जी सहृदय और सदैव कार्यकर्ताओं के स्नेही रहे। जब जब नरेंद्र भाई मोदी के लिए संगठन में संकट आया उन्होंने अटलजी से आग्रहपूर्वक उनका साथ दिया.. नरेंद्र भाई ने भी आडवाणी जी के प्रति अपना आदर भाव सदैव बनाये रखा। उन के साथ लम्बे समय तक अंतरंग कार्य करते हुए उनके शालीन, शांत, कभी न उग्र होने वाले स्वाभा से मैं सुपरिचित हूँ। उन्होंने सिंधु दर्शन कार्यक्रम के लिए पूरा सहयोग और आशीर्वाद दिया जिससे लड़काः की रक्षा हो सकी और वहां के आर्थिक विकास के लिए असाधारण सहा यता मिली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान स्वयंसेवक हैं। उन्होंने भारत रत्न की स्वीकारोक्ति का जो वक्तव्य दिया है उसमें परम पूज्य श्री गुरूजी के उस वाक्य का उद्धरण दिया है जिसमें इदं न मम इदं राष्ट्राय स्वाहा कह कर सब कुछ राष्ट्रार्पित करने की बात कही गयी थी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के प्रति उनकी अनन्य भक्ति इतनी है कि उनको एकात्म मानववाद का व्याख्याता भी कहा गया। आर्गेनाइज़र साप्ताहिक में फ़िल्म समीक्षक तथा जब उसके संपादक श्री के आर मलकानी अमरीका यात्रा पर गए तो उसका कार्यभार सँभालने वाले अडवाणी जी की फिल्मों में रूचि जगत प्रसिद्ध है। हर अच्छी फिल्म का उनके द्वारा अक्सर दिल्ली के महादेव रोड फिल्म सभागार में प्रदर्शन होता ही था। उनके साथ मुझे कई फिल्में देखने का अवसर मिला। जब वे देहरादून आये तो मेरी माताजी से मिलने हमारे एक अत्यंत तंग गली के, मकान में आये थे तो पूरे नगर में आश्चर्य हुआ सुरक्षा कर्मी बेहद परेशान भी हुए। उसी रात्रि हम सब देहरादून के एक थियटर में फिल्म देखने गए। उनके जीवन में बहुत दुख वेदनाएँ आयीं। कई अत्यंत कष्टकारी प्रकरण बने, जिन्होंने उनको बहुत व्यथित किया। पर कभी अपने दुःख, वेदना को उन्होंने व्यक्त नहीं किया। अडवाणी जी शाकाहारी हैं, नियम के पक्के, बहुत सीमित और काम खाने वाले। उनको चोकोलेट पसंद है और नवीन पुस्तकों का उनके पास भंडार रहता है। उनके ब्लॉग बहुत लोकप्रिय रहे और उनकी आत्मकथा ने रेकार्ड तोड़ बिक्री की थी। उनके साथ मेरा पहला साक्षात्कार 1979 में पाञ्चजन्य के लिए किया था- और अनेकानेक साक्षात्कारों का संग्रह दिल्ली की प्रकाशक किताबघर ने छापा है। वे बहुत भावुक हैं और जरा सी भावनाप्रधान बात पर उनकी आंखे नम हो जाती हैं।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5274


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

### वर्ग पहेली 5274



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. भारत के पूर्व में अंतिम छोर पर अरूणाचल प्रदेश में इस जिले में किबितुगांव है, लाल रंग का (3)
4. ब्रह्मपुत्र नदी को भारत में यह कहते है (4)
8. आरजू, हसरत, मनावांछा (3)
9. लहराना, धधकना (4)
10. पेड़ की जमीन के ऊपर का मोटा भाग जहां से शाखाऐं निकलती है (2)
12. प्रभू, परमेश्वर (2)
13. निशाचर, असुर (5)
16. अनीति, अन्याय, अत्याचार (2)
18. वज्र, बिजली, विद्युतपात (2)
19. यह जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत है (2)
21. पागलों की तहर बड़-बड़ करना (4)
23. किसी वीआईपी के आने पर तोपों का फैर, सलाम करना (3)
24. क्षितिज मंडल के चारों भागों में से कोई, ओर, तरफ, शौच स्थान (2)
25. रहनुमा, पथ प्रदर्शन (4)

**ऊपर से नीचे**
1. संसार का चाल-चलन (4)
2. बर्फ, पाला, तुषार (2)
3. खींचतानी, वैमनस्यता (4)
4. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
5. उमंग, मौज, तरंग, कंप (3)
6. वह चोर जो दीवार में सेंध करके चोरी करता हो (5)
7. यह अभिनेता नसीरूद्दीन की सास थी (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
11. नाचना-गाना (4)
14. मटमैले रंग की एक प्रसिद्ध धातु (2)
15. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र को स्वच्छ करने वाला (3)
17. निरर्थक, बेकार, निकम्मा (3)
20. जीवन निर्वाह, गुजारा (3)
21. वर्तमान दौर के इस गीतकार के पिता भी पुरानी फिल्मों के गीतकार थे, हवा, बयार (3)
22. अद्भूत, अनोखा (3)

### वर्ग पहेली 5273 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ल | का | ता | | सु | ब | ल |
| कि | त | ना | | | ख | ल | क |
| ल | | फू | ल | न | दे | वी | |
| कं | जू | सी | | | व | र | ना |
| ठ | न | | सो | म | | | ते |
| | | क | म | ल | ना | थ | |
| रो | म | | ना | य | क | | डा |
| ज | न | प | थ | | ना | सि | क |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज लाभ होगा और आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। कानूनी विवाद में विजय मिलेगी और आपका परिवार के साथ कहीं जाने का मन कर सकता है। आपकी कोई योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

**वृष**
आज लाभ का दिन है और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको नौकरी और कारोबार में नए अवसर प्राप्त होंगे। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज कारोबार में शाम तक कोई खास डील फाइनल हो सकती है। आपको ऑफिस में विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन**
कन्या आज बेहतर होगा कि आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ सभी कार्य करें।

**तुला**
आज का दिन काफी बिजी रखने वाला रहेगा। धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। शाम के वक्त आपका परिवार के साथ कहीं जाने का प्लान बन सकता है।

**वृश्चिक**
आज लाभ होगा और दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। बेहतर होगा कि समझदारी से काम लें।

**धनु**
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। आपके अधूरे पड़े सभी काम पूरे हो जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। आज ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में कहीं शादी में जाने का पलान बन सकता है।

**कर्क**
आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से आपकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

**सिंह**
आज दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की मदद करें तो आपको लाभ होगा।

**कन्या**
आज का दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

**मकर**
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें और अपने कार्य समय से पूरे करते रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। नौकरी और कारोबार से जुड़े लोगों के लिए लाभ का दिन है।

**कुंभ**
आज का दिन सावधानी और सतर्कता से हर काम करने वाला है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। बेहतर होगा कि सोचसमझकर काम करें।

**मीन**
आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपको कोई नया कार्य करने में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी आपके दिमाग में आएंगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### चंपई के विश्वास मत हासिल करने पर दी बधाई

**टुंडी , एजेंसी।** झारखंड सरकार के मुखिया चंपई सोरेन के विश्वास मत हासिल करने के बाद सिजुआ क्षेत्र में बधाईयों का तांता लग गया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र व झामुमो के युवा नेता दिनेश कुमार महतो ने झारखंड विधानसभा में चंपई सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार ने बहुमत प्राप्त करने पर बधाई दी है। कहा कि विरोधियों के मंसूबे विफल हुए। राजद के प्रदेश महासचिव सुखदेव विद्रोही ने फ्लोर टेस्ट में ऐतिहासिक जीत पर सभी विधायकों को बधाई दी।

### भाजपा बाघमारा मंडल ने की गांव चलो अभियान पर चर्चा

**बाघमारा, एजेंसी।** भाजपा के बाघमारा प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बाघमारा मंडल अध्यक्ष बच्चू राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शत्रुघन महतो शामिल हुए। बैठक में भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बाघमारा मंडल के 16 पंचायतों के 81 बूथ के अध्यक्षों को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शत्रुघ्न महतो ने अभियान के तहत 4 से 11 फरवरी तक गांवों में प्रवास कर गांव में रहने वाले स्वयं सहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता, शहीद सैनिक के परिवार, नक्सली हमले से पीड़ित परिवार व राजनीतिक प्रतिद्वंदिता में शहीद परिवारों से मिलकर सहानुभूति प्रकट करने के साथ धार्मिक स्थलों पर पूजन करने, पीएम आवास, उज्जवला योजना, शौचालय, किसान निधि योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभुकों से मिलने की बात कही।

### परिवहन यूनियन ने डीएसपी के समक्ष रखीं समस्याएं

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन, सेवा दल चालक संघ के पदाधिकारी और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मंगलवार को नए यातायात पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात की। जिले में यातायात समस्याओं पर अपनी बातों को रखा। जाम की समस्याओं के कारणों को बताया गया। उन्होंने कहा कि सड़कों का अतिक्रमण, पार्किंग की व्यवस्था न होना, अल्प ठहराव के अभाव में जाम मुख्य कारण हैं। ट्रैफिक डीएसपी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ बैठक कर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मौके पर झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के सुनील कुमार पासवान, राजेश प्रसाद, गुड्डू शाह, फैयाज अहमद, मो मुनीर, नरेश साहु, दशरथ रजक, सेवा दल चालक संघ के अध्यक्ष बबलू सिंह, नवीन कुमार झा, मो इम्तियाज, पप्पू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड के खूंटी में सनसनीखेज वारदात, घर में घुसकर पत्नी के सामने पति की हत्या

**खूंटी, एजेंसी।** खूंटी जिला के मुरहू थाना क्षेत्र की हेठगोवा पंचायत के एदलडीह गांव में रविवार की रात घंसू ओडेया (30) की अज्ञात अपराधियों ने टांगी से काटकर हत्या कर दी। घंसू के विरोध करने पर अपराधियों ने उसकी पत्नी मनीषा के गले पर छुरा रखकर उसके सामने ही हॉकी स्टिक, डंडा और धारधार हथियार से वारकर हत्या कर दी। मुरहू पुलिस ने सोमवार की सुबह उसका शव बरामद किया। परिजनों के अनुसार रविवार की रात घंसू अपनी पत्नी मनीषा और दो नाबालिग बच्चों के साथ खाना खाने की तैयारी में जुटा था। उसी समय रात में लगभग नौ बजे लगभग छह अज्ञात लोग उसके घर पहुंचे और जोर-जोर से दरवाजा पीटने लगे। इसके बाद सभी दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। इसी बीच दो अपराधियों और घंसू के बीच मारपीट होने लगी तभी अन्य अपराधी भी अंदर प्रवेश कर गए। सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आंगन में तीन अंगुली पड़ी हुई थी। साथ ही कुछ दूर तक खून के धब्बों के निशान थे। घंसू के हाथ की अंगुली सलामत थी। इससे अंदेशा है कि तीनों अंगुली किसी एक अपराधी की है। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। घंसू की पत्नी ने बताया कि सभी अपराधी मुंडारी भाषा में बात कर रहे थे और सभी ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सरकार बनी तो हम बढ़ाएंगे रिजर्वेशन, झारखंड में आखिरी दिन राहुल गांधी का वादा

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में आठ फीसदी आदिवासी, 15 फीसदी दलित व 50 फीसदी ओबीसी आबादी है। अगर इनकी कुल जनसंख्या 73 प्रतिशत है, तो आरक्षण पर केवल 50 प्रतिशत की सीमा क्यों है केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, तो आरक्षण की सीमा बढ़ाई जाएगी। साथ सामान्य वर्ग के गरीबों का भी ध्यान रखा जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना कराएंगे। आबादी के हिसाब से पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को भागीदारी दी जाएगी। वे गुमला के बसिया प्रखंड के कोनबीर में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। इससे पूर्व राहुल गांधी का खूंटी से मंगलवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कारवां निकला। उन्होंने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद कामडारा में रोड शो किया और ओडिशा जाने के पूर्व सिमडेगा के बांसजोर में सभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जाति जनगणना से घबराएं नहीं। पीएम खुद को ओबीसी कहते हैं। बीच में वो कंफ्यूजड हो गए और



फिर कहने लगे कि देश में सिर्फ दो ही जातियां हैं- अमीर और गरीब। इसलिए उन्हें पहले फैसला करना चाहिए कि वे क्या हैं देश में पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है। हम चाहते हैं कि आबादी के हिसाब से ओबीसी, दलित व आदिवासियों को भागीदारी मिले। उन्होंने कहा कि नई कमी दिखी है इसलिए उसे ठीक करना है।

**सरना कोड और जमीन विवादों को लेकर चंपाई सोरेन से करेंगे बात :** राहुल गांधी ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से उन्होंने मुलाकात की है। वे बातचीत को सार्वजनिक नहीं करेंगे, लेकिन हेमंत सोरेन के साथ भाजपा अन्याय कर रही है। न्याय यात्रा के दौरान कई किसान, आदिवासी, गरीब, जमीन पर इनपुट मिले है। इसमें से वे झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से सरना कोड व जमीन संबंधी मामलों पर चर्चा करेंगे।

**केंद्र में गठबंधन सरकार बनी तो जीएसटी हटाएंगे :** राहुल ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनी, तो जीएसटी को सबसे पहले हटाएंगे। नया फाइनेंशियल प्लान लागू करेंगे। जीएसटी-नोटबंदी से सबसे ज्यादा नुकसान छोटे दुकानदारों, व्यवसायियों व आम लोगों को हुआ है। जो देश को रोजगार देते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री और अदानी ने नोटबंदी व जीएसटी लागू कर खत्म करदिया।

**ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन का हिस्सा :** राहुल गांधी ने कहा कि ममता बनर्जी पूरी तरह से इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। अधिकतर दल जो गठबंधन का हिस्सा हैं, वे अभी भी गठबंधन के सदस्य हैं। सिर्फ नीतीश कुमार ने गठबंधन छोड़ दिया है और वह भाजपा में चले गए हैं। उनके जाने की वजह का अंदाजा लगाया जा सकता है।

बिहार में इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा। इसलिए वह इस बात से सहमत नहीं हैं कि हमारे कई साथी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा पूरे देश में ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी एजेंसियों के सहारे विपक्ष पर आक्रमण कर रही हैं। इन एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह आज की राजनीति की सच्चाई है। भाजपा ने झारखंड में सरकार गिराने की कोशिश की, लेकिन हमने ये होने नहीं दिया।



### मैं मुस्कुराती रहूंगी; सालगिरह पर हेमंत के लिए पत्नी कल्पना सोरेन का मैसेज

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शादी को 18 साल हो गए हैं। बुधवार को सालगिरह पर संभवत~ पहली बार वह पत्नी कल्पना और परिवार के साथ नहीं हैं। कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए जा चुके हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने इस मौके पर पति का साहस बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वह योद्धा की पत्नी हैं और इसलिए मुस्कुराते हुए संघर्ष में पति को शक्ति देंगी।

इन दिनों पति का सोशल मीडिया अकाउंट संभाल रहीं कल्पना सोरेन ने बुधवार को हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल पर एक खास संदेश लिखा। उन्होंने कहा, झारखंड के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हेमंत जी ने झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने षड्यंत्र से लड़ना और उसे हराने के लिए अपने आप को समर्पित करना बेहतर समझा। आज हमारी शादी की 18वीं सालगिरह है, पर हेमन्त जी परिवार के बीच नहीं हैं। बच्चों के साथ नहीं हैं।

कल्पना ने आगे लिखा, विश्वास है वो इस षड्यंत्र को हरा विजेता बनकर हम सभी के साथ शीघ्र होंगे। मैं एक वीर झारखंडी योद्धा की जीवन साथी हूं। आज के दिन मैं भावुक नहीं होऊंगी। हेमन्त जी की तरह ही विषम परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए उनके साहस और संघर्ष की शक्ति बनूंगी। कल्पना ने पति के साथ एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह खाना पकाने की तैयारी करती दिख रही हैं।झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी हेमंत और कल्पना सोरेन को शुभकामनाएं दीं।

## प्रदेश में फिर बदला मौसम का मिजाज, हल्की बारिश के बाद बादल छंटे

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में सोमवार को बारिश हुई। राज्य के उत्तरी हिस्सों में हल्की बारिश हुई। इससे मौसम में बदलाव हुआ है। राजधानी में सुबह में आंशिक बादल छाए रहे। बावजूद राजधानी में दिन का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि, न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम और अधिकतम दोनों तापमान सामान्य से अधिक रहा। इससे दिन में ठंड से राहत मिली।



मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी समेत राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश हुई। कुछ हिस्सों पर आंशिक बादल छाए हुए हैं। यह मंगलवार को साफ हो जाएंगे। इसके बाद सर्द हवा का रुख झारखंड की ओर होगा। इससे राजधानी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कमी आएगी और रात की कनकनी फिर बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले चार दिन आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उत्तरी हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश हुई। गढ़वा के नगर उटारी में सबसे ज्यादा आठ मिमी बारिश हुई।

वहीं बरही, भवनाथपुर, लेस्लीगंज, चतरा, हजारीबाग, चंद्रपुरा, रामगढ़ आदि जगहों पर बारिश हुई। इन जगहों पर बारिश होने से दिन में ठंड में वृद्धि हुई है। बारिश होने के कारण मेदिनीनगर का अधिकतम तापमान चार डिग्री नीचे गिरा। यह 27.6 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे की तुलना में यहां अधिकतम पारा में तीन डिग्री कमी आयी। वहीं, न्यूनतम पारा 13.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 30.3 और न्यूनतम 15.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं देवघर, चतरा, गोड्डा, गिरिडीह और साहिबगंज में अधिकतम तापमान 24 डिग्री से नीचे रहने के कारण दिन में ठंड का अहसास हो रहा है।

# कोर्स से बाहर पूछे गए सवाल तो...बोर्ड एग्जाम देकर निकले बच्चों ने की शिकायत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मैट्रिक-इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरुआत मंगलवार से हुई। पहले दिन परीक्षा केंद्रों में राज्य भर में करीब 98 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। मंगलवार को मैट्रिक में आइआइटी व वोकेशनल की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कंप्यूटर के प्रश्नों के साथ-साथ इससे जुड़े सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। जिससे कुछ प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को काफी उलझाया।



छात्रों ने कहा कि कोर्स से बाहर के प्रश्नों को पूछा गया, जिसका उत्तर देने में परेशानी हुई। परीक्षार्थियों ने दावा किया कि इस तरह के करीब 15 अंकों के प्रश्न बाहर से दे दिए गए थे, जिसकी तैयारी उन लोगों ने नहीं की थी।जबकि कंप्यूटर के जो सवाल थे वो कुछ घुमावदार थे।

परीक्षार्थियों ने बताया कि कंप्यूटर कोर्स से जुड़े कुछ ऐसे सवाल थे जो सामान्य ज्ञान से जुड़े थे। इसमें से एक सवाल था कि डब्लू डब्लू डब्लू की शुरुआत कब से की गई। एचटीएमएल को किसने बनाया व कब से इसकी शुरुआत हुई।

साथ ही कंप्यूटर से जुड़े कई ऐसे प्रश्न थे जो मुख्य विषय से थोड़े अलग रख परीक्षार्थियों के ज्ञान को आंकने के लिए रखा गया था। जिसमें कंप्यूटर के बेसिक चीजों के उपयोग में कब से आने से लेकर इससे जुड़े फायदों पर प्रश्न पूछा गया। छात्रों ने बताया कि कंप्यूटर का कोई माडल प्रश्न पत्र भी इस बार जारी नहीं किया गया था। जिससे भी छात्रों को कोई लाभ नहीं मिल पाया।

परीक्षार्थियों ने बताया कि कुछ ऐसे प्रश्न थे जिसका उत्तर देने में परेशानी हुई। एक प्रश्न पूछा गया था कि कंप्यूटर के रिकार्ड को कैसे डिलिट किया जाता है। प्रश्न काफी सरल था, लेकिन इसके लिए कई छात्रों ने प्रैक्टिकल तक नहीं की थी, जिस कारण अपनी बातों को लिख पाने में उन्हें काफी परेशानी हुई। साथ ही ब्लागिंग को लेकर भी कई प्रश्न किए गए जिसके जवाब में भी परीक्षार्थी परेशान रहें।

## प्रदेश में डा. रामेश्वर उरांव को मिल सकती है वित्त मंत्री की जिम्मेदारी, बजट सत्र से पहले चंपई सरकार को लेना होगा फैसला

**रांची।, एजेंसी।** झारखंड में बजट सत्र को लेकर तैयारियां अधिकारियों के स्तर से तो चल रही है, लेकिन वित्त मंत्री के नहीं होने से संशय का वातावरण बना हुआ है। सरकार की प्राथमिकताएं भी बदलने की संभावना जताई जा रही है। मुख्यमंत्री का चेहरा बदलने से बहुत अधिक बदलाव तो नहीं होगा, लेकिन कुछ ना कुछ परिवर्तन अवश्य होंगे। फिलहाल राज्य सरकार को एक वित्त मंत्री का नाम तय कर आगे की तैयारी को तेजी से बढ़ना होगा।

हेमंत कैबिनेट में वित्त मंत्री रहे डा. रामेश्वर उरांव अभी कैबिनेट से बाहर हैं और हो सकता है कि उन्हें या अन्य किसी को यह जिम्मेदारी दी जाए। इसके अलावा और भी कई कार्य करने होंगे। बजट सत्र से पहले कैबिनेट का विस्तार भी होना तय है।

राज्य सरकार पूर्व में बजट पेश करने को लेकर 16 फरवरी की तिथि तय कर चुकी थी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री के जेल जाने से पूरा समीकरण गड़बड़ा गया है। अब जाकर यह तय किया जा रहा है कि 23 फरवरी से बजट सत्र की शुरुआत की जाए।संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि तैयारियों के अनुसार 23 से बजट सत्र की शुरुआत होगी और इसके बाद 24-25 फरवरी को अवकाश होगा। 26 से लेकर 28 के बीच बजट पेश किया जा सकता है।

पूर्व में जहां 29 फरवरी को बजट सत्र के समापन की संभावना थी वहीं अब बजट सत्र मार्च महीने तक बढ़ गया है। सूत्रों के अनुसार बजट सत्र का मूल भाव वही रहेगा, जो पिछले दिनों हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को बैठक के दौरान निर्देश दिए थे। नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

बजट सत्र से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार करना होगा। मंत्रियों के बदलने से भी विभागों की प्राथमिकताएं बदलने की संभावना है जिसे बजट में समाहित करना होगा। पूर्व में विभागों के स्तर से की गई तैयारियों में अब कई फेरबदल होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

## होमगार्ड को मिले समान काम के बदले समान वेतन, आदेश का पालन नहीं होने पर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की अदालत में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के आदेश का पालन नहीं किए जाने पर दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। होमगार्ड के जवानों को समान कार्य के लिए समान वेतन न मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।

सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अगर अगली सुनवाई तक कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जाता है, तो गृह सचिव और होमगार्ड डीजी को कोर्ट में उपस्थित होना होगा। मामले में अगली सुनवाई नौ फरवरी को होगी।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली है। उनकी एसएलपी खारिज हो चुकी है।सरकार की ओर से कहा गया कि अदालत के आदेश का पालन करने की कार्रवाई की जा रही है। इसमें समय लगेगा। इस पर अदालत ने सरकार को आठ सप्ताह का समय प्रदान करते हुए आदेश के अनुपालन का निर्देश दिया है।

इस संबंध में अजय प्रसाद की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई है। पूर्व में एकल पीठ ने इस मामले में होमगार्ड जवानों को पुलिस के समान न्यूनतम वेतन और अन्य भत्ता का लाभ देने का निर्देश दिया है।

इसके खिलाफ सरकार खंडपीठ में अपील दाखिल की थी। लेकिन अदालत ने सरकार की अपील खारिज कर दी। इसके खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट गई, लेकिन सरकार की एसएलपी भी खारिज हो चुकी है।

## पुराना बीएड कोर्स बंद , आईटीईपी कर अब टीचर बन सकेंगे अभ्यर्थी

**रांची , एजेंसी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के चलते नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) द्वारा बीएड कोर्स में फिर बदलाव करने की घोषणा की गई है। अब पुराने चार साल के बीएड कोर्स (बीए बीएड और बीएससी बीएड) को भी बंद करने की जा रही है। इससे पहले एनसीटीई द्वारा दो साल के विशेष बीएड कोर्स की पढ़ाई को बंद कर दिया गया था। एनसीटीई ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पुराना चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स की पढ़ाई नहीं होगी। यानि 2024-25 का सत्र पुराने चार वर्षीय बीएड कोर्स का आखिरी सत्र होगा।

इसके बाद नए दाखिले नहीं होंगे। अब शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में सिर्फ नया चार वर्षीय बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स आईटीईपी (बीए बीएड और बीएससी बीएड) संचालित किए जाएंगे। बताते चलें कि एनसीटीई ही देश में शिक्षकों के प्रशिक्षण, उनके पाठ्यक्रम और सिलेबस, शिक्षण विकास से जुड़े मामलों को देखती है। नोटिस के मुताबिक, एनसीटीई ने चार वर्षीय बीएड इंटीग्रेटेड बीए-बीएड और बीएससी-बीएड कोर्स 2014 रेगुलेशन में संशोधन किया है। नए नियम देश में चार वर्षीय बीएड कोर्स चलाने वाले सभी कॉलेजों और संस्थानों में सत्र 2025-26 से लागू हो जाएंगे।क्या है नया नियम ~ एनसीटीई ने पुराने चार वर्षीय बीएड की पढ़ाई करा रहे संस्थानों से कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत से पहले संशोधित नियमों के अनुसार नए एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम आईटीईपी (आईटीईपी बीएड) में परिवर्तित हो जाएं।

# झारखंड ने चंडीगढ़ को फॉलोअन खेलने पर मजबूर किया

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड ने टाटा डिगवाडीह स्टेडियम में खेले जा रहे कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 क्रिकेट मैच के तीसरे दिन चंडीगढ़ पर अपना शिकंजा कस दिया है। झारखंड की पहली पारी में बने छह विकेट पर 649 रनों के जवाब में चंडीगढ़ की पहली पारी मंगलवार को लंच के आधे घंटे बाद 269 रनों पर सिमट गई। पहली पारी के आधार पर 380 रनों से पिछड़ी चंडीगढ़ टीम को फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। दिन के खेल समाप्त होने तक 178 रनों पर चंडीगढ़ के पांच टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके हैं। चंडीगढ़ अभी 202 रनों से पिछड़ा हुआ है और बुधवार को मैच का अंतिम दिन है। वहीं झारखंड को इस मैच में बड़ी जीत अर्जित कर बोनस अंक लेने का सुनहरा अवसर है।

चंडीगढ़ ने मंगलवार की सुबह अपनी पारी दो विकेट पर 112 रनों से आगे बढ़ाई। हरनूर पन्नू ने कल के अपने स्कोर में आठ रन और जोड़ते हुए अपना अर्धशतक तो पूरा किया, लेकिन इसी स्कोर पर वे जतिन पांडेय का शिकार बन गए। दूसरे नाबाद बल्लेबाज नेहाल पजनी (102) ने अपना शतक पूरा किया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। इसके अलावा चिरागवीर ढींढसा (22) और राज अंगद बावा (33) ही कुछ संघर्ष कर पाए। चंडीगढ़ की पारी सस्ते में समेटने में मनीषी और धनबाद के कोनैन कुरैशी ने अहम भूमिका निभाई। मनीषी ने 11 और कोनैन ने 61 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। जतिन पांडेय ने 50 देकर दो विकेट लिए। साहिल राज और हर्ष राज को एक-एक विकेट मिला। दूसरी पारी में अर्णव बंसल (40) और हरनूर पन्नू (50) ने चंडीगढ़ को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन फिर दोनों को ही मनीषी ने अपना शिकार बना लिया। हरनूर दोनों पारियों में 50 रन पर आउट हुए। इसके बाद दिन के अंत में कोनैन ने दो विकेट झटक कर चंडीगढ़ को हार के मुहाने पर ढकेल दिया। राज अंगद दो और चिरागवीर शून्य रन बनाकर खेल रहे हैं। मनीषी दूसरी पारी में अब तक तीन और कोनैन दो विकेट ले चुके हैं।

## रांची में हर दूसरे दिन हो रहा दुष्कर्म, कभी पार्टी से तो कहीं मेले से लौट रही लड़की को बना रहे शिकार

**रांची, एजेंसी।** रामेश्वर उरांवजिले में महिलाएं व लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। हर दूसरे दिन दुष्कर्म की घटना हो रही हैं। वर्ष 2023 में 232 दुष्कर्म की घटनाएं हुई। 2022 में 190 दुष्कर्म की घटनाएं हुई। रांची पुलिस द्वारा लोगों की सुरक्षा और उनकी मदद करने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई थी। लेकिन एक भी योजना को लागू करने में पुलिस को सफलता नहीं मिली।स्कूल और कॉलेज के पास शक्ति कमांडो की तैनाती की गई थी। लेकिन किसी कालेज और स्कूल के पास शक्ति कमांडो की महिला जवान नहीं दिखाई पड़ती हैं। पुलिस के लिए शक्ति एप जारी किया गया था।पुलिस इस एप के बारे में महिलाओं को ज्यादा जागरूक नहीं कर पाई। शहर के मॉल, स्कूल और कालेज के समीप शोहदे अड्डेबाजी करते हैं। इनके खिलाफ पुलिस कभी अभियान नहीं चलाती है।दिशा एक्ट में प्रविधान किया गया था कि दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, दुष्कर्म हत्या आदि घटनाओं के मामलों में पुलिस को सात दिनों के भीतर जांच पूरी करनी होगी। 14 दिनों के भीतर विशेष अदालत ट्रायल पूरा करेगी और एक माह के भीतर सजा होगी।दुष्कर्म हत्या के दोषी को उम्र कैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रविधान है। बाल यौन शोषण के दोषियों के लिए 10 से 14 साल तक की सजा का प्रविधान है।सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफार्म पर किसी महिला के सम्मान को आघात पहुंचाने की स्थिति में पहली बार दो साल व दूसरी बार चार साल की सजा का प्रविधान इस एक्ट में किया गया है।अनगड़ा इलाके में आरोपित धनीराम मुंडा ने मेला से लौट रही युवती के साथ जंगल में दुष्कर्म किया। घटना के बाद लोग इतने उग्र हो गए कि आरोपित के शरीर पर जहरीला तेल डाल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नकली नोट बनाने का इनामी गिरफ्तार, पुलिस को गच्चा देकर भाग निकला था, महाराष्ट्र से पकड़ा गया

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में जीआरपी कैंट ने सर्विलांस की मदद से नकली नोट बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर 15 हजार रुपये का इनामी घोषित था। जीआरपी ने उसे महाराष्ट्र स्थित एक घर से पकड़ा है। इससे पहले यह पुलिस को गच्चा देख भाग निकला था। मथुरा जीआरपी ने 9 दिसंबर, 2022 नकली नोट बनाने वाले गिरोह को पकड़ा था। इस मामले में सर्वेश कुमार निवासी आशा बिधुना थाना अछल्दा जिला औरैया की तहरीर पर नकली नोट बनाने व बाजार में चलाने के आरोप में कलीमुल्ला काजी निवासी वार्ड नंबर छह खटीकों का मोहल्ला, थाना चौथ का बरवाड़ा जिला सवाई माधवपुर, राजस्थान समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा था।

**चल रहा था फरार:** इस मामले में दानिश उर्फ करन शर्मा निवासी शिवशक्ति नगर साईं बाबा मंदिर, चाल नंबर 2428 पांडेचाल थाना कलवा ठाणे, महाराष्ट्र फरार चल रहा था। इस पर जीआरपी ने 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक रेलवे आदित्य लाग्हे ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम को महाराष्ट्र भेजा।

**घर से ही पकड़ा गया:** टीम ने आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में उसने नकली नोट बनाना स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना जीआरपी कैंट के एसआई देवव्रत, सर्विलांस प्रभारी एसआई अमित कुमार, विजयपाल सिंह, महेंद्र सिंह शामिल रहे।

### जिला महिला अस्पताल में फिर खराब हुई लिफ्ट, प्रसूताएं परेशान; दूसरी नौ महीने से पड़ी बंद

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में जिला महिला अस्पताल में लिफ्ट चलने से ज्यादा खराब पड़ी रहती है। इससे गर्भवती व प्रसूताओं को परेशानी होती है। लिफ्ट खराब होने के बाद ठीक होने में भी कई हफ्ते लग जाते हैं। मजबूरी में मरीजों को सीढ़ियों या रैंप का सहारा लेना पड़ता है। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए 100 शैया बिल्डिंग बनाई गई थी। प्रतिदिन 300 से अधिक गर्भवती महिलाएं इलाज के लिए आती हैं। प्रतिदिन 20 से 22 प्रसव होते हैं। पर, अस्पताल में जांच के लिए दूसरे तल व प्रसव के बाद प्रसूता को तीसरी मंजिल पर बने वार्ड में रखा जाता है। मरीजों की सुविधा के लिए दो लिफ्ट लगवाई गई हैं। इसमें से एक लिफ्ट हमेशा बंद रहती है। दूसरी लिफ्ट यदा-कदा संचालित होती है। वर्ष 2023 में लिफ्ट को दो बार ठीक कराया गया। उसके बाद फिर से लिफ्ट खराब हो गई।

### विजिलेंस टीम ने तहसील के बाबू को घूस लेते रंगे हाथ दबोचा, बीएलओ से ड्यूटी काटने के नाम पर मांगी थी रकम

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुधवार को विजिलेंस टीम ने सदर तहसील के बाबू को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बीएलओ से ड्यूटी काटने के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत पर विजिलेंस टीम पहुंची और मौके से दबोच लिया। सदर तहसील में तैनात बाबू के पास बीएलओ की ड्यूटी लगाने की जिम्मेदारी है। एक शिक्षक ने परेशानी के चलते ड्यूटी न लगाने की बात कही। इस पर बाबू ने शिक्षक से 10 हजार रुपये घूस की मांग की। शिक्षक की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने बाबू को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ड्राइविंग सीख रहे थे हेड कांस्टेबल, नाले में गिर गई कार; कोठी मीना बाजार मैदान में हुआ हादसा

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में ड्राइविंग सीखने दौरान एक कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। हादसा देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने पहले कार सवार पुलिसकर्मी समेत दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को भी निकाला गया। घटना शाहगंज थाना क्षेत्र के कोठी मीना बाजार मैदान की दोपहर करीब 12 बजे की है।

# प्राइमरी स्कूलों में फिलहाल नहीं होंगी शिक्षक भर्ती, लेकिन बढ़ सकता है शिक्षा मित्रों का मानदेय

**लखनऊ , एजेंसी।** बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि परिषदीय स्कूलों में शिक्षक छात्र अनुपात के अनुसार शिक्षकों की संख्या पर्याप्त है। लिहाजा भर्ती का कोई प्रस्ताव या प्रक्रिया विचाराधीन नहीं हैं।

सपा विधायक अनिल प्रधान और अभय सिंह के सवाल के जवाब में राज्यमंत्री ने माना कि अनुदेशक और शिक्षा मित्र भी विद्यालयों में शिक्षण कार्य करते हैं। अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों की कुल संख्या 6,28,915 है। प्राथमिक विद्यालय में 30 छात्र पर एक शिक्षक और उच्च प्राथमिक विद्यालय में 35 छात्र पर एक शिक्षक का प्रावधान है। इसके अनुसार परिषदीय विद्यालयों पर्याप्त शिक्षक हैं। बीते सात साल में सरकार ने 1,26,371 सहायक अध्यापकों की भर्ती की है। 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।



**शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने पर विचार कर रही सरकार:** सपा विधायक स्वामी ओमवेश और अजय कुमार के सवाल के जवाब में संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों के मानदेय और सुविधाएं बढ़ाने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश पर बेसिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है।

उसकी रिपोर्ट आने पर विचार किया जाएगा। संदीप सिंह ने विधानसभा में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से शिक्षा मित्रों की सहायक अध्यापक पद पर हुए समायोजन को रद्द किया गया था। उस समय उनका मानदेय 3500 रुपये था। 2017 में सरकार ने शिक्षा मित्रों का मानदेय करीब तीन गुना बढ़ाकर 10000 रुपये महीना किया।

उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ाने को लेकर शिक्षा मित्रों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में कमेटी गठित कर कार्यवाही करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर बेसिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित की है।

### योगी से मुलाकात के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले- पटना में इंडिया गठबंधन का अंतिम संस्कार हो गया

**लखनऊ , एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में आने का निमंत्रण दिया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि संभल में आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम का शिलान्यास करेंगे। मुझे विश्वास हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में पधारेंगे।



वहीं, कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने तो कुछ भी छोड़ा नहीं है। मैंने राम भगवान को पकड़ा है। कल्कि धाम बनाने का संकल्प लिया है। पीएम और सीएम को आमंत्रित करना यदि कोई गुनाह है, तो मैं उसकी सजा भुगतने को तैयार हूं। कांग्रेस नेताओं को निमंत्रण दिए जाने की बात पर कहा कि भगवान सबके हैं। इंडिया गठबंधन पर बोले कि वेंटिलेटर पर आने के बाद नीतीश कुमार ने इसका पटना में अंतिम संस्कार कर दिया है। उसका जैसे जन्म हुआ था, वैसे ही बीमारियों से ग्रस्त हो गया। बता दें कि प्रमोद कृष्णम वर्ष 2019 में कांग्रेस के टिकट पर राजनाथ सिंह के खिलाफ लखनऊ से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं।



### पाला बदल सकती है रालोद: सीटों के साथ चल रही चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग भी, चुप्पी पर उठे सवाल

**लखनऊ, एजेंसी।** रालोद के एनडीए गठबंधन को लेकर सियासी गलियों में चर्चा यह भी है कि रालोद मथुरा, बागपत, बिजनौर समेत चार सीटों पर सहमति देने के लिए तैयार है। भाजपा के साथ अंदरखाने इस बारे में ठोस बातचीत चल रही है। इस बातचीत में सिर्फ सीटों का ही सौदा नहीं है। सीटों के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग भी रखी जा रही है।

रालोद सिर्फ लोकसभा चुनाव तक ही सीमित नहीं है। पार्टी इसके साथ ही प्रदेश सरकार में हिस्सेदारी भी चाहती है। हालांकि रालोद की तरफ से इन बातों का खंडन ही किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का कहना है कि एनडीए में जाने की बात कोरी अफवाह है। रालोद पूरी दृढ़ता से साथ इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

**गणतंत्र दिवस के बाद एक्स पर भी चुप्पी:** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने गणतंत्र दिवस के बाद एक्स पर भी कोई पोस्ट नहीं की है। इसी दौरान छपरौली में 12 फरवरी के कार्यक्रम को भी पीछे हटा दिया गया। रालोद नेताओं ने अपने हिस्से में आई सभी सीटों पर जो सर्वे कराया, उसमें अपने ही प्रत्याशी लड़ाने की बात भी सामने आई थी। जिसके बाद असमंजस की स्थिति है।

# यूपी बजट सत्र: अखिलेश यादव बोले, अग्निवीर योजना लागू होने से सबसे ज्यादा पीडीए को नुकसान हुआ



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी विधानमंडल का बजट सत्र जारी है। पांच फरवरी को बजट पेश करने के बाद राम मंदिर जाने को लेकर भाजपा और सपा में बयानबाजी जारी है। भाजपा ने सभी विधायकों को 11 फरवरी को अयोध्या दर्शन कराने का आमंत्रण दिया जिसे सपा नेताओं ने अस्वीकार कर दिया।

**अखिलेश यादव बोले, अग्निवीर योजना लागू होने से सबसे ज्यादा पीडीए को नुकसान हुआ:** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अग्निवीर योजना लागू होने से सर्वाधिक नुकसान यूपी के नौजवानों का हुआ है। पहले फौज में 70 हजार युवाओं की भर्ती होती थी पर अब नहीं होती है। सेना में भर्ती नौजवानों को वेतन, पेंशन और मेडिकल सुविधाएं मिलती थीं पर अग्निवीर योजना में चार साल की नौकरी के बाद उन्हें निकाल दिया जाएगा। सेना की नौकरी में जाने से पीडीए समाज के लोगों में समृद्धि आती थी पर अब अग्निवीर योजना से वो सारी सुविधाएं खत्म हो जाएंगी।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राज्यपाल का सदन में दिया गया अभिभाषण एक सरकारी दस्तावेज है। जो सरकार चाहती है अभिभाषण में वही बातें होती हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यूपी सबसे ज्यादा कार्यवाहक डीजीपी बनाने में नंबर एक है। झूठे प्रचार पर खर्च करने में यूपी नंबर एक है। बेरोजगारों पर लाठी चलवाने में नंबर वन है। महिलाओं के खिलाफ अपराधियों को बचाने में यूपी नंबर वन है। यूपी दलितों-पिछड़ों के उत्पीड़न में नंबर वन है। केंद्र व राज्य की टकराहट में नंबर वन है। यूपी आज पीडीए (पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों )को प्रताड़ित करने में नंबर वन है। यही सच्चाई है।

सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर ने सदन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में कहा कि सपा ने सत्ता में रहते हुए पिछड़े समाज के लिए कुछ नहीं किया। अब सत्ता के लिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों की बात कर रहे हैं।

### टहलने निकले अधेड़ पर अचानक कूदा बंदर, ट्रैक्टर की चपेट में आने से शख्स की मौत

**मऊ , एजेंसी।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के गोठा गांव के पास राष्ट्रीय राज्यमार्ग 29 पर बुधवार की सुबह सड़क पर टहल रहे एक अधेड़ शख्स पर अचानक एक बंदर कूद गया। जिससे अधेड़ सड़क पर गिर गया। इस बीच वह पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के चपेट में आ गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक लंबे समय से गोठा में रह रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

**यह है मामला:** मृतक की शिनाख्त झारखंड राज्य के धनबाद जिला निवासी रमेश (50) पुत्र जित्तन के रूप में हुई। मृतक दोहरीघाट थाना क्षेत्र के गोठा गांव निवासी रामजी राय के घर पर बीस वर्ष की आयु से नौकरी करता था। बुधवार की सुबह वह रोज की तरह राष्ट्रीय राज्यमार्ग 29 के किनारे टहल रहा था। अभी वह गोठा के पास पहुंचा था कि अचानक एक पेड़ से बंदर रमेश के ऊपर कूद गया।

बंदर के कूदने से रमेश असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। इसी बीच दोहरीघाट की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर- ट्राली के जद में आने से रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उधर, सूचना मिलने पर पहुंची दोहरीघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के संबंध में मृतक के मालिक रामजी राय ने हादसे को लेकर दोहरीघाट थाने में तहरीर दी है।

## 40 प्रतिशत क्रेडिट ऑनलाइन अर्जित करने का विकल्प देगा विश्वविद्यालय

**गोरखपुर , एजेंसी।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मानक पर ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में आईआईटी समर्थित स्वयं-एनपीटेल के लोकल चैप्टर की स्थापना की है।

इस चैप्टर के जरिये विद्यार्थी ऑनलाइन पाठ्यक्रम का लाभ ले सकेंगे। स्नातक-परास्नातक के विद्यार्थियों को 40 प्रतिशत तक क्रेडिट आनलाइन पाठ्यक्रमों के अर्जित करने का अवसर देने की विश्वविद्यालय की योजना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का यही उद्देश्य भी है।

स्वयं-एनपीटेल एक ऐसा पोर्टल है, जो विज्ञान, मानविकी और अन्य विषयों के विविध पाठ्यक्रम ऑनलाइन उपलब्ध कराता है। पाठ्यक्रमों में वीडियो व्याख्यान, डाउनलोड करने योग्य पठन सामग्री, स्व-मूल्यांकन परीक्षण और ऑनलाइन चर्चा के लिए मंच शामिल हैं।

स्थानीय चैप्टर विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सलाहकारों की पहचान करेगा, जिससे छात्रों की सक्रिय भागीदारी और समय पर असाइनमेंट जमा करना सुनिश्चित हो सके। यह पाठ्यक्रम मामूली शुल्क पर वैकल्पिक प्रमाणन परीक्षा वाले पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन प्रदान करती है। इसमें नामांकन शुल्क नहीं लगता।

**प्रो. राजर्षि गौड़ को सौंपी गई है जिम्मेदारी:** स्वयं-एनपीटेल पोर्टल के संचालन की जिम्मेदारी जैव प्रौद्योगिकी विभाग के आचार्य प्रो. राजर्षि कुमार गौड़ को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी 12 सप्ताह तक के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं। ये पाठ्यक्रम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों से जुड़े हुए हैं। सभी पाठ्यक्रम ऐसे हैं, जो विद्यार्थियों को रोजगार की राह दिखाएंगे। यह पोर्टल विभिन्न पाठ्यक्रमों के जरिये कौशल विकास को बढ़ावा देने वाला है।

## भूमि पूजन समारोह 19 फरवरी को, पीएम मोदी के आने की संभावना, धरातल पर उतरेंगे 10 लाख करोड़ के एमओयू

**लखनऊ , एजेंसी।** वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए 38 लाख करोड़ रुपये के समझौतों को धरातल पर लाने के लिए 19 फरवरी को भूमि पूजन समारोह का आयोजन होगा। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन कर सकते हैं। इसमें देश विदेश के निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में 10 लाख करोड़ रुपये के करीब 14 हजार एमओयू को शामिल किया जाएगा। वहीं 20 और 21 फरवरी को प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।



फरवरी 2023 में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 33 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे, जो बढ़कर 38 लाख करोड़ से ज्यादा के हो गए हैं। इन समझौतों के क्रियान्वयन को लेकर भूमि पूजन समारोह की तैयारियां काफी समय से चल रही थीं। फरवरी का महीना तय हो गया था, लेकिन तारीख की घोषणा नहीं की गई थी। बजट पेश होने के दूसरे दिन ही भूमि पूजन समारोह के लिए 19 फरवरी की तारीख फाइनल की गई है।

**अमेठी, गोंडा समेत छह जिलों ने पूरा किया लक्ष्य:** समारोह के लिए 23 जनवरी को हुई समीक्षा में चंदौली, हरदोई, अमेठी, बरेली, गोंडा और फतेहपुर ने निवेश का लक्ष्य 100 फीसदी पूरा कर लिया था। चंदौली इनमें नंबर वन है। जिसे भूमि पूजन समारोह के लिए 20 हजार करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष 23 हजार करोड़ की 52 परियोजनाएं फाइनल की गई हैं। इसी तरह यूपीसीडा, यूपीडा, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी, नोएडा अथॉरिटी, यमुना अथॉरिटी, गोरखपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 9.25 लाख करोड़ के करार किए थे। इसमें से भूमि पूजन समारोह के लिए 4.25 लाख करोड़ के करार का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें से 3.50 लाख करोड़ के करार फाइनल हो चुके हैं।

# सुधरा यूपी का मौसम: ज्यादातर जिलों में खुली धूप, पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से बनी रहेगी गलन



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी का मौसम अब साफ हो रहा है। बुधवार को लखनऊ सहित बाकी जिलों में भी धूप दिखी। हालांकि हवा में गलन बरकरार रही। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से ठंडी हवाएं सर्दी का एहसास कराती रहीं। मौसम विभाग के अनुसार अब आने वाले दिनों में मौसम ऐसा ही बना रहेगा। दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।

मंगलवार की दोपहर बाद से प्रदेश में मौसम खुलना शुरू हो गया था। इसी के साथ दिन और रात के पारे में भी वृद्धि शुरू हो गई। रात का पारा तो ज्यादातर इलाकों में सामान्य से अधिक हो गया है। अधिकतम तापमान बढ़ तो रहा है, पर ये अभी भी सामान्य से कम बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि दिन और रात की ठंड रहेगी। एक सप्ताह तक मौसम ऐसा ही रहने के आसार हैं। 14 जनवरी के आसपास फिर बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, न्यूनतम तापमान प्रयागराज में 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुल्तानपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ और आगरा में पारा 10 से नीचे रहा, अधिकतर इलाकों में 14.1 डिग्री तक रहा। वहीं अधिकतम तापमान वाराणसी में 24.5, उरई में 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गोरखपुर में 18.3 डिग्री रहा, अन्य में 19 से अधिक ही रहा। अगले चार-पांच दिनों तक पारे में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

### गोरखपुर विश्वविद्यालय: एक और शिक्षक पर लगा छात्रा के यौन उत्पीड़न का आरोप, रिजल्ट खराब करने की दी धमकी


**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर विश्वविद्यालय के एक और शिक्षक पर छात्रा के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। स्नातक की इस छात्रा ने अपने विभाग के एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर आरोप लगाते हुए डीडीयू प्रशासन के साथ ही राज्यपाल, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, राज्य महिला आयोग से शिकायत की है। डीडीयू प्रशासन ने मामले की जांच आंतरिक शिकायत समिति को सौंपी है।

छात्रा के शिकायती पत्र के मुताबिक, वह प्रायोगिक परीक्षा के लिए फाइल की जांच कराने के लिए विभाग में गई थी। उस दौरान विभाग के एक शिक्षक ने उससे कहा– 'मैं परीक्षा में तुम्हारी इतनी मदद कर दूंगा कि कि तुम विभाग की टॉपर भी बन सकती है। जिन छात्राओं ने मुझे खुश रखा है, उनका रिजल्ट पता कर लेना तब मिलना। मैंने पहले भी तुमसे कई बार कहा है लेकिन तुमने इन पर ध्यान नहीं दिया। ऐसा करके तुम मेरी दुश्मनी मोल ले रही हो।' छात्रा का कहना है कि शिक्षक के मुंह से ऐसी बातें सुनकर वह वहां से लौट गई। उसके बाद 21 दिसंबर की रात उस शिक्षक ने शराब के नशे में कई बार फोन किया। फोन के दौरान वे सहेली के साथ मिलने का दबाव बना रहे थे। उससे पहले भी वे कई बार परेशान कर चुके थे। इसलिए हिम्मत करके उसने सारी बात रिकॉर्ड कर ली।

**तुम्हारा रिजल्ट और जीवन खराब कर दूंगा :** छात्रा के असुसार, अगले दिन जब वह विभाग में पहुंची तो शिक्षक ने उसे यह कहकर अपने चेंबर में बुलाया कि तुम कभी पास नहीं हो पाओगी। तुम्हारा रिजल्ट और जीवन दोनों बर्बाद कर दूंगा। डर के कारण छात्रा और उसकी सहेली चेंबर में गए तो वे गलत तरीके से छूते हुए अश्लील बातें करने लगे। उनके विरोध करने पर वे धमकाने लगे।



# करण जौहर की लाएंगे लव स्टोरियां, 6 डायरेक्टर्स दिखाएंगे रियल लाइफ स्टोरीज




बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर एक नया स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट लव स्टोरियां लेकर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीरीज में रियल लोगों की कहानियां होंगी, जो अलग-अलग बैकग्राउंड्स से आते हैं, और प्यार पाने के अपने सफर में मुसीबतों का सामना करते हैं। अपकमिंग सीरीज में 6 रियल लाइफ लव स्टोरी की कहानी 6 डायरेक्टर्स अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी की जुबानी देखने को मिलेगी। लव स्टोरियां सोशल मीडिया कम्युनिटी के इंडिया लव प्रोजेक्ट फीचर रियल लाइफ लव स्टोरीज पर बेस्ड है। सीरीज के बारे में बात करते हुए, करण जौहर ने कहा कि लव स्टोरियां प्यार को उसके सभी रूपों में देखती है, जो सामान्य से परे संबंधों की एक सुंदर तस्वीर पेश करती है। एक फिल्म मेकर और प्रोड्यूसर के रूप में इन सालों में, मुझे कई लव स्टोरीज को बताने का मौका मिला है, जिन्होंने भारतीय सिनेमा की शैली को परिभाषित किया है। हालांकि, इंडिया लव प्रोजेक्ट के बारे में जिस बात ने मुझे प्रभावित किया, वह है उनमें से प्रत्येक की सच्चाई और ईमानदारी। उन्होंने आगे कहा, ये अलग-अलग बैकग्राउंड्स के रियल लोगों की कहानियां हैं, जिन्होंने सच्चे प्यार को पाने के अपने सफर में मुसीबतों का सामना किया और दृढ़ता दिखाई। रियल लोगों की रियल स्टोरीज को दर्शकों तक पहुंचाने की दिशा में यह हमारा पहला प्रयास है और यह सीरीज भारत और दुनिया भर में दूर-दूर तक दर्शकों तक पहुंचने में सक्षम होगी। लव स्टोरियां 14 फरवरी को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।



# चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं तृषा

**अभिनेत्री तृषा को आखिरी बार तमिल फिल्म लियो में विजय के साथ देखा गया था। अब वे टॉलीवुड फिल्म उद्योग में अपनी वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री मल्लीदी वशिष्ठ द्वारा निर्देशित चिरंजीवी की अगली फिल्म विश्वंभरा में उनके साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। चिरंजीवी ने पांच फरवरी को फिल्म के सेट पर तृषा का स्वागत किया। अभिनेता द्वारा अभिनेत्री को गुलदस्ता भेंट करने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

### चिरंजीवी ने क्या तृषा का स्वागत

जब चिरंजीवी फिल्म सेट पर गए तो उन्होंने तृषा को गर्मजोशी से गले भी लगाया। फिल्म का पहला शेड्यूल हाल ही में शुरू हुआ है और अब यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। तृषा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर खुलासा किया था कि वे चार फरवरी को विश्वंभरा की टीम में शामिल हुईं। अब उसके एक दिन बाद यानी आज सोमवार को चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पर तृषा का स्वागत करने के लिए एक फोटो और एक वीडियो साझा किया।

### तृषा ने जाहिर की खुशी

वीडियो को साझा करते हुए चिरंजीवी ने कैप्शन में लिखा, द गॉर्जियस तृषा विश्वंभरा में आपका स्वागत है। वहीं उनके पोस्ट का जवाब देते हुए अभिनेत्री तृषा ने लिखा, 18 साल बाद एकमात्र मेगास्टार के साथ फिर से जुड़ना कितना सम्मान की बात है। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए चिरू सर को बहुत-बहुत धन्यवाद।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

मल्लीदी वशिष्ठ द्वारा लिखित और निर्देशित विश्वंभरा एक सामाजिक फैंटसी फिल्म है, जिसमें चिरंजीवी और तृषा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म संक्रांति से पहले 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विश्वंभरा का निर्माण यूवी क्रिएशन्स द्वारा 250 करोड़ रुपये से अधिक के भारी बजट पर किया गया है। संवाद साई माधव बुर्रा द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म में संगीत एमएम कीरावानी ने दिया है। सिनेमैटोग्राफर छोटा के नायडू और संपादक कोटागिरी वेंकटेश्वर राव और संतोष कमारेड्डी टीम का हिस्सा हैं।



# सीरीज पोचर की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर बनीं आलिया




बॉलीवुड की सबसे कामयाब एक्ट्रेस में से एक आलिया भट्ट इन दिनों एक्ट्रेस के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी बन चुकी हैं। 2022 की ओटीटी फिल्म डार्लिंग्स से बतौर प्रोड्यूसर करियर शुरू करने के बाद अब आलिया भट्ट अपकमिंग सीरीज पोचर की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर बन चुकी हैं। इस सीरीज को इसी महीने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज किया जाएगा। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फिल्म से आलिया के जुड़ने की अनाउंसमेंट की है।

# साउथ एक्ट्रेस मालवी मल्होत्रा का विक्रम भट्ट पर धोखाधड़ी का आरोप

मालवी मल्होत्रा साउथ सिनेमा की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बहुत ही कम समय में साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना नाम बनाया और आज टॉलीवुड की कई बड़ीं फिल्मों में व्यस्त हैं। मालवी अपने अभिनय से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाने में कामयाब रहीं। फिल्म अभ्युहम् में अपने किरदार के लिए मालवी को खूब प्रशंसा भी मिली। हाल ही में मालवी ने बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक विक्रम भट्ट पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। एक्ट्रेस मालवी का आरोप है कि विक्रम भट्ट ने उनसे एक एल्बम में काम कराया और फिर उसका भुगतान नहीं किया। विक्रम भट्ट इस एल्बम के निर्माता थे, जिन्होने उन्हें भुगतान नहीं किया। इसके बाद जब उन्होंने पेमेंट के लिए विक्रम भट्ट को कॉल और मैसेज किया तो उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। हाल ही में मालवी मल्होत्रा ने इस बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि बड़े निर्माताओं और निर्देशकों द्वारा अभिनेताओं और क्रू मेंबर्स को भुगतान न होने से उनको काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इस दौरान मालवी ने कहा, मैंने बीते साल कृष्णा भट्ट द्वारा निर्देशित एक गाने में विक्रम भट्ट प्रोडक्शन के साथ काम किया था। उस वक्त मैं साउथ की अपनी एक फिल्म की शूटिंग में बहुत व्यस्त थी। उसी दौरान भट्ट ने अपने प्रोडक्शन के साथ एक गाना बर्बाद कर दिया के लिए मुझसे संपर्क किया था। इंडस्ट्री में भट्ट का नाम होने की वजह से मैंने अपने व्यस्त शेड्यूल में से इसके लिए समय निकाला। मालवी ने आगे कहा, मैंने इस प्रोजेक्ट में काम किया और शूटिंग के बाद मैंने उन्हें भुगतान के लिए संपर्क किया, लेकिन उन्होंने जवाब देना बंद कर दिया। इसके बाद मेरे बकाया भुगतान में वे देरी करते रहे। फिर मैंने भी इसे छोड़ दिया। कुछ समय बाद वीनस कंपनी ने मुझसे संपर्क किया और बताया कि वे गाना रिलीज कर रहे हैं। उन्होंने मुझसे इस गाने को प्रमोट करने के लिए कहा। इसके बाद मैंने फिर उनसे अपने भुगतान के लिए पूछा, लेकिन इस बार भी विक्रम भट्ट की तरफ से मुझे कोई जवाब नहीं मिला।





# रामायण के सितारों में होने लगा बदलाव, जाह्नवी बनेंगी सीता

नीतेश तिवारी की रामायण लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। किरदारों के लिए सितारों का चयन इस फिल्म को बड़े बजट की फिल्म के रूप में पेश करता आ रहा है। पहले समाचार आए थे कि फिल्म में रणबीर कपूर राम का, यश रावण का, विजय सेतुपति विभीषण का और सनी देओल हनुमान का रोल प्ले करेंगे। वहीं सीता के किरदार के लिए दक्षिण भारत की बेहतरीन अभिनेत्री सई पल्लवी के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन सामने आए ताजा समाचारों के अनुसार अब सीता के रोल के लिए सई पल्लवी के स्थान पर जाह्नवी कपूर को फाइनल किया गया है। जाह्नवी कपूर इससे पहले नीतेश तिवारी के निर्देशन में बवाल में काम कर चुकी हैं। इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन नजर आए थे। रणबीर कपूर रामायण की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं। वह राम के रोल में हैं। दर्शकों में सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट हनुमान के रोल को लेकर है। खबरें आ चुकी हैं कि सनी देओल इस रोल में होंगे। अब सीता के रोल पर नया अपडेट आया है। पहले ये रोल सई पल्लवी कर रही थीं। अब फर्स्टपोस्ट.कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, यह रोल जाह्नवी कपूर को दे दिया गया है। सोर्स के मुताबिक, जाह्नवी ने नीतेश के साथ बवाल में काम किया है और उन्हें लगता है कि वह सीता के रोल में फिट बैठेंगी। आदिपुरुष के बुरी तरह से पिटने के बाद से नीतेश तिवारी की रामायण सुर्खियों में है। फिल्म से जुड़े कई अपडेट्स चर्चा में रहते हैं। कुछ वक्त पहले खबर थी कि रणबीर कपूर ने शराब और नॉनवेज खाना छोड़ दिया है ताकि वह फिल्म के साथ न्याय कर सकें। रणबीर ने एक इंटरव्यू के दौरान भी बताया था कि बेटी राहा के पैदा होने के बाद उन्होंने हेल्दी लाइफस्टाइल अपना ली है।



# प्रचंड अशोक में नजर आएंगे अदनान खान और मल्लिका सिंह

एक्टर अदनान खान और मल्लिका सिंह अपकमिंग शो प्रचंड अशोक में सम्राट अशोक और राजकुमारी कौरवाकी की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जो मगध और कलिंग के प्राचीन साम्राज्य पर आधारित है। अदनान ने कहा, सम्राट अशोक की भूमिका निभाने का मौका मिलना बचपन की कल्पना को जीने जैसा है। मैं कलर्स और बालाजी टेलीफिल्म्स का आभारी हूं जिन्होंने इस किरदार के लिए मुझ पर भरोसा किया, जिसका जीवन विजय से लेकर करुणा तक फैला है। मैं वादा करता हूं कि यह शो भारतीय टेलीविजन स्क्रीन पर ऐतिहासिक प्रेम को जीवंत कर देगा। राजकुमारी कौरवाकी की भूमिका निभाने पर, मल्लिका ने कहा मेरा मानना है कि इस शो के माध्यम से एक अभिनेता के रूप में मेरा उद्देश्य उस महान महिला को श्रद्धांजलि देना है, जो प्रेम की शक्ति को जानती थी। मैं कलर्स और बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपने सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि हमारी मेहनत सफल होगी।

# द जैमी लीवर शो से धमाल मचाने को तैयार जैमी



जॉनी लीवर की बेटी और अभिनेत्री-स्टैंड अप कॉमेडियन जैमी लीवर अपना नया शो शुरू करने के लिए तैयार हैं। आज, सोमवार को जैमी ने भारत के पहले वन-वुमन शो- द जैमी लीवर शो की घोषणा की। अपने स्टैंड अप कॉमेडी शो द जैमी लीवर शो में जैमी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसमें वे स्टैंडअप सेट में अभिनय, गायन और नृत्य करती नजर आएंगी। भारत के पहले मूल स्टैंड-अप कॉमेडियन जॉनी लीवर के सम्मानित वंश से आने वाली जैमी ने कॉमेडी जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे एक स्टैंड अप कॉमेडियन हैं और एक दशक से अधिक समय से प्रदर्शन कर रही हैं। पहले जॉनी लीवर लाइव के एक अभिन्न अंग के रूप में दुनिया भर का दौरा और प्रदर्शन किया, जिसके दुनिया भर में 250 से अधिक शो हो चुके हैं। एक महिला शो 17-18 फरवरी को मुंबई में होने वाला है, जिसमें एक शो नेहरू सेंटर में और दूसरा ठाणे के काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में होगा।

### इस स्थानों पर होगा शो

यह दौरा एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह जैमी का अपने गृह शहर मुंबई में पहला एकल उद्यम है। मुंबई में नेहरू ऑडिटोरियम और ठाणे में काशीनाथ घाणेकर हॉल चुने गए स्थान हैं, जो हंसी से भरी शाम के लिए खचाखच भरे रहेंगे।

### अपने शो को लेकर उत्साहित हैं जैमी


आगामी दौरे के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए जैमी लीवर ने कहा, जैमी लीवर शो प्यार का श्रम है, जो मेरी हास्य और कलात्मक क्षमताओं के सभी पहलुओं को एक साथ लाता है। यह हंसी, अभिनय और मनोरंजन का एक अनूठा मिश्रण है। दर्शकों को मेरी दुनिया की एक झलक देखने को मिलेगी। मैं अपने गृहनगर, मुंबई में इस एक-महिला शो को लाने के लिए रोमांचित हूं और अधिक अंतरंग सेटिंग में दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

# यश की टॉक्सिक में कैमियो करते दिखाई दे सकते हैं शाहरुख

शाहरुख खान और यश एक-साथ काम करते नजर आ सकते हैं। खबरों की मानें तो यश की आने वाली फिल्म टॉक्सिक के मेकर्स शाहरुख खान से इस कोलैबोरेशन के बारे में बातचीत कर रहे हैं। पिछला साल शाहरुख खान के लिए यकीनन शानदार साबित हुआ। ऐसे में अब शाहरुख खान की अगली फिल्म को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। हाल ही में खबर आई है कि टॉक्सिक के डायरेक्टर गीतू मोहनदास और मेकर्स ने फिल्म में एक एक्स्टेंडेड कैमियो के लिए शाहरुख खान से संपर्क किया है। फिल्म में स्त्र्य का एक पावरफुल कैमियो ट्रैक होगा। मेकर्स को उम्मीद है कि शाहरुख रोल निभाने के लिए राजी हो जाएंगे। टॉक्सिक एक गैंगस्टर बेस्ड एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में यश मेन लीड में नजर आएंगे।

### क्या होगी टॉक्सिक की कहानी

टॉक्सिक फिल्म गोवा के बैकग्राउंड पर बेस्ड होगी। चत्रस्र की तरह ही ये भी एक पीरियड क्राइम ड्रामा होगी। 60 के दशक में गोवा में रशियन और ड्रग्स माफिया की घुसपैठ थी। वहां यश का किरदार किस तरह रशियन आधिपत्य को चुनौती देता है- फिल्म की कहानी इसी के इर्द-गिर्द होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में यश के साथ साई पल्लवी भी नजर आएंगी। ऐसा पहली बार नहीं है कि शाहरुख खान को किसी पैन इंडिया फिल्म में कैमियो निभाने के लिए अप्रोच किया गया है। पिछले साल डायरेक्टर लोकेश कनगराज ने रजनीकांत के साथ अपनी आने वाली फिल्म के लिए भी संपर्क किया था। हालांकि बातचीत सफल नहीं हो सकीं। शाहरुख खान जल्द ही डायरेक्टर सुजॉय घोष की जासूसी-थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान जासूस का किरदार निभाती दिखेंगी। इसके अलावा कई डायरेक्टर्स शाहरुख से अपने-अपने प्रोजेक्ट्स के सिलसिले में बातचीत कर रहे हैं।






## नंबर-1 टेस्ट

# बॉलर बने बुमराह

**दुबई (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह आईसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती 2 टेस्ट में बेहतरीन बॉलिंग का फायदा मिला। इसी के साथ ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को 2 स्थान का नुकसान हुआ और वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं।

टॉप-5 टेस्ट ऑलराउंडर्स में अब 3 भारतीय हो गए। वहीं विराट कोहली 2 टेस्ट नहीं खेलने के बावजूद टॉप-10 बैटर्स में शामिल इकलौते भारतीय हैं।

### बुमराह ने हासिल किए करियर बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स

जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के घरेलू टेस्ट सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबलों में ही 15 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहले टेस्ट में 6 और दूसरे में 9 विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे। अब बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की लेटेस्ट रैंकिंग में वह टॉप पर पहुंच गए।

बुमराह को 3 स्थान का फायदा हुआ। वह ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, अश्विन और रबाडा को पीछे कर टॉप पर पहुंचे। बुमराह के फिलहाल 881 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जो उनके करियर में बेस्ट है।

### तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने वाले पहले भारतीय

बुमराह फिलहाल वनडे बॉलर्स में छठे और टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में 100वें नंबर पर हैं। लेकिन वह बाकी 2 फॉर्मेट में भी पहले नंबर पर रह चुके हैं। बुमराह पहली बार टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे। इसी के साथ वह तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पोजिशन हासिल करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए।

30 साल के बुमराह ने 34 टेस्ट में 155 विकेट लिए हैं। उनके नाम 10 बार पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 89 वनडे में 149 विकेट लिए हैं। वहीं टी-20 के 62 मैचों में उनके नाम 74 विकेट हैं।

### अश्विन को हुआ 12 पॉइंट्स का नुकसान

बुमराह से पहले भारत के ही ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन नंबर-1 टेस्ट बॉलर थे। वह इस पोजिशन पर पिछले साल मार्च से बने हुए थे, वह 11 महीने बाद टॉप पोजिशन से हटे।

अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 3 ही विकेट ले सके, इसलिए उन्हें 12 पॉइंट्स का नुकसान हुआ। वह 841 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 3 पर हैं। टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में अश्विन और बुमराह के अलावा भारत से रवींद्र जडेजा और बिशन सिंह बेदी ही पहले नंबर पर पहुंच सके हैं।

### बैटर्स रैंकिंग में यशस्वी को फायदा

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में डबल सेंचुरी बनाने यशस्वी जायसवाल को 37 स्थान का फायदा हुआ। वह 29वें नंबर पर पहुंच गए हैं। निजी कारणों से शुरुआती 2 टेस्ट नहीं खेल सके विराट कोहली छठे से सातवें नंबर पर पहुंच गए। वह टॉप-10 बैटर्स में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।

बैटर्स में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे और इंग्लैंड के जो रूट तीसरे नंबर पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी एक स्थान की गिरावट के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए। शुभमन गिल 14 स्थान के फायदे के साथ 38वें नंबर पर पहुंच गए।

### टॉप-5 ऑलराउंडर्स में 3 भारतीय

भारत के अक्षर पटेल को दूसरे टेस्ट में अच्छी बैटिंग के कारण ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फायदा हुआ। वह छठे से पांचवें नंबर पर पहुंच गए। उनके साथ भारत के ही रवींद्र जडेजा पहले और अश्विन दूसरे नंबर पर हैं।

इस तरह टॉप-5 टेस्ट ऑलराउंडर्स रैंकिंग में 3 भारतीय हो चुके हैं। ऑलराउंडर्स में तीसरे नंबर पर बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और चौथे नंबर पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैं। जो रूट 2 स्थान के नुकसान के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए।

### टीम इंडिया टेस्ट में दूसरे नंबर पर

टीम इंडिया टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे नंबर पर है। डब्ल्यूटीसी चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब भी टॉप पर हैं। टीम इंडिया वनडे और टी-20 में पहले नंबर की टीम है। वनडे में ऑस्ट्रेलिया और टी-20 में न्यूजीलैंड दूसरे नंबर पर है।

## भारतीय बैटिंग लाइनअप में बदलाव चाहते हैं जहीर खान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर भारत की 106 रन की शानदार जीत के बाद पूर्व क्रिकेटर जहीर खान ने टीम की बल्लेबाजी इकाई के बारे में एक बड़ा मुद्दा उठाया है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए जहीर खान ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में सुधार की काफी गुंजाइश है। विजाग टेस्ट में जायसवाल का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिन्होंने पहली पारी में 209 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। फिर, गिल ने दूसरी पारी में 104 रन की शानदार पारी खेली। इन पारियों ने मैच में भारत की मजबूत स्थिति की नींव रखी और इंग्लैंड के सामने 399 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। हालांकि, जहीर खान ने अन्य भारतीय बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में



# भारत का पाकिस्तान से हो सकता है सामना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने मंगलवार को अंडर19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में मेजबान साउथ अफ्रीका को दो विकेट से मात दी। भारत लगातार पांचवीं और कुल नौवीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम के पास अब खिताब का बचाव करके इतिहास रचने का मौका। इसके लिए उन्हें चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान का सामना करना पड़ सकता है।

### भारत के पास इतिहास रचने का मौका

भारतीय टीम अंडर19 वर्ल्ड कप की सबसे कामयाब टीम है। भारत ने 9वीं बार फाइनल में पहुंचा है और सबसे ज्यादा पांच बार खिताब जीत चुका है। साल 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में टीम इंडिया ने अंडर-19 विश्व कप पर कब्जा जमाया था. इसके अलावा भारत 2006, 2016 और 2020 में उप-विजेता रह चुका है। भारत कभी भी अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाया। 2022 में भारत यश ढुल की कप्तानी में वर्ल्ड चैंपियन बना था और अब उदय सहारन के पास फाइनल जीतकर इतिहास रचने का मौका होगा।

### फाइनल में पाकिस्तान से हो सकता है सामना

फाइनल में खिताब के लिए भारत का सामना पाकिस्तान से हो सकता है। टूर्नामेंट का दूसरा फाइनल पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच बेनोनी में गुरुवार को होने वाला है।

जो भी टीम यह मुकाबला जीतेगी वह 11 फरवरी को फाइनल में भारत का सामना करेगी। साल 2006 के अंडर19 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से हुआ था। तब पाकिस्तान ने भारत को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

अगर ऑस्ट्रेलिया की जीत होती है तो फैंस को एक बार फिर 2023 वर्ल्ड कप फाइनल का नजारा देखने को मिलेगा। एक तरफ भारत होगा तो दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया।

ऐसी स्थिति में फैंस चाहेंगे कि सहारन रोहित शर्मा का अधूरा काम पूरा करे। ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में अजेय रही भारतीय टीम को उसी के घर में फाइनल मुकाबला हराया था। वह भी छठी बार चैंपियन बने थे और भारत की अंडर19 टीम के पास भी छठी बार चैंपियन बनने का मौका है।

# तीसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे कोहली?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज के पहले दो टेस्ट खेले जा चुके हैं. पहला टेस्ट मेहमान इंग्लैंड ने जीता तो दूसरा टेस्ट मेज़बान भारत ने. अब 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा. हालांकि, इससे पहले फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है.



रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे. हालांकि, अभी इसे लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं हुआ है. भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक बाकी बचे तीन टेस्ट के लिए टीम इंडिया का एलान नहीं किया है. रिपोर्ट्स की मानें तो इसके पीछे कारण विराट कोहली ही हैं. ऐसा कहा जा रहा है कि विराट को लेकर कुछ साफ नहीं हो पा रहा है.

ऐसे में चयनकर्ता टीम का एलान नहीं कर पा रहे हैं. बता दें कि विराट को इस सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट मैचों के लिए टीम इंडिया में चुना गया था, लेकिन अचानक कोहली ने खुद निजी कारणों के चलते ब्रेक ले लिया था. इस बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर का एक वीडियो वायरल हो रहा है. दावा किया जा रहा है कि वायरल वीडियो में रोहित चीफ सेलेक्टर से विराट कोहली, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा को लेकर बात कर रहे हैं. तीनों ही स्टार खिलाड़ी टीम से बाहर हैं.

### कोहली को लेकर नहीं है कोई अपडेट

गौरतलब है कि विराट कोहली को लेकर किसी के पास कोई अपडेट नहीं है. अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि वह बाकी बचे तीन टेस्ट खेलेंगे या नहीं. दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया की जीत के बाद जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोच राहुल द्रविड़ से विराट को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि इसका जवाब सेलेक्टर्स ही दे पाएंगे. हालांकि, कोहली की वापसी कब होगी इसका जवाब किसी के पास नहीं है.




## एसए 20 की सफलता उम्मीदों से बढ़कर है: ग्रीम स्मिथ

**केप टाउन, एजेंसी।** आईपीएल के तर्ज पर खेली जाने वाली इस लीग में दक्षिण अफ्रीका के लगभग सभी बड़े खिलाड़ी मैदान पर नजर आएंगे। चाहे बात पहले सीजन की हो या मौजूदा सीजन की, लीग ने क्रिकेट फैंस के बीच धूम मचा रखी है। दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के प्रति उत्साह वहां की हवा में महसूस किया जा सकता है। एसए20 लीग युवा क्रिकेटरों में नई जान फूंकती है, जिससे उन्हें न केवल अपने कौशल को निखारने का बल्कि थोड़े पैसे कमाने का भी मौका मिलता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अन्य देशों को योजना बनाने और अपनी स्वयं की टी20 लीग शुरू करने जैसे समान दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करने में सहायक रही है। दक्षिण अफ्रीका का संस्करण स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रशंसकों को रोमांचित करने और सभी उम्र के नए दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार किया गया था और 4-सप्ताह के उद्घाटन सत्र में ऐसा ही हुआ। बात करते हुए, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और एसए20 लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने चल रहे टूर्नामेंट पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने कहा, एसए20 लीग शुरू करते समय हमारा लक्ष्य दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में सकारात्मकता लाना और उभरती प्रतिभाओं को वैश्विक मंच पर अपने कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

# 14 फरवरी को बदला जाएगा राजकोट के स्टेडियम का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 15 फरवरी से शुरू होने वाले तीसरे भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट की पूर्व संध्या पर राजकोट में सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदला जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह इसका अनावरण करेंगे। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर और अनुभवी प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर स्टेडियम का नया नाम रखा जाएगा।



समारोह की योजना 14 फरवरी की शाम को बनाई गई है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह नए नाम निरंजन शाह स्टेडियम का अनावरण करेंगे। एससीए सचिन हिमांशु शाह ने न्यूज 18 को बताया, जय भाई शाह नए नाम का अनावरण करेंगे और हमने समारोह के लिए बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों को भी निमंत्रण भेजा है। कुछ दिनों में, हमारे द्वारा आमंत्रित सभी गणमान्य व्यक्तियों और पदाधिकारियों से हमें पुष्टि मिल जाएगी। नियोजित समारोह के दिन भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों के खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र होगा और हिमांशु शाह को उम्मीद है कि वे स्टेडियम के नए नाम के अनावरण के लिए उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, अभी इसकी पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन निमंत्रण भेजा जाएगा और हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी भी इसमें शामिल हो सकते हैं। 79 वर्षीय निरंजन शाह ने 1965/66 और 1975/76 के बीच सौराष्ट्र के लिए 12 प्रथम श्रेणी खेल खेले और करीब 40 वर्षों तक एससीए सचिव रहे। वे एक समय पर बीसीसीआई के सचिव पद पर भी तैनात रहे हैं।

वे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इस तरह उनको एक कुशल प्रशासक कहा जाता है।

स्टेडियम का नाम बदलने का प्रस्ताव पिछले साल अक्टूबर में एससीए की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में रखा गया था और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया था। निरंजन के बेटे जयदेव शाह, एक घरेलू दिग्गज, जो अतीत में कई आईपीएल टीमों का भी हिस्सा रहे हैं, वर्तमान में एससीए के अध्यक्ष हैं। खंडेरी में बने इस स्टेडियम ने पहली बार 2013 में एक अंतरराष्ट्रीय खेल की मेजबानी की थी।

## नाबालिग से बलात्कार, हॉकी खिलाड़ी वरूण कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारतीय हॉकी खिलाड़ी वरूण कुमार के खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि एक महिला ने उन पर शादी का वादा करके कथित तौर पर कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया।



पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक विमान कंपनी में कार्यरत महिला ने दावा किया कि वह 2018 में जब अर्जुन पुरस्कार विजेता वरूण के संपर्क में आई तो 17 साल की थी। उस समय वरूण यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में ट्रेनिंग कर रहा था। प्राथमिकी (एफआईआर) में महिला ने आरोप लगाया है कि वरूण ने इंस्टाग्राम के जरिए उससे संपर्क किया और मिलने के लिए जोर दिया। वह मिलने के लिए मैसेज करता रहा लेकिन जब महिला ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी तो उसने महिला के मित्रों को उसे मुलाकात के लिए मनाने को कहा।

## स्वीमिंग

## बिम्सटेक तैराकी में सात देशों के 268 तैराक लेंगे भाग, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियनशिप में 268 तैराकों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 39 पदक दांव पर होंगे। नौ फरवरी तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में तैराकी, डाइविंग और वाटरपोलो के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।




खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी तरणताल में पहली बिम्सटेक तैराकी चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। चैंपियनशिप में भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यानमार, थाईलैंड, श्रीलंका के अंडर-20 के तैराक शिरकत करेंगे। चैंपियनशिप में 268 तैराकों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 39 पदक दांव पर होंगे। नौ फरवरी तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में तैराकी, डाइविंग और वाटरपोलो के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

अनुराग ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि दुनिया की 25 प्रतिशत आबादी दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में बसती है। सात बिम्सटेक देशों के एक साथ आने से बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र में न सिर्फ विकास और उन्नति होगी बल्कि खेल संस्कृति गहरी होने के साथ खिलाड़ियों के बीच दोस्ती होगी।

खेल मंत्री ने कहा कि यही हमारे प्रधानमंत्री का विचार था जब उन्होंने नेपाल में हुए सम्मेलन में खेल प्रतियोगिता आयोजित कराने की घोषणा की थी। इस इवेंट को भारत में पहली बार 2021 में आयोजित करना था, लेकिन इसे कोरोना के चलते स्थगित करना पड़ा। अब इस चैंपियनशिप का आयोजन कराया जा रहा है।

## अमेरिका में क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे:पोंटिंग



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग अब अमेरिका में क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे। वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट के आगामी सत्र के लिए रिकी पोंटिंग को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने की पुष्टि की है। एमएलसी के पहले सत्र के बाद ग्रेग शिपर्ड के पद से हटने के बाद वाशिंगटन की टीम ने पोंटिंग को यह जिम्मेदारी। बिग बैश लीग में शिपर्ड सिडनी सिक्सर्स के कोच हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए वाशिंगटन फ्रीडम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया।

# न्यूजीलैंड ने 281 रन से जीता पहला टेस्ट

**ओवल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को पहला टेस्ट 281 रन से हरा दिया। माउंट मॅन्गानुई के बे ओवल मैदान पर साउथ अफ्रीका को 529 रन का टारगेट मिला। टीम चौथे दिन तीसरे सेशन में 247 रन ही बना सकी। डेविड बेडिंघम ने 87 रन की पारी खेली। बाकी कोई बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका। न्यूजीलैंड से काइल जैमिसन ने 4 और मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट लिए। दोहरा शतक लगाने वाले रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में 2 विकेट भी लिए। टीम से केन विलियमसन ने दोनों पारियों में शतक लगाए।



न्यूजीलैंड ने डिक्लेयर की दूसरी पारी

न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। टीम ने इसी स्कोर पर अपनी पारी घोषित की और साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 527 रन का टारगेट मिला।

### 100 रन के अंदर 4 विकेट गंवाए

विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 5 ही रन के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए। एडवर्ड मूर 0 और कप्तान नील ब्रांड 3 रन बनाकर आउट हुए। 73 रन के स्कोर तक टीम ने 4 और विकेट गंवा दिए। रायनार्ड वान टोंडर 31 और जुबैर हम्जा 36 रन बनाकर आउट हो गए।

## एक नजर

### वारंट मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के फुटहरवा गांव निवासी तेजू चौहान को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान पिएसआई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था जो काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार पर जेल भेज दिया गया है।

### टंडवा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर टंडवा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद एवं संचालन एसआई ओम प्रकाश सिंह ने किया जिसमें सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने की अपील किया गया शराब पीने और बेचने वालों पर निगरानी रखने पर जोर दिया गया पुलिस गश्ती के द्वारा असामाजिक लोगों पर पर नकेल कसने पर बल दिया गया।

### डाकघर कर्मचारी शराब के नशे में गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर रेफरल अस्पताल के समीप से पुलिस गश्ती के दौरान एसआई सुदर्शन चौधरी एवं सशस्त्र बल के द्वारा पटना जिला के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के पोस्टल पार्क निवासी डाकघर कर्मचारी अनिल कुमार को शराब के नशे में पकड़ा गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति को रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के दौरान प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई किया गया।

### अवैध खनन रोकने को पुलिस ने रास्ते को जेसीबी से कटवाया

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** औरंगा बाद के खनन पदाधिकारी एवं नवीनगर थानाध्यक्ष ने बुधवार को संयुक्त रूप से अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु नबीनगर के तेतरिया सोन नदी घाट जाने वाले रास्ते को जेसीबी से कटवाया।

### सरस्वती पूजा को ले शांति समिति की बैठक

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** सरस्वती पूजा के मद्देनजर जिले के बारूण एवं टण्डवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य उपस्थित हुए।

### आधार कार्ड सेंटर बंद

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड परिसर में स्थापित आधार कार्ड सेंटर को अकारण बिना किसी सूचना के अचानक बंद कर दिया गया। इससे आधार कार्ड से वंचित लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विगत कई महीनों से आधार कार्ड का संशोधन एवं नए आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। हालांकि बीच-बीच में आधार कार्ड के नाम पर लोगों से अधिक मूल्य लिए जाने की शिकायतें मिलती रही थी।

# जिले के सभी प्रखंडों में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान की होगी शुरुआत

## 26.28 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का रखा गया है लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी 10 फरवरी से जिले के सभी प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन (आइडीए) अभियान की शुरुआत होगी। इस वर्ष पूरे जिले में 26, 28, 968 स्वस्थ लोगों को अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 10 फरवरी से शुरू होकर अगले 17 दिनों तक चलेगा। जिसमें शुरुआत के तीन दिनों तक जिले के सभी सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बूथ लगाकर आशा दीदी के द्वारा दवा खिलायी जाएगी।

उक्त दवा का सेवन सभी बच्चे मध्याह्न भोजन खाने के बाद करेंगे। इसके बाद आशा दीदी के अलावा टीम के अन्य सदस्य घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगी। उक्त बातें बुधवार को सिविल सर्जन सभागार में सीफार के द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार ने कही।

डॉ. किशोर कुमार ने बताया कि इस वर्ष पूरे जिले के सभी प्रखंडों में 26, 28, 968 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की टीम में कुल 1547 स्वास्थ्य कर्मी और आशा दीदी तथा सेविका और सहायिका शामिल रहेंगी। इसके अलावा इनकी 156 सुपरवाइजर भी बनाए गए हैं। साथ ही दवा सेवन के दौरान किसी भी प्रखंड से कोई उल्टी या मिचली तथा चक्कर देने की शिकायत मिलती है तो, उसकी निगरानी के आरआरटी टीम (रैपिड रेस्पॉन्स टीम) के सदस्य मौके पर पहुंचकर उसकी देखभाल करेंगे। इसके अलावा सीफार संस्था के द्वारा पेशेंट प्लेटफार्म सदस्य के द्वारा भी कम्युनिटी के बीच जागरूकता अभियान चलाकर दवा सेवन के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जो अभियान की सफलता के लिए काफी अहम कड़ी साबित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए मीडिया कर्मियों की भूमिका काफी अहम है। क्योंकि आपके माध्यम से सी अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। तभी हम अपने जिले से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इसलिए इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को एकजुटता के साथ काम करना है। कार्यशाला में भीडीसीओ हर्षवर्धन कुमार, पीसीआई के जिला समन्वयक विशाल कुमार चौहान, डब्ल्यूएचओ के एक्सटर्नल मानीटर मुकेश कुमार, पेशेंट प्लेटफार्म के सदस्य संजय कुमार गुप्ता, सीफार के प्रतिनिधि जफर इकबाल समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



### फाइलेरिया के प्रति जागरूकता जरूरी

जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ किशोर कुमार ने बताया फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के प्रमुख लक्षण हाथ और पैर या हाइड्रोसिल (अण्डकोष) में सूजन का होना होता है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पुष्टि होने के बाद जरूरी दवा सेवन से इसे रोका जा सकता है। इसके लिए लोगों में जागरुकता की आवश्यकता है। लोगों को फाइलेरिया के लिए जागरूक करने में मीडिया की सशक्त भूमिका होती है।

### ध्यान रखने योग्य जानकारी

- » खाली पेट दवा का सेवन नहीं किया जाना है।
- » दवा स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही खाना जरूरी है।
- » अल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खाई जानी है।
- » फाइलेरिया से सुरक्षित रहने के लिए अपने घरों के आसपास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें।
- » सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

# बांध पर नर कंकाल मिलने से फैली सनसनी, लापता युवक के परिजन डीएनए टेस्ट से करेंगे पहचान

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के शाहपुर मुहल्ला स्थित बांध से एक नर कंकाल मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गयह। कंकाल के ऊपर पड़े कपड़े से अब पहचान कराने की कोशिश शुरू की गयी है कि ये किसके शव का कंकाल है। वहीं कंकाल मिलने की बात जब फैली तो कुछ ऐसे भी लोग मौके पर पहुंचे जिनके परिजन महीनों से गायब थे। हालांकि अभीतक किसी ने भी पहचान नहीं की है। वहीं नगर थाने की पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और कंकाल को जब्त कर लिया।



### डीएनए टेस्ट से सुलझेगी पहेली

जानकारी मिलते ही रवि की मां, बुआ सहित अन्य परिजन बांध पर पहुंचे, लेकिन कंकाल को पहचानने से इंकार कर दिया। हालांकि परिजन में अभी कन्फ्यूज दिखे। अब डीएनए टेस्ट कराने की चर्चा चल रही है। नगर थाना पुलिस भी डीएनए टेस्ट के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट करेगी।

### क्रिकेट खेल रहे बच्चों की नजर कंकाल पर पड़ी

जानकारी के अनुसार, बुधवार को कुछ बच्चे बांध के पास ही क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर वहां पड़े कंकाल पर पड़ी। बच्चों ने शोर मचाकर स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने पाया कि बांध पर पड़े कंकाल के हाथ में एक ड्रिप निडिल लगा हुआ है। ऐसी आशंका जातयी जा रही है कि शायद यह व्यक्ति उस समय बीमार होगा और स्लाइन चढ़ाने के लिए उसके हाथ में ड्रिप निडिल लगाया गया होगा।

### लापता युवक के परिजन पहुंचे

इधर जानकारी मिली है कि शाहपुर मोहल्ले के किशोर सिंह उर्फ मोहर सिंह का पुत्र रवि कुमार (22 वर्षीय) तीन माह पूर्व घर से गायब हो गया था। इस मामले में परिजनों द्वारा नगर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी थी। परिजन लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे। जब शाहपुर बांध में युवक का कंकाल देखा गया तो आसपास के लोगों ने किशोर सिंह के परिजनों को भी इसकी जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि जो कंकाल पड़ा हुआ है वह शायद रवि का ही हो सकता है।

# एसडीपीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** इंटरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा 2024 को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर बुधवार को दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# पेंशनर समाज की बैठक आयोजित

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर सोखा बाबा मंदिर परिसर में पेंशनर समाज की बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता रामजन्म सिंह एवं संचालन सचिव सुखदेव प्रसाद सिंह ने किया पेंशनरों ने अपने वक्तव्य में पेंशनर समाज की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन में भारी तादाद में सदस्यों की शिरकत पर खुशी व्यक्त किया बताया गया कि 20 फरवरी को जिला में पेंशनर समाज का स्थापना दिवस है उसमें भाग लेने के लिए तथा सम्मानित होने के लिए एक व्यक्ति का नाम जिला को प्रेषित करें सचिव ने सदस्यों को यकीन दिलाया की पेंशन समाज का पेंशनर भवन विधायक फंड से बनने की प्रक्रिया चल रही है आशा करते हैं की जल्द ही उस संबंध में कार्य पूरे कर लिए जाएंगे सभी सदस्यों से सहायता राशि देने की अपील की गई साथ ही समाज में दीन दुखियों एवं बुजुर्ग लोगों की सहायता एवं सहयोग की योजना बनाई गई यह भी बताया गया की पेंशनर समाज का पेंशनरों के स्थिति को सुधारने में काफी योगदान रहा है जो हम पेंशन पा रहे हैं या उसमें जो हमें सुविधा मिल रही हैं वह सब संग संगठन का ही देन है सचिव ने लोकनाथ सिंह बारा निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि लोकनाथ बाबू जब मध्य विद्यालय नवीनगर के प्रधानाध्यापक थे तो उनकी अगुवाई में डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा मध्य विद्यालय नवीनगर में स्थापित की गई जिसका अनावरण उस समय के गवर्नर के किदवई ने किया था यह कृति लोकनाथ बाबू का ही था कि उन्होंने नवीनगर के किसी भी विद्यालय में राज्यपाल को लाने का काम किया था स्वर्गीय लोकनाथ सिंह एवं रामवृक्ष सिंह की पत्नी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान अवधेश प्रसाद सिंह हाजी मुश्ताक अहमद विष्णु प्रसाद अर्जुन भगत लखन मिस्त्री हरिद्वार सिंह दुर्गा प्रसाद सिद्धि पांडेय समेत कई अन्य लोग मौजुद थे।

# डीएम की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक, दिए कई निर्देश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 अन्तर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। बैठक में अब तक जिला में हुए धान खरीद की समीक्षा की गई। जिलान्तर्गत अबतक 51% अधिप्राप्ति की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने कार्यभारित प्रखंडों में दैनिक कार्ययोजना बनाकर समितियों के अध्यक्षों एवं संबंधित पैक्स के किसानों से समन्वय स्थापित कर सप्ताह के अन्त तक 80% अधिप्राप्ति करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों एवं उनके समितियों को यह निदेश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में समिति में क्रय किए गए धान के विरूद्ध किसानों को भुगतान 48 घंटे के अन्दर कर दिया जाए तथा किसी भी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के आवंटित समितियों में 100% से कम भुगतान नहीं होना चाहिए। उक्त बैठक में अपर समहर्त्ता ललित रंजन भूषण, अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद श्री विजयंत, वरीय उपसमाहर्ता (अधिप्राप्ति), जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री श्रीन्द्र नारायण, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, श्री विजय बहादुर सिंह, तथा दाउदनगर एवं कॉ-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह भाग लिए। इसके अतिरिक्त समीक्षा हेतु औरंगाबाद जिलान्तर्गत सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक महाप्रबंधक (सीएमआर) एवं उसना राईस मिलों के व्यवस्थापक थे।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार शराब पहुंचाने का मिला था ऑर्डर



निज संवाददाता

**कुटुम्बा (औरंगाबाद)।** उत्पाद अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्रवाई के फलस्वरूप एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 5.25 लीटर अंग्रेज़ी शराब एवं एक पल्सर बाइक जब्त किया गया है। धंधेबाज रोहतास ज़िले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बसडीहा मोड़ निवासी चंदन कुमार हैं। यह कार्रवाई कुटुंबा थाना क्षेत्र के धनीबार के समीप की हैं। बुधवार को वाहन जांच के दौरान युवक तलाशी ली गई जिसमें इसके पास से शराब बरामद किया गया। पूछताछ में धंधेबाज ने बताया कि बिक्री के लिए शराब को झारखंड के हरिहरगंज से नासरीगंज ले जा रहा है। एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की ख़रीद फरोख्त के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही हैं, इसी क्रम में आज एक धंधेबाज को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया है। शराब का सेवन परिवहन एवं बिक्री करते वालों की खैर नहीं, इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएंगी।

बिहार में बंद चीनी मिलों को चालू करने की लोकसभा में उठी आवाज, सांसद ने की मांग, कहा

# किसानों को गन्ने की कीमत का ससमय भुगतान के लिए बने कानून

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** काराकाट के सांसद महाबलि सिंह ने बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू करने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। सिंह ने बुधवार को लोकसभा के चालू बजट सत्र में यह मांग रखते हुए कहा कि बिहार में आजादी के बाद 35 चीनी मिले काम करती थी लेकिन धीरे-धीरे 26 चीनी मिले एक-एक कर बंद हो गई। बिहार में अब मात्र 9 चीनी मिलें चालू है। मैं मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि बिहार में बंद चीनी मिलों को वें चालू कराना चाहती है। सांसद के प्रश्न का उतर देते हुए खाद्य-उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि चीनी मिल लगाना केंद्र सरकार का विषय नही है। वर्ष 1998 में इसे केंद्र के विषय से बाहर कर दिया गया था। सदस्य ने ही स्वीकार किया है कि चीनी मिलों को राज्य सरकार ने ही लगाया था। मंत्री के जवाब पर सांसद ने पूरक सवाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री चीनी उद्योगों के लिए काम करने की बात कह रहे हैं। वही मंत्री महोदया कह रही हैं कि चीनी मिलें लगाना राज्य सरकार का काम है। इसके के लिए केंद्र सरकार को काम करने की जरूरत है।

कहा कि किसान अथक परिश्रम कर गन्ना का उत्पादन करते है। उन्हे सही मूल्य का भुगतान नही होता है। चीनी मिलों को गन्ना देने के बाद किसान भुगतान के लिए साल-दो साल तक चक्कर लगाते रहते है। क्या सरकार गन्ना किसानों को सही समय पर भुगतान के लिए कानून बनाने का विचार रखती है।

# पढ़ाई के दौरान बुखार से छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता




**औरंगाबाद।** पढ़ाई के दौरान अचानक गिरकर एक छात्र के मौत का मामला सामने आया है। मामला सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत ओरा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओरा की हैं। जहां बुधवार को पढ़ाई के दौरान छठी क्लास के एक छात्र की मौत हो गई। छात्र की पहचान उस गांव के संतोष प्रजापति के 13 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार ने बताया कि शिक्षक क्लाश में पढ़ा रहे थे , इसी क्रम में कुंदन पढ़ते-पढ़ते अचानक गिर गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि दो दिनों से उसे बुखार था। निजि क्लिनिक में उपचार कराया गया था। विद्यालय में अचानक पढ़ाई के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों की चित्कार से सदर अस्पताल गुंज उठा। जिला पार्षद अनिल यादव ने बताया कि परिजनों के अनुसार किशोर का उपचार चल रहा था। छात्र की मौत से विद्यालय परिवार के साथ-साथ उसके परिजन भी मर्माहत है। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। उसकी एक बहन भी है, घटना के बाद से परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# एसिक स्थापना दिवस के अवसर पर 'विशेष सुविधा समागम' का आयोजन



निज संवाददाता | पटना

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में एसिक स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत टाई-अप अस्पतालों के साथ एक प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ई। एस। आई। सी। से टाई-अप अस्पतालों के प्रतिनिधियों को यूटीआई/आईटीएसएल बिल सॉफ्टवेयर की प्रक्रिया एवं प्रावधानों का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसके उपरांत टाई-अप अस्पतालों को ईएसआईसी के मरीजों को इलाज करने में आनेवाली विभिन्न कठिनाइयों पर भी चर्चा की गयी एवं उसे दूर करने के तरीकों पर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंचदीप प्रज्ज्वलित कर क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार एवं उपस्थित अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य रूप से राज्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा सतर्कता अधिकारी, उप निदेशक (प्रशासन) एवं सहायक निदेशक (वित्त) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विस्तृत मार्गदर्शन क्षेत्रीय निदेशक द्वारा किया गया।

इसी कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार की अध्यक्षता में अपराह्न 3:00 बजे विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

# सूर्य महोत्सव : कलाकारों की 9-10 फरवरी को होगा ऑडिशन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का आयोजन 16 से 18 फरवरी 2024 को किया जाना है। जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भी प्रतिभा दिखाने का अधिक से अधिक अवसर प्रदान किया जाना है। जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। समिति की बैठक में हुए निर्णय के आलोक में स्थानीय कलाकारों का चयन ऑडिशन तथा स्क्रीनिंग के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए 9 एवं 10 फरवरी को अनुग्रह नारायण नगर भवन, में ऑडिशन का आयोजन किया गया है। देव प्रखंड के छात्र-छात्राओं तथा कलाकारों के लिए 8 फरवरी को देव प्रखंड कार्यालय में ऑडिशन का आयोजन किया गया है। इसके लिए अलग-अलग समितियां भी गठित की गई है। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थान, विद्यालय, महाविद्यालय से एक-एक सर्वोत्तम कार्यक्रम को ऑडिशन में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु संस्थान के प्रधान का अग्रसारित पत्र, परिचय पत्र एवं आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया है। बैठक में कार्यक्रम प्रदर्शन के क्रम में अनुशासन एवं कार्यक्रम की गंभीरता तथा महत्व को ध्यान रखने हेतु भी निर्देश दिया गया।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

# पूर्व विधायक की पुत्रवधु हेमलता मौर्या बेला पैक्स की अध्यक्ष निर्वाचित

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद सदर प्रखंड के बेला पैक्स के उप चुनाव के परिणाम की घोषणा हो गई है। मंगलवार को आधी रात बाद तक औरंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में हुई मतगणना के बाद निर्वाची पदाधिकारी ने सभी परिणाम घोषित किए। घोषित परिणाम के अनुसार पैक्स अध्यक्ष पद की प्रत्याशी आरजेडी के पूर्व विधायक सुरेश मेहता की पुत्रवधू हेमलता मौर्या ने जीत हासिल की है। उन्होंने 67 मतों के अंतर से अपने निकटम प्रतिद्वंदी सुनैना देवी को पराजित किया। हेमलता को 837 जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी सुनैना को 770 मत मिले। वहीं तीसरे स्थान पर रहे मंगल मेहता को मात्र 54 मतों से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा पैक्स कार्यकारिणी के 11 सदस्यों में 4 निर्विरोध जबकि 7 उप चुनाव से निर्वाचित हुए है। निर्विरोध निर्वाचितों में अनुसूचित जाति के सदस्य पद से रामप्रवेश राम, मालती देवी, अतिपिछड़ा सदस्य पद से कलावती देवी एवं एक अन्य शामिल है। इसी प्रकार सामान्य वर्ग के पद से अरविंद कुमार, उमेश कुमार, नागो देवी, अनीता देवी, प्रतिमा देवी, पिछड़ी जाति से धर्मेंद्र कुमार एवं अति पिछड़ी जाति के कार्यकारिणी सदस्य पद से शिवकुमार नोनिया निर्वाचन से निर्वाचित हुए है। वही पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद हेमलता मौर्या का पैक्स के किसान सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। उन्हे जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उनके प्रतिनिधि व पूर्व में पैक्स अध्यक्ष रहे शिवपूजन मेहता का पैक्स अध्यक्षों ने बुधवार की दोपहर सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक परिसर में जोरदार स्वागत किया। उन्हे जीत की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सहकारिता परिवार में हेमलता मौर्या का स्वागत है। मौर्या के प्रतिनिधि और नव निर्वाचित अध्यक्ष पैक्स की पूरी कार्यकारिणी के साथ कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और बेला पैक्स के सभी किसानों का ख्याल रखेंगे। वहीं पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवपूजन मेहता ने कहा कि किसानों ने जिस भरोसे के साथ हेमलता मौर्या को अपना कीमती मत देकर पैक्स अध्यक्ष बनाया है, उनका वे पूरा सम्मान करेंगे। किसानों को सरकारी दर पर ससमय खाद और बीज उपलब्ध कराना और सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की अधिप्राप्ति पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही बेला पैक्स को आत्मनिर्भर बनाने का भी प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारी नही बल्कि किसानों की जीत है। इसमे किसानों के साथ ही अन्य पैक्स अध्यक्षों खासकर कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह का बेहतर मार्गदर्शन मिला है।